सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 06 अक्टूबर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 272, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## भूटान को फिनटेक सहायता और बढ़ायेगा भारत

वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि भारत भूटान को फिनटेक सहायता बढ़ायेगा, क्योंकि पड़ोसी देश में यूपीआई और रुपे कार्ड लोकप्रिय हो रहे हैं। } 14

## वैचारिक प्रतिष्ठान है भाजपा : नड्डा

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा भारतीय जनता पार्टी केवल चुनाव लड़ने और देश पर शासन करने वाली राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि एक वैचारिक प्रतिष्ठान है। } 16

### चतुर्थ-कूष्माण्डा



सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्माण्डा शुभदास्तु मे॥
दुर्गा जी के चौथे स्वरूप का नाम कूष्माण्डा है।अपनी मंदहल्की हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्मद्वाण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से जाना जाता है।

# एग्जिट पोल : हरियाणा में कांग्रेस की जीत के आसार

○ जम्मू-कश्मीर में खंडित जनादेश मिलने का अनुमान ○ सरकार गठन में क्षेत्रीय पार्टियों की रहेगी अहम भूमिका

हरियाणा एग्जिट पोल 2024

**पोल ऑफ पोल्स (हरियाणा)**

कुल सीट : 90 | बहुमत : 46

| सर्वे एजेंसी | N.D.A भाजपा+ | I.N.D.I.A कांग्रेस+ | अन्य |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 19-29 | 44-54 | 1-9 |
| टाइम्स नाउ | 22-32 | 50-64 | 2-8 |
| इंडिया टुडे-सी-वोटर्स | 20-28 | 50-58 | 10-14 |
| मनी कंट्रोल | 24 | 55 | 8 |
| रिपब्लिक भारत-मैट्रिज | 18-24 | 55-62 | 1-11 |
| जिस्ट-टीआई रिसर्च | 29-37 | 45-53 | 0-6 |
| ध्रुव रिसर्च | 27-32 | 57-64 | 5-11 |
| सीएनएन 24 | 21 | 59 | 10 |
| पीपुल्स पल्स | 26 | 55 | 1-5 |
| डेटाअंश-रेड माइक | 20-25 | 50-55 | 0-4 |
| रिपब्लिक टीवी-पी-मार्क | 27-35 | 51-61 | 3-6 |
| न्यूज-24 चाणक्य | 18-24 | 55-62 | 2-5 |
| पोल ऑफ पोल्स | 27 | 56 | 7 |

**हरियाणा विधानसभा चुनाव**

सीटें - 90, बहुमत-46

**टाइम्स नाउ-मैट्रिज ओपिनियन पोल**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 37-42 |
| कांग्रेस | 33-38 |
| जेजेपी | 3 8 |
| अन्य | 7-12 |

**जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव**

सीटें - 90, बहुमत-46

**लोक पोल ओपिनियन सर्वे**

| | |
|---|---|
| कांग्रेस-NC | 51-56 |
| भाजपा | 23-26 |
| PDP | 4-8 |
| अन्य | 3-7 |

एग्जिट पोल 2024

**पोल ऑफ पोल्स (जम्मू-कश्मीर)**

कुल सीट : 90 | बहुमत : 46

| सर्वे एजेंसी | भाजपा+ | नेशनल कॉन्फ्रेंस+ कांग्रेस | पीडीपी | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 20-25 | 35-40 | 4-7 | 12-18 |
| इंडिया टुडे-सी-वोटर्स | 27-32 | 40-48 | 6-12 | 6-11 |
| रिपब्लिक भारत-मैट्रिज | 25 | 27 | 28 | 7 |
| रिपब्लिक TV - P मार्क | 28-30 | 31-36 | 5-7 | 8-16 |
| न्यूज 24-चाणक्य | 23-27 | 46-50 | 7-11 | 4-6 |
| पीपुल्स पल्स | 23-27 | 46-50 | 7-11 | 4-6 |
| मनी कंट्रोल | 26 | 40 | 7 | 17 |
| पोल ऑफ पोल्स | 26 | 39 | 12 | 11 |

एजेंसी

नयी दिल्ली। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न होने के बाद आए ज्यादातर एग्जिट पोल (चुनाव बाद सर्वेक्षण) में यह संभावना जताई गई है कि कांग्रेस पूर्ण बहुमत की सरकार बना सकती है। दूसरी तरफ अधिकतर एग्जिट पोल ने जम्मू-कश्मीर में खंडित जनादेश का अनुमान व्यक्त किया है। हरियाणा में शनिवार को सभी 90 सीट के लिए मतदान संपन्न हुआ। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में सभी 90 सीट के लिए मतदान हुआ था। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। रिपब्लिक-मैट्रिज के एग्जिट पोल में हरियाणा में कांग्रेस को 55-62 सीट तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 18-24 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है। इस सर्वेक्षण में यह भी कहा गया है कि इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) को तीन से छह तथा जननायक जनता पार्टी (जजपा) को शून्य से तीन सीट मिल सकती हैं तथा अन्य के खाते में दो से पांच सीट जा सकती हैं। दैनिक भास्कर के सर्वेक्षण के अनुसार, हरियाणा में कांग्रेस को 44-54 सीट तथा भाजपा को 19-29 सीट मिल सकती है। इनेलो को एक से पांच तथा अन्य को चार से छह सीट मिलने का अनुमान है। इंडिया टुडे-सी वोटर के एग्जिट पोल में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस का गठबंधन जम्मू-कश्मीर में बहुमत के करीब पहुंच सकता है। इस गठबंधन को 40-48 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है तथा भाजपा के खाते में 27-32 सीट जाने की संभावना जताई गई है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को छह से आठ सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है। रिपब्लिक-मैट्रिज के एग्जिट में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा को 28-30 सीट मिल सकती हैं तथा नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन के खाते में 31-36 सीट ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश, गिरफ्तार

बांदा। ललितपुर जिले के जखौरा थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन पर लोहे का सरिया रखकर ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने शनिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ललितपुर के पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक ने शनिवार को बताया कि देलवारा रेलवे स्टेशन के अधीक्षक ने शुक्रवार को जखौरा थाना पुलिस में एक शिकायत दर्ज करवाई थी कि बृहस्पतिवार की रात अज्ञात व्यक्ति ने रेलवे लाइन पर लोहे का सरिया रखकर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकी ढेर

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। भारतीय सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया है। कोर ने इससे पहले सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि सैनिकों ने कुपवाड़ा के गुगलधार में संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद कार्वाई शुरू की तो दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई।

## मस्जिद की अनाधिकृत मंजिलें गिराने का आदेश

शिमला। शिमला नगर निगम आयुक्त ने शनिवार को संजौली मस्जिद के ऊपरी तीन अनधिकृत मंजिलों को गिराने का आदेश दिया और वक्फ बोर्ड को आदेश लागू करने के लिए दो महीने का समय दिया। मुस्लिम कल्याण समिति ने एक ज्ञापन में मस्जिद की अनधिकृत मंजिलों को स्वयं गिराने की पेशकश की थी। आयुक्त कार्यालय के मुताबिक, मस्जिद की अनधिकृत मंजिलों को गिराने का काम वक्फ बोर्ड के खर्च पर किया जाएगा। वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता बीएस ठाकुर ने बताया कि आयुक्त कार्यालय शेष दो मंजिलों (भूतल और प्रथम तल) के संबंध में अगली सुनवाई 21 दिसंबर को करेगा। हिंदू संगठन, मस्जिद में अनधिकृत निर्माण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर अवैध मंजिलों को गिराने की मांग कर रहे हैं।

# हरियाणा चुनाव : 62 फीसद से अधिक मतदान

एजेंसी



चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को मतदान खत्म हो गया। राज्य में एक ही चरण में सभी 22 जिलों की 90 सीटों के लिए वोटिंग हुई। इसके साथ प्रदेश में उतरे 1031 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई। सबसे ज्यादा सात विधानसभा सीटें हिसार जिले में रहीं। वहीं सबसे कम दो-दो सीटें पंचकूला और चरखी दादरी जिले की थीं। चुनाव आयोग के शनिवार रात साढ़े नौ बजे के आंकड़े के मुताबिक, हरियाणा में 61.59 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मतदान की सबसे तेज रफ्तार यमुनानगर जिले में देखी गई। यहां 69.91 फीसदी लोगों ने वोट डाला। वहीं मतदान की सबसे धीमी रफ्तार गुरुग्राम में रिकॉर्ड की गई। यहां महज 49.97 फीसदी लोगों ने वोट डाला। हालांकि, चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों में मतदान प्रतिशत बदल सकता है। 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में कुल 67.92 फीसदी मतदान हुआ था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से हो रही है। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया सुबह सात बजे प्रारंभ हुई और अपराह्न एक बजे तक 36.69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा के अनिल विज और ओपी धनखड़, कांग्रेस के भूपेंद्र सिंह हुड्डा और विनेश फोगाट, इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के अभय सिंह चौटाला और जननायक जनता पार्टी (जजपा) के दुष्यंत चौटाला शामिल हैं। मतदान शाम छह बजे समाप्त होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। पंचकूला जिले में 25.89 और गुरुग्राम जिले में 27.70 प्रति मतदान रहा, जो अपेक्षाकृत धीमा था। अपराह्न एक बजे तक अंबाला में 39.47, भिवानी में 38.27, चरखी दादरी में 29.62, फरीदाबाद में 31.71, फतेहाबाद में 40, हिसार में 38.34, झज्जर में 36.93, जींद में 41.93, कैथल में 38.18, करनाल में 39.74, कुरूक्षेत्र में 41.05, महेंद्रगढ़ में 38.20, मेवात (नूंह) में 42.64, पलवल 41.85, पानीपत 38.24, रेवाडी 35.10, रोहतक 36.19, सिरसा 34.78, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अमेठी कांड के पीड़ितों से मिले सीएम योगी



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर अमेठी हत्याकांड के मृतकों के परिजन से मुलाकात की और उनके प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक मनोज पांडेय जी की उपस्थिति में जनपद अमेठी हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीड़ित परिजनों से भेंट की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संवेदना एवं प्रतिबद्धता के साथ शोक संतप्त परिजनों के साथ है। आश्वस्त रहें, पीड़ितों को अवश्य न्याय मिलेगा, दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। बृहस्पतिवार को अमेठी के अहोरवा भवानी ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अमेठी में चार की हत्या का आरोपी चंदन वर्मा पुलिस मुठभेड़ में घायल

जिला संवाददाता

अमेठी/रायबरेली (उप्र)। उत्तर प्रदेश के अमेठी में एक दलित परिवार के चार सदस्यों की हत्या का आरोपी शनिवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब शिवरतनगंज थाने के उपनिरीक्षक मदन कुमार सिंह आरोपी चंदन वर्मा की निशानदेही के आधार पर नहर पटरी के पास मिली पिस्तौल अपने कब्जे में ले रहे थे। पुलिस ने एक बयान में कहा कि जब सिंह पिस्तौल और उसकी मैगजीन का निरीक्षण कर रहे थे तभी आरोपी वर्मा ने सिंह की पिस्तौल छीन ली और जान से मारने की नीयत से उन पर गोली चला दी। बयान में कहा गया कि इसके बाद पुलिस निरीक्षक सच्चिदानंद राय ने बचाव में गोली चलाई, जो वर्मा के दाहिने पैर में लगी। आरोपी को शुक्रवार रात नोएडा में एक टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार किया गया था। वह दिल्ली भागने की फिराक में था। बयान के अनुसार, अमेठी के अहोरवा भवानी इलाके में सरकारी स्कूल शिक्षक सुनील कुमार (35), उनकी पत्नी पूनम (32) और दो बेटियों दृष्टि (छह) व सुनी (एक वर्ष) की बृहस्पतिवार शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पूनम ने वर्मा पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल एक देसी पिस्तौल ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कांग्रेस को चला रहा है अर्बन नक्सल का गिरोह

## पीएम मोदी ने की महाराष्ट्र में 23 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत, मेट्रो को दिखायी हरी झंडी

एजेंसी



वाशिम (महाराष्ट्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि कांग्रेस को अर्बन नक्सलियों का गिरोह चला रहा है, और उन्होंने इस पार्टी के खतरनाक एजेंडे को विफल करने के लिए लोगों से एकजुट होने की अपील की।

मोदी ने कांग्रेस पर गरीबों को लूटने और अपनी स्वार्थ सिद्धि वाली राजनीति को लेकर उनकी दशा बेहतर नहीं करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद, महाराष्ट्र के वाशिम जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस को लगता है कि अगर सब एक हो गए, तो देश को बांटने का उनका एजेंडा नाकाम हो जाएगाउ उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस सिर्फ लूटना जानती है। कांग्रेस गरीब को गरीब बनाकर रखना चाहती है। कमजोर और गरीब भारत, कांग्रेस को, उसकी राजनीति को बहुत सूट करता है।इसलिए, आप सभी को कांग्रेस से बहुत सावधान रहना है। आज कांग्रेस को पूरी तरह से अर्बन नक्सलियों का गिरोह चला रहा है। उन्होंने कहा ये (कांग्रेस) हमें आपस में लड़वाना चाहते हैं। पूरा देश देख रहा है, कांग्रेस के खतरनाक एजेंडों को किसका समर्थन मिल रहा हैउ जो लोग भारत को आगे बढ़ने से रोकना चाहते हैं, वे इन दिनों कांग्रेस के सबसे करीबी दोस्त हैंउ इसलिए, यह समय एक होने का है। उन्होंने कहा हाल में, दिल्ली में हजारों करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किये गए। कांग्रेस के एक नेता पर इसका सरगना होने का संदेह है। कांग्रेस युवाओं को नशे की लत में धकेल कर उस पैसे से चुनाव लड़ना और जीतना चाहती है। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की सोच शुरू से ही विदेशी रही है। उन्होंने कहा, अंग्रेजी (ब्रिटिश) हुकूमत की तरह ही कांग्रेस परिवार भी दलित, पिछड़ा, आदिवासियों को अपने बराबर नहीं मानता। इन्हें लगता है कि भारत पर एक परिवार की ही हुकूमत रहनी चाहिए, क्योंकि अंग्रेज उन्हें ये हक देकर गए थेउ इसीलिए, इन लोगों ने बंजारा समाज के प्रति हमेशा अपमानजनक रवैया बनाए रखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंजारा समाज ने ऐसे कितने ही संत दिये, जिन्होंने भारत की आध्यात्मिक चेतना को असीम ऊर्जा दी। यह समुदाय भारत की संस्कृति और परम्पराओं को सहेजता ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

अधिकतम : 43.06 डिसे.
न्यूनतम : 29.04 डिसे.

**भीतर पढ़ें**

○ प्राकृत भाषा को मिला शास्त्रीय भाषा का दर्जा (पृष्ठ-02)
○ समूहों के उत्पादों से सज रहे मां के दरबार (पृष्ठ-02)
○ स्पाइसजेट के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी (पृष्ठ-14)
○ इंडिगो की प्रणाली में व्यवधान यात्री हुए परेशान (पृष्ठ-14)
○ श्रीलंका ने सॉवरेन बॉन्डधारकों से किया समझौता (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** पिछले वर्ष रक्षा पूंजीगत खरीद बजट में से लगभग 90 प्रतिशत का उपयोग स्वदेशी प्रणालियों पर किया : डीआरडीओ

# रक्षा उद्योग में अग्रणी निर्यातक बन रहा भारत

एजेंसी



छत्रपति संभाजीनगर (महाराष्ट्र)। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अध्यक्ष समीर वी कामत ने शनिवार को यहां कहा कि भारत 10 वर्षों में रक्षा उपकरणों के अग्रणी निर्यातकों में शामिल हो जाएगा और आयात घटकर पांच से दस प्रतिशत रह जाएगा।

कामत ने कहा कि देश का रक्षा आयात घट रहा है और पिछले वर्ष रक्षा पूंजीगत खरीद बजट में से लगभग 90 प्रतिशत का उपयोग स्वदेशी प्रणालियों पर किया गया। छत्रपति शाहू इंजीनियरिंग कॉलेज में मराठवाड़ा एक्सेलेरेटर फॉर ग्रोथ एंड इनक्यूबेशन काउंसिल की ओर से आयोजित उत्कृष्टता के लिए रक्षा नवाचार चुनौती (डीआईसीई) कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, यह सच है कि 10 साल पहले, हम रक्षा प्रणालियों के आयातक देशों में अग्रणी थे। लेकिन अगर हम पिछले साल के आंकड़ों पर गौर करें तो हमारे पूंजीगत खरीद बजट में से करीब 90 प्रतिशत का इस्तेमाल स्वदेशी प्रणालियों पर किया गया। एक देश सब कुछ नहीं बना सकता। इसलिए, पांच से 10 प्रतिशत (आयात) बना रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत 10 वर्षों में रक्षा उपकरणों के अग्रणी निर्यातकों में शामिल हो जाएगा। कार्यक्रम के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वीएसएचओआरएडीएस मिसाइल का सफल परीक्षण

नयी दिल्ली। भारत ने राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में बहुत ही कम दूरी की वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली के तीन सफल परीक्षण किये। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय सेना को वीएसएचओआरएडीएस (वेरी शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम) की चौथी पीढ़ी के सफल परीक्षण के लिए बधाई दी। सिंह के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स के आधिकारिक हैंडल से जारी पोस्ट में कहा, डीआरडीओ ने पोखरण से चौथी पीढ़ी की तकनीकी रूप से उन्नत लघु हथियार प्रणाली वीएसएचओआरएडीएस के तीन उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किए ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बंगाल : नाबालिग का मिला शव, फूंकी पुलिस चौकी, वाहनों में की तोड़फोड़

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में शनिवार को 10-वर्षीय एक लड़की का शव मिला, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने वहां एक पुलिस चौकी में आगजनी करने के अलावा वाहनों में तोड़फोड़ भी की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शुक्रवार शाम से लापता नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी गई तथा पुलिस ने उनकी शिकायत पर तत्काल कार्वाई नहीं की। जयनगर इलाके की दलदली भूमि से शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने जैसे ही लड़की का शव बरामद किया, भीड़ ने पुलिस चौकी में आग लगा दी और पुलिसकर्मियों पर पथराव किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने चौकी के बाहर खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ भी की और पुलिसकर्मियों को परिसर छोड़ने पर मजबूर कर दिया। इलाके में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को भेजा गया और एसडीपीओ एवं अन्य पुलिसकर्मियों को मौके पर ही रोकने की कोशिश कर रही भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए। एक स्थानीय व्यक्ति ने दावा किया, लड़की के परिजनों ने इलाके के महिसमारी चौकी में प्राथमिकी दर्ज कराई।

# अयोध्या के कुम्हारों के जीवन में 'दीप' जला रही योगी सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**अयोध्या/लखनऊ।** रामनगरी के दीपोत्सव ने अयोध्या के कुम्हारों का जीवन बदल दिया है। कभी रोजी-रोटी के लिए परेशान दिखने वाले कुम्हार अब दीपोत्सव के दौरान ही एक-एक लाख रुपये कमा लेते हैं। दीपोत्सव शुरू होने के बाद कुम्हार परिवार के युवा बाहर जाने के बजाय अब इलेक्ट्रिक चाक घुमाना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। जयसिंहपुर गांव में दीपोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू हो गई हैं।

- **कभी कमाते थे 20 से 25 हजार, अब दीपोत्सव में ही बन जाते हैं लखपति**
- **आठवें दीपोत्सव में 25 लाख दीयों के प्रज्ज्वलन का है लक्ष्य**
- **जयसिंहपुर गांव के 40 कुम्हार परिवार बना रहे दीपोत्सव के लिए दीये**

2017 में प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनते ही सर्वप्रथम अयोध्या को सजाने-संवारने का बीड़ा उठाया। इसके बाद भगवान राम के वनवास से लौटकर आने की खुशी में मनाई जाने वाली दीवाली ओर दीपोत्सव कराने का ऐलान कर दिया। हर वर्ष राम की पैड़ी पर इसका आयोजन होता है। इस दौरान लाखों की संख्या में दीप प्रज्ज्वलित होते हैं। दीयों की खरीदारी के लिए भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले के कुम्हारों को वरीयता दी। नतीजा यह है कि इन वर्ष दीपोत्सव का आठवां संस्करण होने जा रहा है। कुम्हारों ने बड़ी संख्या में दीयों को बनाने का काम शुरू कर दिया है। इस बार रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि आठवां दीपोत्सव और भी भव्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने 25 लाख दीपों का जलाने का ऐलान किया है।



**जलने हैं 25 लाख दीये, जुटा हुआ है परिवार :** अयोध्या के विद्याकुण्ड के निकट स्थित जयसिंहपुर गांव में बड़े स्तर पर कुम्हार दीयों को बनाने में जुटे हुए हैं। यहां का 40 परिवार दीपोत्सव के लिए दीप बना रहा है। उनका मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका जीवन बदल दिया। दीपोत्सव में बिक्री होती ही है, लेकिन स्थानीय कुम्हारों के लिए की गई अपील के बाद लोग मिट्टी के दीयों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**30 से 35 हजार दीये बेच देते हैं: लक्ष्मी :** जयसिंहपुर गांव की लक्ष्मी प्रजापति बताती हैं कि योगी सरकार की योजना ने हमारे घर को रोशन कर दिया है। दीपोत्सव में दीये बनाने का ऑर्डर मिलते ही पूरा परिवार जुट जाता है। 30 से 35 हजार दीये बनाकर बेचे जाते हैं।

**सीएम के ऐलान के बाद बढ़ी आमदनी: राकेश :** जयसिंहपुर गांव के राकेश प्रजापति बताते हैं कि अभी हमें ठेका नहीं मिला है, लेकिन विगत वर्षों में मिले आर्डर को देखते हुए हम लोगों ने दीये बनाने शुरू कर दिए हैं। सीएम के ऐलान के बाद हमारी आमदनी बढ़ी है।

**पहले लोग चाइना की झालर से सजाते थे घर: आशा :** गांव की आशा बताती हैं कि हम लोग हर वर्ष 20 से 25 हजार दीये बनाकर दीपोत्सव के लिए देते हैं। दीपोत्सव शुरू होने के बाद शहर के लोग दीयो से अपना घर सजाते हैं। नहीं तो लोग चाइना की झालरों का प्रयोग करते थे। **सीएम योगी ने दिलाई प्रजापतियों को पहचान: राजेश :** गांव के राजेश प्रजापति ने बताया कि ये सीएम योगी की ही देन है कि दीपोत्सव के बाद से प्रजापति की भी पहचान हो गई है। नहीं तो हमें कोई पहचानता नहीं था। अभी टेंडर नहीं हुआ है, लेकिन हम लोगों ने अब तक 2 लाख से अधिक दीप तैयार कर लिए हैं। **शुरू हो चुका है दीपोत्सव का काउंट डाउन :** आठवें दीपोत्सव का काउंट डाउन शुरू हो चुका है। अब सिर्फ कुछ ही दिन बचे हैं। उसके बाद अयोध्या नगरी एक नया कीर्तिमान रच देगी। दीपोत्सव को लेकर प्रशासनिक तौयारियाँ शुरू हो गई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा अवध विश्वविद्यालय प्रशासन और वहां के छात्र भी जुट गए हैं।

### दीपोत्सव में कब कितने दीप जले

| सन | दीप |
|---|---|
| 2017 | 1.71 लाख |
| 2018 | 3.01 लाख |
| 2019 | 4.04 लाख |
| 2020 | 6.06 लाख |
| 2021 | 9.41 लाख |
| 2022 | 15.76 लाख |
| 2023 | 22.23 लाख |

# समूहों के उत्पादों से सज रहे मां के दरबार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर उनके नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित हो रहे समूहों द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों से त्योहारों में रौनक लाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के इन परिवारों में आमदनी के जरिए खुशियां लाने का अनूठा प्रयास किया जा रहा है उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवरात्रि, दशहरा एवं दीपावली के पावन अवसर पर हजारों समूह की लाखों दीदियों द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाए जा रहे हैं। नवरात्रि के पावन पर्व पर माता की मूर्ति और चुनरी से लेकर के धूप ,दीप ,सिंदूर, रोली, दोना पत्तल , परिधान,अगरबत्ती, हवन सामग्री, प्रसाद आदि सामग्री भारी मात्रा में समूहों द्वारा ही बनाए जा रही हैं। विभिन्न जिलों में समूह द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों के गिफ्ट हैपर भी तैयार किया जा रहे हैं ,जिनसे ग्रामीण एवं शहरी बाजारों में एक नई तरह की रौनक आएगी।

- **समूह में महिलाएं बना रही है गाय के गोबर से लक्ष्मी- गणेश की मूर्ति एवं दिये**
- **समूह के बने गिफ्ट हैंपर से सजेंगे बाजार**

समूह द्वारा तैयार किया जा रहे गिफ्ट हैपर लोगों को भेंट स्वरूप देने मे जहां उपभोक्ताओं में उत्सुकता है, वहीं आम जनमानस में समूहों के उत्पादों की अधिक से अधिक बिक्री हेतु संदेश भी जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्वंय सहायता समूहों की दीदियों को लखपति दीदी बनाने तथा उन्हें स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार हर स्तर पर उन्हें प्रोत्साहन दे रही है। मिशन शक्ति व महिला सशक्तिकरण की दिशा में आजीविका मिशन के कार्य निःसन्देह सराहनीय हैं। विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प व विजन को मूर्तरूप देने में आधी आबादी की पूरी भूमिका व भागीदारी होगी। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक दीपा रंजन मिशन द्वारा बताया गया कि यह भी प्रयास किया जा रहा है कि समस्त जिलों के सभी धार्मिक स्थलों एवं मुख्य बाजारों में समूह की दुकानों के लिए उचित स्थान दिलाया जाए एवं विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्मों जैसे - अमेजॉन फ्लिपकार्ट आदि के माध्यम से भी समूह के उत्पादों की अधिक से अधिक संख्या में बिक्री कराई जाए।

# राजनैतिक दल हर बूथ पर एक बीएलए नियुक्त करें: नवदीप रिणवा

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने की मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शुक्रवार को प्रदेश स्तरीय मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) और समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का अनुपालन कराने, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची की अपडेट करने में राजनैतिक दलों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा की गयी। साथ ही राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव भी लिये गये।

- **मतदाता सूची सुधार और जागरूकता पर दिया जोर**
- **सभी राजनैतिक दल मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने स्तर पर भी अभियान चलायें**




मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से आग्रह किया कि वे मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अपने स्तर पर भी अभियान चलाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राजनैतिक दल हर बूथ पर एक बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) नियुक्त करें ताकि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि को दूर किया जा सके। उन्होंने बताया कि बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ) के नाम और मोबाइल नंबर मतदान केंद्रों पर प्रदर्शित किए जाएंगे ताकि मतदाताओं को किसी भी जानकारी की जरूरत होने पर आसानी से संपर्क किया जा सके। विशेष अभियान तिथियों के दौरान सभी बूथ स्तर अधिकारी (बीएलओ) अपने मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहेंगे। उनके पास मतदाता सूची और सभी आवश्यक फॉर्म (जैसे- फॉर्म 6, 7 और 8) उपलब्ध होंगे, ताकि मतदाता अपने नाम जोड़ने, हटाने या सुधारने संबंधी कार्यवाही कर सकें। इसके अलावा, निवास परिवर्तन के लिए अब फॉर्म-6 के बजाय फॉर्म-8 का उपयोग करने की प्रक्रिया भी स्पष्ट की गई।बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर होने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 29 अक्टूबर को किया जायेगा। 28 नवम्बर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी। 09, 10, 23 और 24 नवम्बर विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित है। 24 दिसम्बर तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण करते हुए मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जाएगा। अर्हक तिथियों के बारे में भी चर्चा करते हुए बताया गया कि 01 अप्रैल, 01 जुलाई व 01 अक्टूबर 2025 को अर्ह होने वाले मतदाताओं के केवल फार्म-6 लिए जाएंगे, जिन पर अर्हता की निर्धारित तिथि के पश्चात नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में यह भी बताया कि पुनरीक्षण पूर्व गतिविधियों के अन्तर्गत बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से चलाये गये घर-घर सत्यापन के अन्तर्गत चिन्हित किए गए मृतक/शिफ्टेड/रिपीटेड मतदाताओं के संबंध में फार्म-7 के माध्यम से कार्यवाही की गयी।मतदाता सूची में संशोधन या नामांकन के लिए मतदाता अपने मोबाइल नंबर का उपयोग करके भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन वेब पोर्टल पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके अलावा, श्ङ्कड्ढ३ी१ ल्ही'स्त्र'ल्ली अस्त्रस्त्र भी मोबाइल पर डाउनलोड कर मतदाता आसानी से सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# भाजपा सरकार महंगाई रोकने में विफल : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार महंगाई रोक पाने में पूरी तरह से विफल है। आज जनता खाने पीने की चीजों दाल, तेल, आटा से लेकर सब्जी, दूध सबके दाम आसमान छू रहे हैं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने महंगाई रोकने के लिए जनता से झूठे वादे किये।



उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव के समय वोट लेने के लिए जो भी वादे करती है, सत्ता में आने के बाद ठीक उसके विपरीत आचरण करती है। आम जनता महंगाई से त्रस्त है। पिछले दिनों एक बार फिर व्यवसायिक गैस सिलेण्डर के दाम बढ़ गए। तेलों, दालों और अन्य खाद्य सामाग्री के दाम बढ़ने से सबसे ज्यादा असर गरीब, मध्यम वर्ग के परिवारों पर पड़ रहा है। उनके लिए घर चलाना मुश्किल हो रहा है। भाजपा सरकार में काला बाजारी और मुनाफा खोरी चरम पर है। किसान के खेत से पांच रुपये किलो बिकने वाला आलू आज 40 रुपये किलो मिल रहा है। इसी तरह से प्याज, लहसुन, टमाटर के दाम कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर मुनाफाखोरी को प्रश्रय दे रही है। किसान को सही दाम नहीं मिल रहा है लेकिन बिचौलिये मुनाफा कमाकर मालामाल होते जा रहे हैं। आम आदमी इस महंगाई और मुनाफाखोरी में लुट रहा है। सत्ता के संरक्षण में मुनाफाखोर जनता को लूट रहे हैं। सरकार सब कुछ जानते हुए भी चुपचाप तमाशा देख रही है और भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रही है।

# प्राकृत भाषा को मिला शास्त्रीय भाषा का दर्जा

## केंद्रीय मंत्रिमंडल का ऐतिहासिक फैसला, प्राचीन धरोहर को मिली नयी पहचान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में प्राकृत भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा प्रदान करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस फैसले के तहत प्राकृत के साथ मराठी, पाली, असमिया और बांग्ला भाषाओं को भी शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया है। प्राकृत, जो मध्य इंडो-आर्याई भाषाओं के समूह में शामिल है, भारत की समृद्ध भाषाई और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने में अहम भूमिका निभाती है। इस मान्यता के माध्यम से प्राकृत के ऐतिहासिक और साहित्यिक योगदान को एक नई पहचान मिली है, जिससे इस भाषा का अध्ययन और संरक्षण नए सिरे से संभव होगा।

**शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने का महत्व :** प्राकृत को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिलने से इसकी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्ता को व्यापक रूप से पहचाना जाएगा। इस मान्यता के माध्यम से प्राकृत भाषा के अध्ययन और संरक्षण के लिए सरकारी स्तर पर नई योजनाओं को लागू किया जाएगा, जिससे इसके साहित्य और अभिलोखीय धरोहर को संरक्षित किया जा सके। साथ ही, प्राकृत के अध्ययन को बढ़ावा देने और इसके साहित्यिक योगदान को पुनर्जीवित करने के लिए शैक्षिक संस्थानों में भी इसके पाठ्यक्रमों को शामिल करने के प्रयास किए जाएंगे। इसके माध्यम से प्राचीन भारतीय संस्कृति और सभ्यता के महत्वपूर्ण पहलुओं को समझने का एक नया दृष्टिकोण मिलेगा, जो वर्तमान और भविष्य के लिए भी उपयोगी साबित होगा।

- **प्राकृत भाषा न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण थी, बल्कि क्षेत्रीय साहित्य में भी इसका गहरा प्रभाव रहा**

**प्राकृत भाषा का ऐतिहासिक महत्व :** प्राकृत भाषा की प्राचीनता और इसके साहित्यिक योगदान को विद्वानों और भाषा विज्ञानियों ने व्यापक रूप से स्वीकार किया है। आचार्यों जैसे पाणिनि, चंद, वररुचि और समंतभद्र ने प्राकृत के व्याकरणिक ढांचे को निर्धारित करने में योगदान दिया। प्राकृत का प्रभाव भारतीय इतिहास में उस समय भी था, जब महात्मा बुद्ध और महावीर ने अपने उपदेश इसी भाषा में दिए थे।

इसके माध्यम से उनके विचार समाज के सभी वर्गों तक प्रभावी रूप से पहुँच पाए। प्राकृत भाषा न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण थी, बल्कि क्षेत्रीय साहित्य में भी इसका गहरा प्रभाव रहा। इसमें काव्य, नाट्य और दार्शनिक विचारों की अभिव्यक्ति ने खगोल विज्ञान, गणित, भूविज्ञान, रसायन विज्ञान और वनस्पति विज्ञान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी योगदान दिया।

**प्राकृत भाषा में अभिलेख और साहित्य:** प्राकृत भाषा में लिखे गए अभिलेख भारतीय इतिहास के अध्ययन के महत्वपूर्ण स्त्रोत माने जाते हैं। मौर्य काल के अभिलेख, विशेषकर सम्राट अशोक और खरवेल के शिलालेख, प्राकृत में ही लिखे गए थे। इससे यह स्पष्ट होता है कि उस समय प्राकृत का व्यापक रूप से उपयोग होता था। इस भाषा की साहित्यिक धरोहर में जैन और बौद्ध परंपराओं के महत्वपूर्ण ग्रंथ शामिल हैं, जो न केवल धार्मिक ज्ञान का भंडार हैं, बल्कि भारतीय इतिहास, कला और संस्कृति के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आचार्य भरत मुनि ने अपने प्रसिद्ध ग्रंथ 'नाट्यशास्त्र' में प्राकृत को भारतीय जनमानस की भाषा माना, जो कलात्मक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक विविधता से समृद्ध है।

# सभी जिलों में नवंबर माह में होगा कैरियर मेले का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है।राज्य के सभी जनपदों में नवंबर माह के दौरान कैरियर मेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को करियर के विभिन्न विकल्पों के प्रति जागरूक करना, शिक्षा एवं रोजगार के नए अवसरों की जानकारी प्रदान करना है।कैरियर मेले में छात्रों को उनकी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार उचित कैरियर चुनने में मदद की जाएगी।

मेले में विभिन्न शैक्षणिक संस्थान, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, निजी और सरकारी क्षेत्र के प्रतिष्ठित नियोक्ता भी भाग लेंगे। यहां पर करियर विशेषज्ञ युवाओं को उनके शैक्षिक और व्यावसायिक विकल्पों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे और उन्हें उच्च शिक्षा एवं रोजगार के विभिन्न अवसरों से अवगत कराएंगे।प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने इस कैरियर मेले को युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर बताया है। उन्होंने कहा कि कैरियर मेला युवाओं के लिए अपने भविष्य की योजनाओं को सशक्त बनाने और सही दिशा में कदम बढ़ाने का एक बेहतरीन मंच होगा। उन्होंने सभी युवाओं से अपील की है कि वे इन मेलों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और इसका लाभ उठाएं।राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को कैरियर मेले के सफल आयोजन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निदेशों के अनुसार, नवंबर माह में प्रत्येक जनपद में कैरियर मेले का आयोजन किया जाएगा, जहां विभिन्न कैरियर संभावनाओं की तलाश एवं जागरूकता के लिए एक मंच उपलब्ध होगा।कैरियर मेले में नोडल शिक्षक, सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, डॉक्टर, इंजीनियर, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी, सफल व्यवसायी, और अन्य विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे।

# हर योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओ को आत्मनिर्भर, स्वावलम्बी बनाने की दिशा में तथा युवा सम्मेलन व ग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी आश्रम, शुकतीर्थ विधानसभा मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर में किया गया।

- **सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में लगातार युवाओ को आगे बढाने का मौका दिया जा रहा है**
- **उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को किया लाभान्वित**




उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम चौपाल में अपने सम्बोधन में कहा कि केन्द्र व उत्तर प्रदेश में जबसे भाजपा की सरकार आयी, तब से देश व उप्र में विकास हुआ है, और लगातार विकास हो रहा है। उन्होने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाए जैसे- किसान सम्मान निधि योजना ,महिला सशक्तीकरण , प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड, कौशल विकास योजना आदि योजनाओ का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थियो को देकर उन्हे लगातार लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा किसी भी व्यक्ति के साथ कोई भेदभाव नही किया जा रहा है, सबको एक समान अवसर प्रदान किये जा रहे है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री देश को 2047 तक एक विकसित देश बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहें हैं। कहा कि सरकार हर योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति को दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार आपके द्वार पर चौपाल के माध्यम से आपकी समस्या एवं निराकरण के लिये उपस्थित है। केन्द्र व प्रदेश सरकार सबका साथ -सबका विकास के मूल मन्त्र के साथ कार्य कर रही हैं और योजनाओ को धरातल पर लाने का कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि सडक निर्माण कार्य को प्रगति व सडको का चौडीकरण किया जा रहा है। सरकार द्वारा शुकतीर्थ में गंगा की अविरल धारा लाने का कार्य भी किया गया है। सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में लगातार युवाओ को आगे बढाने का मौका दिया जा रहा है, और जीते गये खिलाडियो को नौकरी के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में मंत्री विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागअनिल कुमार,राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार )व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग कपिल देव अग्रवाल, राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण ी गिरीश चन्द यादव ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। उप मुख्यमंत्री ने टैबलेट वितरण किया, 11 विद्युत सखी को विद्युत बिल प्रिंटिंग मशीन, 4 स्वयं सहायता समूहो को सीसीएल कैश क्रेडिट लिकेज 24 लाख का डैमो चैक प्रदान किया गया, 03 लाभार्थियो को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत चांबी सौपी गई।पंजाबी धर्मशाला में विभिन्न विभागो एवं स्वयं सहायता समूहो द्वारा बनाये गये उत्पादो के स्टालो का भी उप मुख्यमंत्री द्वारा अवलोकन किया गया एवं उत्पादो के बारे में जानकारी भी प्राप्त की गई। मंच का संचालन बाल कल्याण समिति के डा. राजीव कुमार द्वारा किया गया।कार्यक्रम में एमएलसी वन्दना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. संजीव बालियान, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, सुधीर सैनी, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, अपर जिलाधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वि/रा गजेन्द्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप, संदीप मलिक,अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# लोको निरीक्षकों ने कहा- ट्रेनों के चलाने में कवच से काफी मदद मिलेगी

**लखनऊ।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपनी नासिक यात्रा के दौरान मुख्य लोको निरीक्षकों के साथ बातचीत की। ये लोको निरीक्षक नासिक के भारतीय रेल विद्युत इंजीनियरिंग संस्थान में प्रशिक्षण ले रहे थे। रेलमंत्री ने लोकोमोटिव परिचालन के आधुनिकीकरण और भारतीय रेलवे पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने से संबंधित विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

- **रेल मंत्री ने मुख्य लोको निरीक्षकों के साथ बातचीत की**

श्री वैष्णव ने मुख्य लोको निरीक्षकों के साथ सामान्य रूप से उनके प्रशिक्षण अनुभवों और विशेष रूप से कवच के उपयोग के बारे में बातचीत की। मुख्य लोको निरीक्षकों ने इस बारे में अपनी अंतर्दृष्टि साझा की कि कैसे कवच प्रणाली ट्रेन संचालन के दौरान गति बनाए रखने और सुरक्षा और समयबद्धता दोनों में सुधार करने में उनका आत्मविश्वास बढ़ाती है। चर्चा आधुनिक ब्रेकिंग सिस्टम, लोकोमोटिव में नई तकनीक और प्रभावी चालक दल प्रबंधन प्रैक्टिस पर भी केंद्रित थी।भोपाल मंडल के मुख्य लोको निरीक्षक श्री एस के राठी ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ह्लजैसे इंटरलॉकिंग स्टेशन मास्टर, ट्रैकमैन के लिए पी.एस.सी. स्लीपर ट्रैक मदद करती है, वैसे ही कवच तकनीक लोको पायलटों को सुरक्षित ट्रेन संचालन में मदद करती है। इसी क्रम में, एक अन्य मुख्य लोको निरीक्षक ने कहा कि कवच तकनीक न केवल सुरक्षित ट्रेन संचालन की ओर ले जाती है, बल्कि उन्हें और उनके परिवार को तनाव मुक्त भी रखती है। कवच एस.पी.ए.डी. (सिग्नल पासिंग एट डेंजर) घटनाओं को रोकने में मदद करता है और लेवल क्रॉसिंग गेटों पर सुरक्षा सुनिश्चित करता है।रेलमंत्री ने 100 प्रतिशत वातानुकूलित रनिंग रूम और रनिंग स्टाफ के लिए बेहतर सुविधाओं दी जायेंगी।

# छात्रों से साझा की शैक्षणिक और पेशेवर विकास से संबंधित अहम जानकारियां

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** बीबीडी विश्वविद्यालय में 2024-25 के शैक्षणिक सत्र के लिए शनिवार को आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में प्रथम वर्ष के छात्रों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और छात्र जीवन से परिचित कराया गया। यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के आशीर्वाद एवं प्रेरणा से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बीबीडीयू के प्रति कुलपति प्रो. एससी शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर बीबीडीयू के डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. एसएमके रिजवी सभी डीन, फैकल्टी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

- **बीबीडीयू में नवप्रवेशित छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित**

26 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच आयोजित कार्यक्रम में लीगल स्टडीज, शिक्षा, जनसंचार, आर्किटेक्चर, फार्मेसी, इंजीनियरिंग और प्रबंधन संकायों के छात्रों का स्वागत किया गया। सत्रों में विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, नियमों और विनियमों पर चर्चा की गई। इसके बाद संबंधित स्कूलों के डीन और विशेषज्ञों द्वारा अतिथि व्याख्यान दिए गए, जिन्होंने छात्रों के शैक्षणिक और पेशेवर विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

छात्रों को विश्वविद्यालय के जीवंत समुदाय से भी परिचित कराया गया, जिसमें 'आइना', 'अलंकार', एनसीसी, एनएसएस, और स्पोर्ट्स काउंसिल जैसे क्लब शामिल थे। इसके अलावा, विज्ञान क्लब, 'अक्स फोरम' और 'लक्ष्य' जैसे विभागीय क्लबों ने भी छात्रों के उत्साह को और प्रज्ज्वलित किया, जो उनके आगामी सफर के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। ओरिएंटेशन की शुरूआत 26 सितंबर को विधि अध्ययन, शिक्षा, जनसंचार और वास्तुकला संकायों के छात्रों के साथ हुई, जबकि 27 सितंबर को बेसिक साइंसेज, फार्मेसी और होटल मैनेजमेंट के छात्रों का ओरिएंटेशन हुआ। 30 सितंबर को कंप्यूटर एप्लिकेशन, 1 अक्टूबर को इंजीनियरिंग और 3 व 4 अक्टूबर को प्रबंधन संकायों का ओरिएंटेशन संपन्न हुआ। छात्रों में इस सत्र के प्रति विशेष उत्साह देखा गया।

# मुख्यमंत्री से अन्तरराष्ट्रीय वित्त निगम के एमडी ने शिष्टाचार भेंट की

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज यहां उनके सरकारी आवास पर अन्तरराष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) के प्रबन्ध निदेशक श्री मखतार डियोप ने शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान प्रदेश में बुनियादी ढांचे, सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) तथा कृषि क्षेत्र में आईएफसी के सहयोग की सम्भावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने मखतार डियोप के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमण्डल का स्वागत करते हुए उत्तर प्रदेश में निवेश की असीम सम्भावनाओं से आईएफसी प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक तथा अवस्थापना विकास के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। विकास और समृद्धि के नये मानक स्थापित करने वाली यह उपलब्धियां नये भारत के नये उत्तर प्रदेश को नयी पहचान दिला रही हैं। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर का आकार देने के लिए राज्य सरकार प्रभावी प्रयास कर रही है। मखतार डियोप ने कहा कि आईएफसी उत्तर प्रदेश के विकास कार्यों विशेष रूप से कृषि और इन्फ्रास्ट्रक्चर में सहयोग और सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। इस लक्ष्य की पूर्ति में निजी निवेश को आकर्षित करना अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रयासों का उद्देश्य विकास के नये अवसर सृजित करना है, जो राज्य की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# गोपरामऊ में अवैध खनन, खान अफसर व लेखपाल पर गिरी गाज

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अवैध खनन व मानक से अधिक खनन की शिकायत मिलने पर मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब शनिवार को गोपरामऊ पहुंचीं। उन्होंने खनन हो रहे सम्पूर्ण गाटो का स्थलीय निरीक्षण किया। कमिश्नर ने कहा कि ग्राम-गोपरमऊ में मानक से ज्यादा मिट्टी खनन की गई है। निर्देश दिए कि संबंधित ठेकेदार के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए पेनाल्टी लगाई जाए। भविष्य में इनको किसी प्रकार की मिट्टी खनन की अनुमति न दी जाए साथ ही संबंधित अधिकारियों की भी जवाब देही फिक्स करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उक्त मिट्टी खनन के स्थानों पर मंडलायुक्त की ओर से पूर्व में दिए गए निर्देशों के क्रम में खनन वाले गाटों पर चिन्हांकन/सीमांकन व ठेकेदार का नाम, गाटा संख्या बोर्ड पर अंकित न पाया गया। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए लेखपाल को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा खनन किए गए गाटो की मिट्टी की मात्रा की नाप करा लिया जाए। बिना रवन्ना के किसी डंपर, लोडर गाड़ी का संचालन न होने पाए। पूर्व में जारी समस्त नोटिस को आरसी में तब्दील किया जाए साथ ही जीरो टैगिंग कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उक्त स्थान पर मानक से ज्यादा खनन किया गया है तो उक्त भूमि के खनन की मात्रा की नपाई कर लिया जाए। मानक से ज्यादा खनन मिलने पर संबंधित लेखपाल पारस वर्मा को सस्पेंड किया जाये। खनन कर रहे संबंधित ठेकेदार ज्ञान सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराये जाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने खान अधिकारी दिनेश आर्या के खिलाफ आरोप पत्र जारी करने को कहा।

- **लेखपाल को निलंबित करने व ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर के निर्देश**

# अवैध निर्माण पर कार्रवाई में लापरवाही बरतने पर सुपरवाइजर निलम्बित, जेई को हटाया गया

## उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने की कड़ी कार्रवाई, विशेष कार्याधिकारी को सौंपी गयी जांच

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही में लापरवाही बरतने वाले सुपरवाइजर राम कुमार को शनिवार देर शाम निलम्बित कर दिया। वहीं, सम्बंधित जोन के अवर अभियंता राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से क्षेत्र से हटाकर मुख्य अभियंता कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है।

अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि आरोपी कर्मचारी राम कुमार वर्तमान में प्रवर्तन जोन-6 में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। हाल ही में एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें सुपरवाइजर राम कुमार द्वारा अवर अभियंता राकेश कुमार के नाम पर धनउगाही की बात किसी व्यक्ति से प्रवर्तन सम्बंधी कार्यों के लिए की जा रही थी। इसके अलावा एक दूसरे वायरल ऑडियो में अरोपी कर्मचारी द्वारा कुछ लोगों से अवैध निर्माण के सम्बंध में वातालर्लाप की जा रही थी। इस मामले में प्रथम दृष्टया पाया गया कि सुपरवाइजर राम कुमार द्वारा प्रवर्तन सम्बंधी कार्यों में लापरवाही बरती गयी, जिससे जन सामान्य में प्राधिकरण की छवि धूमिल हुयी है। उक्त प्रकरण में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा कठोर कार्यवाही करते हुए सुपरवाइजर राम कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। इसके अलावा प्रवर्तन जोन-6 में तैनात अवर अभियंता राकेश कुमार को प्रवर्तन से हटाकर मुख्य अभियंता कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। मामले की जांच विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी को सौंपी गयी है, जिसके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# 527 शिकायत 132 का हुआ समाधान

## तहसील सरोजनीनगर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शनिवार को सरोजनीनगर तहशील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया जिसमें डीएम सूर्य पाल गंगवार ने मौके पर मिली सूचनाओं का निस्तारण कराया। उन्होंने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है।

इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि तहसील सरोजनीनगर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 114 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 45 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायत कर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 72 में से 8 प्रकरण का निस्तारण हुआ। तहसील मलिहाबाद में 108 में से 17 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 141 में से 39 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 137 में से 23 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 114 में से 45 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। जिसमें पुलिस 86, राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 4, राजस्व 275, विकास 46, शिक्षा 1, समाज कल्याण 22, चिकित्सा 02 तथा अन्य 136 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की ऐसे प्रकरण जो तहसील दिवसों और जन सुनवाई में बार बार आते है उनका गंभीरता से संज्ञान लिया जाए और अगर प्रकरण निस्तारण योग्य है उसको तत्काल निस्तारित करना सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी तहसील सरोजनीनगर डा सचिन वर्मा, तहसीलदार सरोजनीनगर, पुलिस, समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# अलीगंज व मड़ियांव में तीन अवैध व्यावसायिक निर्माण सील

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-4 की टीम ने अलीगंज व मड़ियांव क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान अवैध तरीके से किये जा रहे तीन व्यावसयिक निमार्णों को सील किया। प्रवर्तन जोन-4 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि मेसर्स कृष्ण एसोसिएट के संजय टुटेजा व अन्य ओर से अलीगंज के सेक्टर-जे में भूखण्ड संख्या-6 पर लगभग 660 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। वहीं, विपिन अग्रवाल व अन्य की ओर से मड़ियांव में आईआईएम रोड स्थित मुतक्कीपुर में एमबी प्लाजा के पास लगभग 3200 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। उक्त दोनों प्रकरण में विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित योजित करते हुए सीलिंग के आदेश पारित किये गये थे। इसके अलावा अशोक चावला, निशि चावला व अन्य द्वारा अलीगंज के सेक्टर-एच में भूखण्ड संख्या-बी-1/33 पर लगभग 400 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसके खिलाफ कार्यवाही करते हुए परिसर को पूर्व में सील किया गया था। उक्त प्रकरण में निर्माणकर्ता ने स्वीकृत कराये गये शमन मानचित्र में दर्शित अशमनीय भाग को हटाने के लिए विहित न्यायालय की ओर से परिसर को एक माह के लिए सीलमुक्त किया गया था। लेकिन, निर्माणकर्ता की ओर से अशमनीय भाग को हटाये बिना स्थल पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिस पर निमार्णाधीन भवन को पुनः सील करने के आदेश दिये गये थे। जिसके अनुपालन में शनिवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता भरत पाण्डेय व सत्यवीर द्वारा तीनों भवनों को सील कर दिया गया।

# ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के प्रभारी नियुक्त

**लखनऊ।** ई-रिक्शा चालको की समस्या सुनने के लिए वेलफयर एसोसिएशन ने प्रभारी बनाये है। इसके अलावा मनीष सिंह को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष ऋषि गुप्ता व महामंत्री अंकित जैन ने सभी सदस्यों को शपथ दिलाई कि 11 प्रतिबंधित रूट पर ई-रिक्शा नहीं चलेंगे। प्रशासन से मांग की कि सड़क पर बिना नंबर और 10-12 साल पुरानी जर्जर गाड़ियों को हटाया जाए, जिससे काफी सड़क खाली हो जाएगी और सिर्फ नये और मजबूत क्वालिटी के रिक्शा ही चलेंगे जिनकी फिटनेस है। इसमें अंकित मिश्रा, सरजू मिश्रा, रमेश सिंह, धीरेंद्र शुक्ला, शिवम गर्ग, रवि सिंह, शिव जायसवाल, मंसूर आलम, नीलकमल श्रीवास्तव व सिमरन सिंह चड्ढा शामिल है।

# सभी एक मिलकर रहे, तभी समाधान : एमएलसी



**लखनऊ।** ब्राह्मण एकता महासभा की बैठक शनिवार को लालबाग कार्यालय में हुई। जिसमें सदस्य विधान सभा मुकेश शर्मा ने कहा कि हम सभी को सभी मौको पर एक साथ रहना है। किसी को कोई भी परेशानी हो तो वह एक दूसरे से कहे जिससे समस्या का समाधान कराया जा सके। उन्होंने कहा कि चाय पर चर्चा होते रहना चाहिए। जिससे एक दूसरे से सभी मिल सके। बैठक में मुख्य संरक्षक मुकेश शर्मा सदस्य विधान परिषद, संरक्षक राम गोविंद अवस्थी, अध्यक्ष अंजनी कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार अवस्थी, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र तिवारी, उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र अवस्थी, उपाध्यक्ष अमित शर्मा, उपाध्यक्ष गुरु वशिष्ठ, महासचिव राजेश कुमार शर्मा, संयुक्त सचिव विजय कुमार द्विवेदी वह अन्य मौजूद रहे।

# जीएम उरे ने प्रयाग स्टेशन का किया निरीक्षण



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाकुंभ मेला के सुगम एवं सफल आयोजन की दिशा में निरंतर प्रयत्नशील रहते हुए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल द्वारा प्रयाग क्षेत्र की परिसीमा में आने आने वाले प्रयाग जं., फाफामऊ जं.तथा प्रयागराज संगम स्टेशनों पर अनेक विकास कार्य एवं परियोजनाओं पर निरंतरता से कार्य प्रगति पर है। इन सभी कार्यों का निरीक्षण करने के लिए शनिवार को महाप्रबंधक उत्तर रेलवअशोक कुमार वर्मा का प्रयागराज पहुंचे। अपने आज के इस निरीक्षण कार्यक्रम के तहत उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा एवं मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ इन सभी स्टेशनों पर चल रहे सभी विकास कार्यों के प्रगति की जानकारी प्राप्त। उन्होंने इन समस्त कार्यों की समीक्षा की तथा यात्री संतुष्टि ही सर्वोपरि तथा सर्वोत्तम सेवा है इस सिद्धांत पर अमल करते हुए इन कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर सम्पन्न करने की बात पर विशेष बल दिया। महाप्रबंधक ने इस विषय में अपने आवश्यक सुझाव और निर्देश भी दिये।

महाप्रबंधक ने प्रयाग जं. पर स्टेशन भवन तथा नए फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य तथा प्लेटफार्म तथा परिसर पर किए जा रहे अन्य कार्यों को गहनता से परखा। उन्होंने सभी अधिकारियों के साथ बैठक की एवं समस्त कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए मेला सम्बन्धी अनेक बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने मेला अवधि के दौरान यात्रियों को उपलब्ध कराई जाने वाली अतिरिक्त आवश्यक सुविधाओं एवं यात्री प्रबंधन की नीतियों की जानकारी भी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने स्टेशन पर लगाए गए पुस्तक स्टॉल का अवलोकन किय।

- **महाकुंभ के आयोजन संबंधी कार्यों की जानकारी डीआरएम से प्राप्त की**
- **उन्होंने विकास कार्यों को परखा और आवश्यक निर्देश दिये**

उन्होंने प्रयाग जं. से फाफामऊ जं. तक विंडो ट्रेलिंग करते हुए ट्रैक की संरक्षा को परखा तथा फाफामऊ जं. स्टेशन पर पहुंचकर आधार संरचना संबंधी कार्यों सहित अन्य सभी प्रगतिशील कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। महाप्रबंधक ने प्रयागराज संगम स्टेशन पर भवन निर्माण कार्य सहित अन्य विकास कार्यों तथा यात्री सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कर्मचारियों तथा स्काउट एवं गाइड संस्था के सदस्यों से संवाद करते हुए वळर ऑन मोबाइल ऐप के लिए संचालित किए जा रहे समाधान कैंप के विषय में जानकारी प्राप्त की। आज के इस निरीक्षण कार्यक्रम में मंडल के सभी विभागाध्यक्षों सहित अन्य यूनिटों के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर आयुक्त किसान प्रतिनिधियों से मिले



**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ एक विशेष बैठक हुई। जिसमें किसान यूनियन के अध्यक्ष अमर सिंह लोधी व अन्य पदाधिकारियो ने आ रही समस्याओ को सामने रखा। समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में किसानों ने तमाम समयस्याओ को सामने रखा, जिस पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए निष्कर्ष निकाले गए।

बैठक में मख्य रूप से खाली पड़ी जमीनों पर वेंडिंग जोन बनाने के लिए, अवैध कब्जे से भूमि को छुड़वाने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। साथ ही कल्ली पश्चिम के गाटा संख्या 1839 का सीमांकन कराने की मांग की गई, साथ ही शेखपुर, मल्लपुर इत्यादि जगहों पर भी अवैध कब्जा होने की सूचना किसानों की ओर से दी गयी। जिस पर नगर आयुक्त आगामी 14 व 15 अक्टूबर को संयुक्त रूप से अभियान चलाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसी क्रम में कल्ली पश्चिमी बाबू खेड़ा लखनऊ में नगर निगम की जमीन आ गई वहां की जर्जर रोड, पेय जल और मार्ग प्रकाश की व्यवस्था को ठीक किये जाने का अनुरोध किसानो कब से किया गया जिस पर नगर आयुक्त द्वारा सहमति व्यक्त की गई। जोन 5 व 8 के अंतर्गत सम्मिलित गांव में अवैध कब दीवारों के खिलाफ अभियान चलाए जाने के साथ-साथ तालाबों का सौंदर्य करण कराया जाना की मांग की गई। किसानों की ओर से कुल 58 मांगो का मांग पत्र दिया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने क्रम अनुसार एक-एक शिकायतों को सुना गया सभी पर नियमों अनुसार कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया गया।

# मेट्रो के हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर लगा सेवा मेला




**लखनऊ।** मेट्रो ने शनिवार को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर दान उत्सव के तहत सेवा मेला का आयोजन किया। सेवा मेले में 17 गैर सरकारी संस्थाओं ने अपना स्टॉल मेट्रो स्टेशन पर लगा कर यात्रियों को इस उत्सव में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। रक्त दान, शिक्षा, बधिर महिलाओं कल्याण, पशु कल्याण से जुड़े गैर-सरकारी संस्था के स्वयंसेवकों ने मेट्रो यात्रियों को इन संवेदनशील विषयों पर जागरुक किया। सभी गैर-सरकारी संस्थाओं ने अपने स्टॉल पर ड्रॉप बाक्स का भी प्रबंध किया जहां अल्पसुविधा प्राप्त लोगों की मदद के लिए यात्रियों ने स्टेशनरी, किताबें, कपड़े, खाद्य सामग्री, सैनटरी पैड, साबुन, जूते एवं जरूरत का अन्य सामान दान किया। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक श्री सुशील कुमार ने कहा कि ह्ललखनऊ मेट्रो को शहर की शान माना जाता है लेकिन हमारे शहर को देश की शान बनाने का संकल्प हमने लिया है। यह तब ही मुमकिन है जब यहां का हर एक नागरिक समाज के प्रति जागरुक हो। आज के कार्यक्रम का आयोजन इसी विषय को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# हजरतगंज में 8वीं मंजिल से कूदा छात्र, मौत



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हजरतगंज स्थित कोचिंग सेंटर की 8वीं मंजिल से कूदकर एक छात्र ने सुसाइड कर लिया। वह जेईई की तैयारी कर रहा था। शनिवार सुबह कोचिंग पहुंचा। सीधे 8वीं फ्लोर पर चला गया। छत पर बैग और चप्पल रखी। फिर वहां से कूद गया। घटना के बाद कोचिंग सेंटर में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग और पुलिस छात्र को हॉस्पिटल ले गई। हालांकि, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना हजरतगंज के पास कॉमर्स बिल्डिंग की शनिवार सुबह 8 बजे की है। फिलहाल पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने बताया- छात्र की पहचान आदित्य दुबे (17) के तौर पर हुई। वह जानकीपुरम में अपने चाचा के परिवार के साथ रहता था। माता-पिता नोएडा में रहते हैं। पिता विनय दुबे एक कंपनी में लीगल एडवाइजर हैं।

**कूदने से पहले युवती से बात की:** जानकारी के मुताबिक, आदित्य काफी दिनों से तनाव में नजर आ रहा था। सुबह भी कोचिंग पहुंचा तो टेंशन में दिखा। वह किसी लड़की से फोन पर बात कर रहा था। अचानक वह छत पर गया और कूद गया। वहीं, परिजनों ने बताया कि वे मौके पर पहुंचने के बाद ही कुछ कहेंगे। माता-पिता नोएडा से लखनऊ के लिए रवाना हो चुके हैं।

पुलिस कर रही सीसीटीवी फुटेज की जांच

घटना के बाद पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। कोचिंग की छत से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। आदित्य ने ऐसा क्यों किया? यह अभी क्लियर नहीं हो पाया है। पुलिस ने कहा कि कोचिंग में लगे उउळश की जांच की जा रही है। परिवार से बात की जाएगी कि आखिर उसने ऐसा क्यों किया? फिलहाल पुलिस सभी विन्दुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है।

**युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी:** सिसेंडी में शुक्रवार की रात पप्पू (25) ने घर में गमछे के सहारे फांसी लगा ली। परिजनों ने देखा तो उसे अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक पारिवारिक कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की है। परिवार में किसी बात को लेकर रात में विवाद होने के बाद सब सोने चले गए। देर रात पप्पू ने घर के बाहरी हिस्से में लिंटर में निकली सरिया से गमछे के सहारे फांसी लगा ली। इसी बीच परिजनों की नींद खुली तो लटका देख तो उसे उतार कर निजी अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव ने बताया कि पारिवारिक कलक के चलते खुदकुशी करने की बात सामने आई है।

## सड़क किनारे खड़े प्लंबर को वाहन ने रौंदा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इंदिरा डैम के पास शुक्रवार रात तेज रफ्तार वाहन ने सड़क किनारे खड़े प्लंबर रामपाल (57) को रौंद दिया। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के समय वह दोस्त के गृह प्रवेश कार्यक्रम से लौट रहे थे। गोमतीनगर के ग्वारी गांव निवासी रामपाल शुक्रवार को दामाद ब्रजेश सिंह के साथ बाइक से दोस्त के गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। ब्रजेश ने बताया कि रात में वह ससुर रामपाल के साथ बाइक से ग्वारी गांव आ रहे थे। रात नौ बजे वह इन्दिरा डैम से कुछ दूर पहले पहुंचे तभी बाइक खराब हो गई। इसके बाद वह बाइक सही करने लगे। ससुर कुछ दूर आगे जाकर सड़क किनारे खड़े हो गए। इतने में एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से वह लोहिया अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर बीबीडी अजय नारायण सिंह के मुताबिक इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।



**बेकाबू बाइक दीवार से टकराई, युवक की गयी जान:** जानकीपुरम सेंट्रल एकेडमी के पास शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार बाइक घर की दीवार से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। वहीं, साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के समय दोनों देवी जागरण देखकर घर लौट रहे थे। जानकीपुरम सेक्टर-7 स्थित झोपड़ पट्टी निवासी बाइक मैकेनिक विजय (26) शुक्रवार रात बीकेटी निवासी ललित के साथ साठ फिटा रोड पर जागरण देखने गया था। देर रात दोनों घर लौट रहे थे। बाइक विजय चला रहा था। रात 12:30 बजे वह सेंट्रल एकेडमी के पास पहुंचे तभी बाइक अनियंत्रित होकर एक घर की दीवार से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने दोनों को निजी अस्पताल भेजवाया, जहां डॉक्टरों ने विजय को मृत घोषित कर दिया। वहीं ललित को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम उपेन्द्र सिंह के मुताबिक हादसे के समय बाइक सवार नशे में थे।

## फर्राटा पंखे में करंट उतरने से मां-बेटी की दर्दनाक मौत



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगराम के छतौनी गांव में शनिवार शाम सरसों बना महिला व उसकी बेटी फरार्टा पंखे में उतरी करेंट की चपेट में आ गई। परिजनों द्वारा मां बेटी को इलाज के लिए बेहोशी की हालत में निगोहां स्थित निजी चिकित्सालय ले जाया गया जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों द्वारा सी एच सी मोहनलालगंज भेजा गया। मोहनलाल पहुंची मां बेटी को डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

नगराम के छतौनी गांव निवासी सुनील रावत शनिवार के दिन मजदूरी करने गए हुए थे। उनकी पत्नी सुनीता (27) शनिवार शाम फरार्टा पंखा के सहारे सरसों बना रही थी। पंखा इधर-उधर हटाने के दौरान वह करंट की चपेट में आ गई और तड़पने लगी। मां को तड़पता हुआ देख मंझली बेटी अनमोल (8) बचाने दौडी तो वह भी पंखे से चिपक गई। इस बीच मौजूद अन्य बच्चों के शोर मचाने पर पास पड़ोस के लोगों ने लाइन काटकर आनन-फानन में मां बेटी को लेकर इलाज के लिए निगोहां के एक निजी चिकित्सालय पहुंचे जहां हालत गंभीर देख डाक्टरों द्वारा उन्हें सीएचसी मोहनलाल गंज के लिए रेफर कर दिया गया, बेहोशी की हालत में सी एच सी मोहनलाल गंज पहुंची मां बेटी को डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। जैसे ही मां बेटी की मौत की खबर घर पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। मृतका की चार बेटियां थी और एक लड़का था। पति मजदूरी करता है। घटना के बाद घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। परिवार में पति सुनील कुमार बड़ी लड़की अनिता छोटी लड़की सपना व लड़का अभिराज हैं।

## फर्जी गाड़ियों की बिक्री करने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

- अन्य प्रदेशों में चार और दो पहिया वाहनों का होता था ट्रांसफर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने आधार कार्ड और पैन कार्ड व अन्य फर्जी प्रपत्र तैयार कर फर्जी एनओसी और आरटीओ कार्यालय में लगाकर एचपी कटवा कर अन्य प्रदेशों में चार पहिया और दो पहिया वाहनों का ट्रान्सफर कटाकर ठगी करने वाले गैंग का एक सदस्य को गौतमबुद्ध नगर के थाना बिसरख से गिरफ्तार किया है।

पकड़ा गया आरोपी वीरेन्द्र कुमार दिल्ली के थाना कृष्णानगर शाहदरा के एक्स 1704 गली नम्बर 16 राजगढ़ कालोनी गाँधीनगर का रहने वाला है। जिसके पास से एक कार किया कार्निवाल और टोयटा ग्लांजा और आधार कार्ड तथा पेन कार्ड और पासबुक बैक ऑफ महाराष्ट् और रजिस्ट्रेशन कार्ड व निर्वाचन कार्ड तथा क्रेडिट कार्ड बैक ऑफ महाराष्ट्र और एक्सिस बैंक तथा अस्थाई रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति और इनवाइस छायाप्रति व बीमा की छायाप्रति और फास्टैंग की छायाप्रति तथा ऐसेसरीज की छायाप्रति व मोबाइल फोन तथा दो सौ रुपए नकद बरामद किया। एसटीएफ ने बताया कि यह लोग जिन गाड़ियों पर बैंक द्वारा लोन चल रहा होता है जिसकी किस्त जमा नही होती है। उन गाड़ियों को कम पैसे में लेकर दलाल के माध्यम से फर्जी एनओसी बनवाकर आर टी ओ कार्यालय में जमाकर एच पी कटवा देते है। जिससे गाड़ी दूसरे प्रदेश में ट्रान्सफर हो जाती है वहाँ गाड़ी का नया नम्बर मिल जाता है। बैंक वाले लोन वाली गाड़ी को नही खोज पाते है। यह लोग कुछ गाड़ी फर्जी नाम पता से आई डी बनवाकर ऐजेन्सी से नई गाड़ी भी खरीदकर उनकी एच पी कटवाकर दूसरे प्रदेशों में भेज देते है। नाम पता गलत होने के कारण बैंक वाले खोज नही पाते है। बरामद किया कार्निवाल प्रेमानन्द जैन के नाम है। प्रेमानन्द के नाम से अपना फोटो लगाकर आधार कार्ड पैन कार्ड तैयार कराकर बैंक ऑफ महाराष्ट्र सेक्टर 122 गौतमबुद्धनगर में अपना एकाउण्ट खुलवा लिये थे। इस गाड़ी की एच पी भी कटवा लिए थे। 17 लाख का लोन बैंक एकाउण्ट में आना था। लोन का पैसा आने के बाद इस गाड़ी को यह लोग किसी दूसरे राज्य में बेच देते।

## रिटायर्ड फौजी को सड़क पर घसीट कर पीटा, वीडियो वायरल

- आवासीय मोहल्ले में हमलावरों ने खोल रखा आईटी सेक्टर का आफिस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना के देवी खेड़ा के पास बनी हिमालयन कॉलोनी में शनिवार दोपहर बेखौफ पड़ोसियों ने पहले तो रिटायर्ड फौजी हवलदार के निमार्णाधीन रैंप पर तोड़फोड़ की। जब रिटायर्ड फौजी ने विरोध जताया तो उसके उपर आधा दर्जन से अधिक दबंग युवकों ने एक साथ हमला कर दिया और सड़क पर घसीट घसीट कर पीटते रहे।

मोहल्ले वाले दौड़े तो हमलावर वहां से भाग निकले। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल करवाने के बाद पीड़ित से तहरीर ले सीसीटीवी फुटेज देखकर पुलिस आरोपितों का पता लगाने में जुटी है। नरेंद्र कुमार मौर्य पत्नी अल्पना मौर्या और बच्चों के साथ आशियाना के देवी खेड़ा के पास बनी हिमालयन कॉलोनी में रहते हैं। उन्होने बताया कि पड़ोस में रहने वाले गौरव पांडेय ने अपने ही आवासीय घर पर एक आईटी सेक्टर का आफिस खोल रखा है। रोजाना सुबह से लेकर शाम तक बाहर के लड़कों का आना जाना लगा रहता है। आरोप है कि सभी अपनी गाड़ियां इधर उधर पार्क कर देते हैं और विरोध करने पर अपनी हनक दिखाते हैं। आरोप है कि हाल ही में उन लोगों ने नरेंद्र का रैंप तोड़ दिया था। नरेंद्र ने रैंप की मरम्मत करवाई थी लेकिन आरोप है कि जब शनिवार को विपक्षियों ने निमार्णाधीन रैंप को फिर तोड़ दिया तो उन्होने विरोध जताया। आरोप है कि विरोध करने पर गौरव के घर की महिलाओं ने लड़ना शुरू कर दिया और जब नरेंद्र ने आपत्ति जताई तो गौरव अपने आधा दर्जन साथियों के साथ आया और आते ही नरेंद्र को दौड़ा दौड़ा कर पीटने लगा। आरोप है कि इस दौरान सभी नरेंद्र के ऊपर चढ़ गये और बेरहमी से लात घूंसों से पीटते हुए उन्हे जान से मारने की कोशिश की जिसका फुटेज सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। आरोप है कि नरेंद्र और उसकी पत्नी गिड़गिड़ाते रहे लेकिन हमलावरों ने उन्हे सडक पर घसीट घसीट कर पीटते रहे और पीटना बंद नहीं किया। वही आशियाना थाने के बंगला बाजार चौकी प्रभारी प्रमोद सिंह ने बताया कि पीड़ित नरेंद्र से तहरीर ले सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे जा रहे हैं।

## महिला का कमरे में मिला शव

लखनऊ। मड़ियांव थाना क्षेत्र के रहीम नगर डिडौली में एक 32 वर्षीय महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में शव कमरे में मिला है परिजनों को हत्या की आशंका मौके पर पहुँची मड़ियांव पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर कर ट्रामा सेंटर भेज दिया। मड़ियांव थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा ने बताया कि मूर्तिया बाराबंकी निवासी सर्वेश अपनी पत्नी पूनम 32 वर्ष के साथ रहीम नगर डिडौली मड़ियांव में रहते है सर्वेश नशे का आदि था। पूनम के भाई कुलदीप ने बताया कि पति पत्नी में अक्सर लडाई झगड़ा होता था इसलिए उनका एक बेटा यश 12 वर्ष अपने ननिहाल में ही रह कर पढ़ रहा था। सर्वेश मजदूरी करता था। पड़ोसियों ने पूनम के मायके में फोन कर के बताया कि पूनम का शव कमरे में विस्तर पर पड़ा है और उसका पति मौके से फरार है। पूनम के भाई जब वहाँ पहुच मड़ियांव पुलिस को फोन किया मौके पर पहुँची पुलिस ने बताया कि पूनम के गले मे किसी चीज से कसने के निशान है जैसे गला कस कर मारा गया हो। मौके से सर्वेश फरार था। और पुलिस को सर्वेश का मोबाइल नंबर भी बंद मिला। कुलदीप ने हत्या की आशंका जताई है

## ट्रांसपोर्ट नगर के प्लाई गोदाम में लगी आग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनी नगर इलाके के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक प्लाई गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने से मौके पर हड़कंप मच गया।

स्थानीय लोगो ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जनपद लखनऊ के थाना पी जी आई के साउथ सिटी निवासी मालिक आशीष प्रियदर्शनीय का ट्रांसपोर्ट नगर में प्लाई बोर्ड जा गोदाम है। जिसमे अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने से स्थानीय लोगो में हड़कंप मच गया और घटना की सूचना दमकल विभाग और स्थानीय थाना सरोजनी नगर को भी दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आशीष के मुताबिक सुबह समय करीब 7,00 बजे प्रथम तल पर रहने वाले लोगों ने उन्हें सूचना देने के साथ ही फायर विभाग को घटना से अवगत करवाया। जिसके बाद पहुंचे तो उससे पहले फायर विकेट की टीम मौके पर पहुंची। बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने शटर बाद होने के चलते अनन फानन में शटर तोड़ कर अंदर दाखिल हुए और आग बुझाना शुरू कर दिया। एफ एस ओ सुमित प्रताप सिंह के मुताबिक की प्रथम तल पर दिल्ली के हिमांशु अरोरा का हैदराबाद केमिकल के नाम से केमिकल का दवा गोदाम है। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि हैदराबाद केमिकल गोदाम में गैस का रिसाव हो रहा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे और ऊपर की ओर काफी देर तक सर्च ऑपरेशन चलाया। लेकिन कही कुछ नही मिला। पर गीदाम के अंदर से धुंआ अत्यधिक बढ़ता नजर आ रहा था। बाद में उन्होंने देखा की बगल में मौजूद एक जाल से नीचे से धुंआ अंदर आ रहा है। इसके बाद उन्होंने प्लाईवुड गोदाम का ताला तोड़ कर अंदर दाखिल हुए और आग पर बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फ्लाई को तो गोदाम के मालिक आशीष प्रियदर्शनी पीजीआई के साउथ सिटी निवासी हैं। आशीष ने बताया कि सुबह 7:00 बजे प्रथम तल पर रहने वाले लोगों ने उन्हें सूचना दी और फायर विभाग को भी उन्होंने ही जानकारी दी। जिसके बाद पहुंचे तो उससे पहले फायर विकेट की टीम मौके पर पहुंच चुकी थी फायर ब्रिगेड की टीम ने शटर तोड़कर अंदर दाखिल हुए। एफएसओ सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम तल पर दिल्ली के हिमांशु अरोरा का हैदराबाद केमिकल के नाम से केमिकल का दवा गोदाम है। उन्होंने बताया कि पर कंट्रोल के सूचना मिली कि हैदराबाद केमिकल गोदाम में गैस का रिसाव हो रहा है। सूचना के बाद वह मौके पहुंचे तो ऊपर की तरफ काफी देर तक उन्होंने सर्च ऑपरेशन चलाया लेकिन कहीं कुछ नही मिला, पर गोदाम के अंदर दुआ अत्यधिक बढ़ता रहा इसके बाद उन्होंने देखा कि बगल में मौजूद एक जाल से नीचे से दुआ अंदर आ रहा है इसके बाद उन्होंने प्लाईवुड गोदाम का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और आग पर काबू पाया। बिल्डिंग ऑनर निरंजन वर्मा गोदाम मालिक राजेश गर्ग और आशीष प्रैयदर्शनी के मुताबिक गोदाम बाद था। अंदर बिजली के शॉट्र्स सर्किट से आग लग गई है। फिलहाल दमकल कर्मियों द्वारा अंदर धुंआ भरा होने के चलते काफी दिक्कतें हो रही थी। धुंआ खत्म होने के बाद ही नुकसान का आंकलन किया जा सकता है।

## उपद्रवियों ने तोड़ी अंबेडकर की प्रतिमा, आक्रोश पुलिस तैनात

- गांव व आस पास के लोगों में काफी तनाव
- नई मूर्ति लगाने के साथ साथ दर्ज किया गया मुकदमा





विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के काकोरी थाना क्षेत्र में अंबेडकर प्रतिमा तोड़ दी गई है। गांव में सुबह यह बात पहुंची तो लोगों की भीड़ जुट गई। अराजकतत्वों द्वारा की गई घटना के बाद लोगों में आक्रोश है। मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया है। भलिया गांव में अंबेडकर पार्क है, जिसमें डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा लगी है। इसे अराजक तत्वों ने खंडित कर दिया। प्रतिमा के हाथ और संविधान की किताब को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है।

लखनऊ में काकोरी के भलिया गांव में अंबेडकर प्रतिमा को खंडित किया गया। मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात है। स्थानीय लोग भी जमा हुए हैं। मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात है। स्थानीय लोग भी जमा हुए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है, ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

**अराजकतत्वों के खिलाफ जांच की मांग:** काकोरी थाना क्षेत्र के भलिया गांव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को कुछ अराजक तत्वों द्वारा तोड़ने के मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शिकायत की है। स्थानीय निवासी देवेंद्र कुमार ने थाना अध्यक्ष काकोरी को ज्ञापन देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी से 24 घंटे के भीतर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है। एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव का काकोरी में अंबेडकर प्रतिमा के मामले में कहा कि अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहां अंबेडकर जी की नई प्रतिमा लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### सूचना

मेरी पुत्री जैनब सिद्दीकी की इंग्लिश स्पेलिंग में त्रुटिवश Zainab Siddiqi दर्ज है जबकि उसके नाम की सही स्पेलिंग Zainab Siddiqui है। मेरी पुत्री के पासपोर्ट में उसके नाम की सही स्पेलिंग ही दर्ज की जाये। **हबीबुर्रहमान सिद्दीकी पुत्र स्व. मोहम्मद युनुस नि- 135, विशाल विहार, दुबग्गा, पोस्ट बरावनकलां, लखनऊ।**

### सूचना

मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में त्रुटिवश पिता का नाम Habibur Rahman एवं माता का नाम Shabana दर्ज है, जबकि पिता का सही नाम Habibur Rahman Siddiqui एवं माता का सही नाम Shabana Khatoon है। मेरी मार्कशीट में भी उनका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **शफीकुर रहनाम पुत्र हबीबुर्रहमान सिद्दीकी नि- 135, विशाल विहार, दुबग्गा, पोस्ट बरावनकलां, लखनऊ।**

## सैन्यकर्मी की पत्नी को नशीला पदार्थ सुंघा कर महिला से हड़पे जेवर




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चिनहट मंडी के पास बेटे को स्कूल छोड़ कर घर लौट रही सैन्यकर्मी की पत्नी से ठगों ने जेवर और पर्स हड़प लिया। आरोपियों ने पता पूछने के बहाने से महिला को रोका था। जिसे नशीला पदार्थ सुंघा कर वारदात को अंजाम दिया। माधव ग्रीन टेरा अपार्टमेंट निवासी पुष्पा पांडेय के मुताबिक 29 सितंबर की सुबह वह बेटे को स्कूल छोड़ कर गोमतीनगर से लौट रहीं थीं। चिनहट तिराहे के पास ऑटो से उतर कर पुष्पा मण्डी की तरफ जाने लगी। तभी एक युवक ने आवाज लगाते हुए उनके पास पहुंचा। युवक ने चिनहट कस्बे जाने का रास्ता पूछा। पुष्पा के मुताबिक वह युवक से बात कर रही थी। तभी एक युवक और आ गया। जिसने महिला पर नशीला पदार्थ फुंक दिया। वह बेसुध होने लगी। करीब आधे घंटे बाद होश आने पर पुष्पा ने घबरा गईं। उनके जेवर और पर्स भी गायब थे। पीड़िता के मुताबिक ठग बाली, अंगूठी, चेन, मोबाइल और आर्मी कैंटीन कार्ड गायब था। इंस्पेक्टर चिनहट अश्विनी चतुवेर्दी के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**आशियाना व कृष्णा नगर में बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज:** आशियाना व कृष्णा नगर इलाके में घूम रहे बेखौफ चोरों ने जहाँ एक तरफ टीचर से मिलने गए युवक की बाइक पार कर दिया। वही दूसरी तरफ कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में चोरों ने घर के दरवाजे पर खडी बाइक चोरी कर फरार हो गए। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि कानपुर रोड एलडीए कालोनी निवासी लक्ष्मी सिंह पत्नी भूपेन्द्र सिंह के अनुसार उनके पति बीते 1 अक्टूबर की दोपहर अपनी बाइक संख्या यूपी 32 ई बी 8561 से टीचर से मिलने आशियाना सेक्टर एच स्थित स्टेला मैरी स्कूल गए थे और उन्होंने स्कूल के गेट के पास अपनी बाइक खड़ी की थी। जिसे चोरों ने पार कर दिया। वही दूसरी तरफ कृष्णानगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर सी 1 एलडीए कालोनी निवासी गौरव पाण्डेय पुत्र अवनीश चन्द्र पाण्डेय के अनुसार बीते 2 अक्टूबर की दोपहर चोरों ने उनके घर के बाहर खडी बाइक संख्या यूपी 32 एफ क्यू 7430 पार कर दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बाइक चोरी की जानकारी होने पर स्थानीय थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार दोनों पीडितों की शिकायत पर चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

## श्रीराम के आदर्शों और शत्रुघ्न के एकांतवास से सजा रंगोत्सव

- दो दिवसीय रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर के अंतरराष्ट्रीय बौद्ध संस्थान में कथा रंग फाउंडेशन की ओर से दो दिवसीय रंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह और विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मालिनी अवस्थी रहीं। कार्यक्रम में अनुपमा शरद और कनिका अशोक ने अमृता प्रीतम की कहानी जंगली बूटी प्रस्तुत की। इस बार कथा रंगोत्सव में श्रीराम के जीवन और आदर्श के कई रंग भी शामिल रहे। हिंदी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ. अमिता दुबे की रचित एकांतवासी शत्रुघ्न का अंश पाठ डॉ. मालविका त्रिवेदी ने किया। डॉ. अपूर्वा अवस्थी ने अमिता दुबे से उनके उपन्यास पर परिचर्चा करते हुए शत्रुघ्न के चरित्र के अलग-अलग पहलुओं पर बात की। उनका एकांतवास किस प्रकार का रहा इस अदृश्य रहस्य के बारे में भी बताया। लोकगीत दीपक सिंह और बाल कलाकार अद्विक शुक्ला ने बाल लोककथा ह्यपंडित जी और सात भूत प्रस्तुत किया। जिसे सुनकर खूब तालियां बजीं। डॉ. विनीता मिश्रा की लिखित कथा रंगोत्सव की राममय संगीतमय प्रस्तुति राजकमल संगीत संस्थान के राहुल अवस्थी के विद्यार्थियों ने दी। संस्था की अध्यक्ष नूतन वशिष्ठ, उपाध्यक्ष पुनीता अवस्थी, सचिव अनुपमा शरद समेत कई अन्य मौजूद रहे।

# शारदीय नवरात्र : देवी के तीसरे स्वरूप की विधि-विधान से हुई पूजा






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नवरात्र के तीसरे दिन शनिवार को मंदिरों में देवी के तृतीय स्वरूप मां चंद्रघंटा का विधिविधान से पूजन-अर्चन हुआ। शहर भर के मंदिरों में सुबह से देर रात तक श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। फल, फूल, मेवा इत्यादि से शृंगार के बाद सुबह मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही मां के जयकारे गूंजने लगे। शंख और घंटे-घड़ियाल की ध्वनियों संग आरती के बाद मां को भोग लगाया गया। वहीं शाम को बिजली की रोशनी से मंदिर जगमगा उठे। चौक स्थित बड़ी कालीजी मंदिर में नवरात्र के तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन किए। सुबह से देर रात तक पूजन-अर्चन होता रहा। देवी मां पर चूड़ी, चुनरी चढ़ाने के साथ ही भक्तों ने मां से आशीष मांगा। इस दौरान फल, फूल और मखाने से भव्य शृंगार किया गया था। ठाकुरगंज स्थित पूर्वी देवी मंदिर में मां का दरबार फूलों से सजाया गया। विधिविधान से पूजा आरती के बाद श्रद्धालुओं ने शतचंडी पाठ किया। इस मौके पर पंचमेवा, फल और मिठाई से भोग लगाया गया। गोमतीनगर विस्तार स्थित मां कमाख्या देवी मंदिर में भजन कीर्तन और विशेष पूजन का आयोजन हुआ। रंग बिरंगे फूलों से भव्य शृंगार कर मां को मिठाई और पंचमेवे का भोग लगाया। शाम को दुर्गा शप्तसती पाठ के साथ भजन कीर्तन हुआ। चौक स्थित मंदिर में मां कूष्मांडा का विधिविधान से पूजन हुआ। फूलों से श्रृंगार के साथ ही पंचमेवा, मिठाई का भोग लगाया गया। स्तुति के लिए सुबह से लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। उधर, हनुमान सेतु स्थित मां दुर्गा मंदिर में भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जुटे। आभूषण और वस्त्रों से श्रृंगार के साथ ही फलाहार का भोग लगाया गया।

**चौक काली मंदिर में हुआ विशेष श्रृंगार:** चौक स्थित बड़ी काली जी मंदिर में माता को सफेद वस्त्र पहनाकर गोल्डन चुनरी ओढ़ाई गई। माता को मोगरा व गुलाब के फूलों और मोती की माला पहनाकर श्रृंगार किया गया। मेवा, सिंघाड़े का हलवा और खीर का भोग लगाया गया। बड़ी संख्या में माता के दरबार में हाजिरी लगाकर भक्तों ने खुशहाली की कामना की।

**घरों में हुई पूजा:** नवरात्र के अवसर पर भक्तों की भक्ति और जोश व उत्साह का संगम देखते ही बन रहा है। घरों में महिलाओं ने व्रत रख मां के भजन गाए और मां की चंद्रघंटा स्वरूप की पूजा और अर्चना की। इस दौरान मां को विभिन्न पकवानों का भोग लगाया गया। वहीं, परिजनों में प्रसाद वितरित किया गया।

**मंदिरों में उमड़ी भीड़:** चौक स्थित बड़ी कालीजी मंदिर, छोटी कालीजी मंदिर, घसियारी मंडी स्थित कालीबाड़ी, चौपटिया स्थित संदोहन देवी मंदिर, शास्त्री नगर स्थित दुर्गा माता मंदिर और पूर्वी देवी मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में मां का फूलों, मेवों आदि से भव्य श्रंगार किया गया। सुबह महाआरती और भव्य श्रृंगार के बाद से ही मंदिरों के कपाट भक्तों के लिए खोल दिए गए। वहीं भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया।

**51 शक्तिपीठ में मां का नारंगी हुआ:** नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ धाम में शारदीय नवरात्र उत्सव के तीसरे दिन शनिवार को मां चंद्रघंटा की भक्तों ने श्रद्धा के साथ पूजन किया। समस्त सनातनियों को शक्ति सद्बुद्धि सन्मति विवेक एकता प्रदान करने वाली तथा अधर्मियों, अविवेक, विघटनकारी शक्तियों का नाश करने वाली मां का नारंगी श्रंगार किया गया। आज माता चंद्रघंटा के पिंडी पूजन का सौभाग्य मन्दिर के आचार्य धनंजय एवं गीता को प्राप्त हुआ। संस्था के अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि विश्व कल्याण के लिए सामूहिक हवन किया गया जिसमें लोगों ने आहुतियां डाली।

**मंदिरों और घरों में गूंजे माता के गीत:** नवरात्र पर जहां मंदिरों में भक्तों का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा है। वहीं सुबह से ही भक्त मंदिरों के बाहर कतार में नजर आ रहे हैं, जो हाथों में पूजा की थाली लिए मां के जयकारे लगाते हुए बढ़ते जा रहे थे। नवरात्र के तीसरे दिन मां के चंद्रघटा स्वरूप का पूजन किया गया।

## आज होगी माता कुष्मांडा की पूजा



**लखनऊ।** छह अक्टूबर रविवार को शारदीय नवरात्र का चौथा दिन है। नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है। कूष्मांडा देवी को ब्रह्मांड की आदिशक्ति माना जाता है। मां दुर्गा के सभी स्वरूपों में मां कूष्मांडा का स्वरूप सबसे उग्र माना गया है। मां कुष्मांडा सूर्य के समान तेज देती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जब संपूर्ण संसार में अंधकार का छा गया था, तब मां कुष्मांडा ने अपनी मधुर मुस्कान से ब्रह्मांड की रचना की थी। माना जाता है कि कुष्मांडा माता की पूजा करने से बुद्धि में वृद्धि होती है। देवी कुष्मांडा की विधिपूर्वक पूजा करने के बाद उनकी आरती के साथ पूजा समाप्त होनी चाहिए। शारदीय नवरात्र के चौथे दिन देवी कूष्मांडा की पूजा करते समय पीले रंग के वस्त्र पहनें। पूजा के समय देवी को पीला चंदन ही लगाएं। इसके बाद कुमकुम, मौली, अक्षत चढ़ाएं। पान के पत्ते पर थोड़ा सा केसर लेकर ऊँ बृं बृहस्पते नमरू मंत्र का जाप करते हुए देवी को अर्पित करें। अब ॐ कुष्माण्डायै नमः मंत्र की एक माला जाप करें और दुर्गा सप्तशती या सिद्ध कुंजिका स्तोत्र का पाठ करें। मां कूष्मांडा को पीला रंग अत्यंत प्रिय है। इस दिन पूजा में देवी को पीले वस्त्र, पीली चूड़ियां और पीली मिठाई अर्पित करें। देवी कुष्मांडा को पीला कमल प्रिय है।

## बड़ी काली मंदिर में दर्शन से पूरी होती है हर मनोकामना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व वाले कई देवी मंदिर हैं। इन प्राचीन मंदिरों में नवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इनमें पुराने लखनऊ के चौक स्थिति बड़ी काली मंदिर बेहद अहम है।

चौक की तंग गलियों से होकर सीढ़ी चढ़ते हुए इस मंदिर में प्रवेश करना अपने आप में एक ही एक अलग एहसास कराता है। कहा जाता है कि ये भारत का एकमात्र ऐसा देवीस्थल है, जहां मां लक्ष्मी और नारायण के स्वरूप में बड़ी काली जी की पूजा होती है। इस मंदिर की बेहद मान्यता है। मंदिर की स्थापना आदि गुरु शंकराचार्य ने 2400 वर्ष से अधिक पूर्व की थी।

हजारों वर्षों बाद भी इस मंदिर का स्वरूप वैसा ही है। गर्भगृह में विराजमान देवी मां के दर्शन के लिए लोगों की भीड़ पूरे साल उमड़ी रहती है। नवरात्रि में तो यहां पैर रखने की जगह भी मुश्किल से मिलती है। इस मंदिर का संचालन बोधगया मठ से होता है. मान्यता है कि जो भी भक्त 40 दिन आकर यहां माता के दर्शन करता है, उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर में अष्टधातु मूर्ति बेहद प्राचीन और खास है। यह मूर्ति देखने में अर्धनारीश्वर है। इसमें भगवान ने धोती और जनेऊ पहन रखी है और उनके माथे पर बिंदी और श्रृंगार किया जाता है। लक्ष्मी नारायण की इस मूर्ति को नवरात्रि में अष्टमी और नवमी के दिन ही भक्तों के दर्शन के लिए निकाला जाता है। इस तरह श्रद्धालु साल में केवल चार बार चैत्र और शारदीय नवरात्रि की अष्टमी और नवमी तिथि को इस मूर्ति के दर्शन कर पाते हैं।

इसके बाद ही मूर्ति हर बार की तरह मंदिर के गर्भगृह में रख दी जाएगी। मान्यता है कि अष्टधातु की इस मूर्ति के सामने जो भी मन्नत मांगी जाती है, वह पूरी होती है। इस वजह से नवरात्रि की अष्टमी और नवमी को बड़ी संख्या में यहां भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए आते हैं। इसके साथ ही मान्यता है कि बड़ी काली जी को स्नान कराए गए जल के प्रयोग मात्र से कई रोगों से मुक्ति मिल जाती है। यहां दूर-दूर से भक्त मां के दर्शन करके अपने मन की मुरादें पाते हैं, साथ ही भक्त यहां बच्चों का मुंडन संस्कार करवाने भी आते हैं।

# दशरथ कैकेई संवाद व राम वन गमन लीला ने भाव विभोर किया



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत की सबसे प्राचीनतम रामलीला समिति, श्रीराम लीला समिति ऐशबाग लखनऊ के तत्वावधान में रामलीला मैदान के तुलसी रंगमंच पर चल रहे रामोत्सव के आज तीसरे दिन राम बारात का अयोध्या प्रस्थान, राम के राज्याभिषेक की घोषणा, दशरथ कैकेई संवाद, राम वन गमन और प्रजा विद्रोह लीला हुई।

आज रामलीला का आरम्भ जनकपुरी से राम जी की बारात अयोध्या वापसी लीला से हुआ। इस प्रसंग में भगवान राम जब सीता जी के संग अयोध्या में प्रवेश करते हैं तो पूरी अयोध्या दुल्हन के रूप में सजी स्वागत में इंतजार करती हुई नजर आती है। मार्ग से महल तक पहुंचने में राम जी का स्वागत पुष्प वर्षा से किया जाता है और महल पहुंचने पर माता कौशल्या, सुमित्रा और कैकेई अपने सभी पुत्रों और बहुओं का स्वागत आरती उतार कर करती हैं। मन को मोह लेने वाली इस लीला के पश्चात राम राजगद्दी सौपने सम्बन्धी लीला हुईए इस प्रसंग में एक दिन राजा दशरथ अपने कक्ष में बैठे अपने केशों को सुलझा रहे थे तब उन्होंने दर्पण में देखा कि उनके केश कुछ सफेद नजर आ रहें हैं। इसको देखकर वह निर्णय लेते हैं कि मैं अब बूढ़ा हो चला हूं इसलिए अपने बड़े पुत्र राम को राजगद्दी सौंप दी जाए। अगली लीला के क्रम में दशरथ कैकेई संवाद लीला हुई, इस प्रसंग में राजा दशरथ कोप भवन में जाकर कैकेई को समझाने का प्रयास करते हैं कि मैं जो कर रहा हूं वह ठीक है, इससे आपको कोई परेशानी नहीं होगी, पर कैकेई अपनी मांग पर अड़ी रहती हैं, मजबूर होकर वह कैकेई को, भरत को राजगद्दी और राम को चौदह वर्ष का वनवास देने का वचन देते हैं। इसी क्रम में कौशल्या राम संवाद लीला हुई, इस प्रसंग में राम, माता कौशल्या के पास वन जाने की आज्ञा मांगते हैं, वह आज्ञा तो नहीं देना चाहती थीं, लेकिन उन्होंने अपने पति के वचनों पर गौर करके राम को आज्ञा देती हैं कि वह अपने पिता के वचनों का मान रखकर वनवास को जाएं। हृदय को विह्वल कर देने वाली इस लीला के उपरान्त राम वन गमन लीला हुई, इस प्रसंग में राम, जब वन गमन के लिए प्रस्थान करने के लिए सीता जी से कहते हैं कि मैं वन गमन कर रहा हूं, आप सबका ध्यान रखिएगा, इस पर सीता जी, राम जी से कहती हैं कि जहां पति होगा वहीं पत्नी को भी होना चाहिएए पत्नी का स्थान पति के साथ है न कि राजमहल मेंए इसलिए मैं आपके साथ वन चलूंगी। यह देखकर लक्ष्मण भी राम से आग्रह करते हैं कि वह भी उनके साथ सेवा के लिए चलेंगे, उनके बिना वह महल में नहीं रहेंगे। राम के बहुत समझाने पर वह नहीं मानते और वह भी राम और सीता के साथ वन गमन के लिए प्रस्थान करते हैं। यह देखकर राज्य की प्रजा बहुत दुखी होती है और वह भी उनके साथ चलने के लिए प्रार्थना करती है, लेकिन उनके मना करने पर कुछ दूर तक प्रजा साथ चलती है और यह देखकर भगवान राम सभी अयोध्यावासियों से कहते हैं कि आप लोग वापस जाइये, मैं 14 वर्षों के बाद पुनः अयोध्या वापस आऊंगा।

## शिव धनुष तोड़ने वाला भी कोई शिव प्यारा ही होगा...



**लखनऊ।** एलईडी लाईट से सजा पण्डाल, रंगबिरंगे पर्दे, मन को मोह लेने वाली मधुर संगीत के बीच शनिवार को डालीगंज की मौसमगंज राम लीला में धनुष यज्ञ, रावण वाणासुर संवाद, लक्ष्मण परशुराम संवाद का शानदार मंचन हुआ। समिति के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने भगवान श्रीराम की आरती करने के बाद लीला का पर्दा खुलता है। लीला में धनुष यज्ञ का प्रसंग शुरू होता है। महाराजा जनक दरबार में सीता से विवाह करने और धनुष को तोड़ने के लिए तमाम योद्धा मौजूद थे। सभी ने हारी मान कर शांत हो गये। अंत में श्रीराम ने गुरु की आज्ञा पाकर धनुष को तोड दिया। उधर महेन्द्र पर्वत पर साधना कर रहे परशुराम सभा में आ पहुंचे। धनुष का खंडन देकर परशुराम जी क्राधित हो गये। तब प्रभु श्रीराम बहुत शालीनता पूर्वक कहते है -शिव धनुष तोड़ने वाला भी कोई शिव प्यारा ही होगा जिसने ऐसा अपराध किया वह दास तुम्हारा ही होगा, जो कृपा पात्र है गुरूओं का वह कब किससे डर सकता है जिस पर है कृपा ब्रह्मणों की यह कार्य वही कर सकता है। तब परशुराम कहते है - ओ राजा के लड़के क्यो मुंह को नहीं संभाल रहा मुझ जैसे क्रोधी के आगे क्यों आखें लाल निकाल रहा, यह सुनकर लक्ष्मण बोल पड़े - मुनिवर सुख का संवाद कभी दुख का कारण बन जाता है मीठे वचनों के कारण से तोता पिंजरे में आता है जो ज्यादा मीठा होता है वो अपना नाश कराता है मीठे गन्ने को देखो तो कोल्हू पेरा जाता है। यह संवाद सुनकर पण्डाल श्रीराम और लखन लाल के जयकारों से गूंज उठा।

# आज के डिजिटल दौर में किताबें पढ़ना मत छोड़िये : राजपाल यादव




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डिजिटल वर्ल्ड को जरूर हृदय से लगाइये, पर किताबें पढ़ना मत छोड़िये। जिसने पढ़ना छोड़ दिया, उसने कढ़ना छोड़ दिया। मस्तिष्क को गढ़ने में किताबों की अहम भूमिका है, जो आपमें विवेक पैदा करती हैं। ये कहना था हास्य अभिनेता राजपाल यादव का। वे बलरामपुर गार्डन में चल रहे इक्कीसवें राष्ट्रीय पुस्तक मेले में नवें दिन रा वर्सेज आईएसआई के विमोचन के अवसर पर मुख अतिथि के तौर पर बोल रहे थे। दस दिवसीय मेला कल समापन समारोह के साथ अगले वर्ष तक के लिये विदा ले लेगा।

हास्य अभिनेता ने अपने गृहनगर शाहजहांपुर के साथ लखनऊ में पिछली सदी के आखिरी दशक के शुरूआती वर्षों में भारतेंदु नाट्य अकादमी में बिताये वर्षों का जिक्र करते हुये अगली पीढ़ी को खेलने, पुस्तकें पढ़ने और पढ़कर आगे बढने का प्रेरक संदेश दिया। मेला आयोजन को सराहते हुए विमोचित पुस्तक रा वर्सेस आईएसआई के बारे में बताया कि इसपर लेखक सर्वजीत सिंह वेब सीरीज भी बना रहे हैं। यूपी त्रिपाठी के संचालन में चले समारोह में दौलत वैश्य, आदित्य, पर्यावरण पर काम रही दीपिका, प्रकाशक विवेक व दिनेश की उपस्थिति में लेखक सर्वजीत ने बताया कि एक हिन्दुस्तानी और एक पाकिस्तानी चरित्र से ये कथा उपजी है। मेला मंच के साहित्यिक आयोजनों के क्रम में आज आदर्श प्रकाश सिंह की विवेचनात्मक पुस्तक पत्रकारिता के टेढ़े मेढ़े रास्ते का विमोचन हुआ। सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह ने बताया कि आदर्श की पहली प्रकाशित किताब पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए रही तो ये किताब पत्रकारीय जीवन पर है। यहां लोकभारती के संगठन मंत्री ब्रजेन्द्र पाल सिंह, आलोक सिंह, मनोज चंदेल, सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह, संतोष तिवारी और लेखक ने विचार व्यक्त किये। राजकमल प्रकाशन की ओर से वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी व कवि हरिओम के कविता संग्रह तारीख हमें साथ लिये जाती है के विमोचन के बाद किताब पर चर्चा हुई। यहां रचनाकार हरिओम ने शीर्षक रचना के साथ कई कविताएं पढ़ीं। वहीं मनोज पाण्डेय के संचालन में पुस्तक पर कवि नरेश सक्सेना, रामजी राय, प्रणय कृष्ण, बसंत त्रिपाठी, बजरंग बिहारी तिवारी और प्रेमशंकर सिंह ने अपनी बात रखी। शाम को मंच पर लिटरेरी वॉरियर्स ग्रुप और कल्याणी फाउंडेशन के संयोजन में डा.किरणदयाल स्नेही की पुस्तक आध्या विमोचन किया। संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष जयंत खोत की उपस्थिति और सूर्य कुमार पांडे की अध्यक्षता में हुए समारोह में डा.रेणु मिश्रा, नीलम सक्सेना, डा.अमिता दुबे, संजीव जायसवाल संजय, डा.मनीष शुक्ल, अभिनेता चंद्रभूषण सिंह, यूबी तिवारी, दीद लखनवी, अर्चना जैन आदि ने कविता पाठ किया।

# भारत के बदलते परिवेश को दर्शाता है 'इंडिया ऑफ्टर भगत सिंह'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** रुपांतर नाट्य मंच की ओर से आयोजित तीन दिवसीय नाट्य समारोह के दूसरे दिन नाटक इंडिया आफ्टर भगत सिंह का मंचन संगीत नाटक अकादमी में किया गया।

नाटक इंडिया आफ्टर भगत सिंह एक सशक्त एकल प्रस्तुति है, जिसे शिवेंद्र सिंह ने लिखा है और शुभम तिवारी द्वारा निर्देशित किया गया है। यह नाटक भगत सिंह की शहादत के बाद भारत के बदलते राजनीतिक और सामाजिक परिवेश को गहराई से खंगालता है। नाटक इस बात पर विचार करता है कि भगत सिंह की विचारधारा आज भी कितनी प्रासंगिक है और कैसे उनके नाम और आदर्शों का उपयोग विभिन्न राजनीतिक समूह अपने हितों के लिए करते हैं। यह प्रस्तुति भगत सिंह के विचारों को समकालीन दृष्टिकोण से समझने का प्रयास करती है और आधुनिक भारत में उनके आदर्शों के दुरूपयोग को बेनकाब करती है। इस नाटक को द मॉकिंग बड्र्स, लखनऊ के एक प्रतिष्ठित थिएटर समूह द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है। यह समूह अपने नाटकों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को उजागर करने और शांति व सांस्कृतिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए प्रसिद्ध है। उनकी प्रस्तुतियों में कला और सामाजिक सक्रियता का अनूठा संगम देखने को मिलता है, जो दर्शकों के दिलों को छू जाता है।

# गागर में सागर हैं रीता जैन की पुस्तकें

- दो कृतियों दर्शन से लोकोपकार एवं प्रेरक कहानियां का लोकार्पण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विश्रुत मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में प्रख्यात लेखिका श्रीमती रीता जैन की दो नव-प्रकाशित कृतियों ह्यदर्शन से लोकोपकारह्ल एवं ह्यप्रेरक कहानियाँह्ल का लोकार्पण आज बाल्मीकि रंगशाला, नाट्य कला केन्द्र, गोमती नगर, लखनऊ में सम्पन्न हुआ। भारी संख्या में उपस्थित पुस्तक प्रेमियों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि पद्मश्री सुश्री विद्या बिंदु एवं अति-विशिष्ट अतिथि प्रख्यात साहित्यकार पं. हरि ओम शर्मा ह्यहरिह्ल ने दोनों पुस्तकों को जनमानस के लिए लोकार्पित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार श्री दयानंद पाण्डेय, श्रीमती अलका प्रमोद, श्रीमती नीलम राकेश एवं प्रधान संपादक, उ.प्र. हिन्दी संस्थान श्रीमती अमिता दुबे ने अपने सारगर्भित विचारों से दोनों पुस्तकों के मर्म को उजागर किया। मंचासीन वक्ताओं ने एक स्वर से कहा कि दोनों पुस्तकें ह्यगागर में सागरह्ल के समान हैं, जो पाठकों को रोचक तरीके से जीवन की वास्तविकताओं से अवगत कराती हैं। इससे पहले, कार्यक्रम के संयोजक डा. अरुण कुमार जैन ने आमान्त्रित अतिथियों का स्वागत किया।

पुस्तकों का लोकार्पण करते हुए मुख्य अतिथि पद्मश्री सुश्री विद्या बिंदु ने कहा कि डा. रीता जैन की दोनों ही पुस्तकें पाठकों को सकारात्मक व रचनात्मक विचारों से ओतप्रोत करने में महती भूमिका निभायेंगी। ये पुस्तकें अपने आप में अनूठी है और व्यावहारिकता की कसौटी पर सौ प्रतिशत खरी है। समारोह के विशिष्ट अतिथि पं. हरि ओम शर्मा ह्यहरिह्ल, प्रख्यात साहित्यकार ने अपने संबोधन में कहा कि डा. रीता जैन अपने लेखनी से समाज को नई दिशा दिखा रही हैं, उसके लिए बधाई की पात्र हैं। डा. जैन की दोनों पुस्तकें समाज के सभी वर्गों के लिए मार्गदर्शक हैं।


## कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी

संख्या- 659/आबकारी/अपील/चेता./बाराबंकी    दिनांक 03.10..2024

**अपील / चेतावनी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों / स्थानों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से आँखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल जनहित में जनपद के जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी - 9454465638, आबकारी निरीक्षक, नवाबगंज 9454466232, आबकारी निरीक्षक, रामसनेही घाट - 9415530907, आबकारी निरीक्षक, हैदरगढ़ - 9454466234, आबकारी निरीक्षक, फतेहपुर - 9454466235, आबकारी निरीक्षक, सिरौली गौसपुर - 7017569578, आबकारी निरीक्षक, रामनगर– 7303337393, पर सूचना देने का कष्ट करें। अवैध मद्य निष्कर्षण से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिये प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर- 14405 तथा व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर भी दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा ।

**(कुलदीप दिनकर)**
**जिला आबकारी अधिकारी,**
**बाराबंकी**

**(सत्येन्द्र कुमार)**
**जिलाधिकारी,**
**बाराबंकी**

# भातखंडे : शास्त्रीय संगीत से सजी अवध की शाम



● भातखंडे कलामंडपम में कलाकारों की विविध प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय और सत्रीय केन्द्र गुवाहाटी की ओर से हो रहे 17 वें संगीत समारोह में शनिवार को विविध प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। देश भर से आए कलाकारों ने संगीत और नृत्य के अनूठे रंगों से रूबरू कराया। सबसे पहले पिरिश्मता फुकन ( असम ) ने बरगीत की एकल गायन प्रस्तुति दी। जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद कुंडल कुमार बोरा, सुदर्शन बोरा और अकिदर अंशु गोस्वामी ने बरगीत की प्रस्तुति से असम की पारंपरिक संगीत धारा का अद्भुत मिश्रण पेश किया। वहीं भैरवज्योति दत्त और अरुणभ ज्योति मालाकर ने खोल वादन की जुगल प्रस्तुति दी, जो बेहद सराही गई।

**सामूहिक बरगीत गायन:** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक बरगीत से समारोह की शोभा को और बढ़ा दिया। छात्रों ने सत्रीय संगीत की पारंपरिक धारा को उत्कृष्ट तरीके से प्रस्तुत किया, जिससे उनकी प्रतिभा और अभ्यास की झलक मिली। इस आयोजन ने असम की समृद्ध सत्रीय संगीत परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। जिसमें देश भर से आए कलाकारों ने भाग लिया और श्रोताओं का मन मोह लिया।

**संगोष्ठी और व्याख्यान:** समारोह के तीसरे और अंतिम दिन के पहले सत्र में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें असम की सत्रीय संगीत परंपरा पर गहन चर्चा हुई। विभिन्न सत्रीय विशेषज्ञों ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। इसमें प्रमुख वक्ता थे हिरचरण भुइयां बरबायन, जादब बोरा, उत्तर कमलबारी सत्र, माजुली, शंकरदेव कलाक्षेत्र, और बरपेटा सत्र के प्रतिनिधि। वक्ताओं ने सत्रीय परंपराओं की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला और दर्शकों को सत्रीय संगीत की विशिष्टताओं से अवगत कराया।

**शास्त्रीय संगीत की महत्ता:** शास्त्रीय संगीत असम की एक प्राचीन और समृद्ध धरोहर है, जो धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ी है। यह संगीत परंपरा शंकरदेव के समय से चली आ रही है और आज भी इसे पूरी निष्ठा के साथ संजोया जा रहा है। इस संगीत समारोह का उद्देश्य सत्रीय संगीत की विशेषताओं को बढ़ावा देना और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना था।

इस तीन दिवसीय आयोजन ने न केवल असम की सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित किया, बल्कि इसे देश के अन्य हिस्सों में भी पहचान दिलाई। कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों और श्रोताओं की भारी उपस्थिति ने इस समारोह को बेहद सफल बना दिया। मारोह के अंत में मुख्य अतिथि डॉ. कुमकुम धर ने सभी कलाकारों को सम्मानित किया। उन्होंने इस समारोह को सफल बनाने में कलाकारों और आयोजकों के प्रयासों की भी सराहना की।

## हम कथा सुनाते राम सकल गुन धाम की...

● वाटकर सिस्टर्स के गीतों ने समां बांधा
● सहारागंज में उमड़ी भीड़ ने रामायण फैशन शो व क्विज का लिया आनन्द

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** दशहरा के अवसर पर शहर के हजरतगंज स्थित सहारा माल में 'विजयादशमी' का आयोजन शनिवार 5 अक्टूबर को किया गया। इस फेस्टिव वीकेंड को यादगार बनाते हुए नागपुर से आई वाटकर सिस्टर्स भाग्यश्री और ह्लधनश्रीह्व ने अपना मशहूर भजन 'हम कथा सुनाते राम सकल गुन धाम की..' गाकर सबकी प्रशंसा हासिल की। इसके साथ ही उन्होंने हे नाम रे सबसे बड़ा तेरा नाम ओ शेरोंवाली सुनाकर सबको नवरात्र के अवसर पर डांडिया भी करवाया।

अपने तरह के इस निराले और भव्य आयोजन विजयादशमी में, विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से, आगंतुकों को पुरस्कार जीतने का सुनहरा अवसर भी दिया गया। सहारागंज के हेड, सुनील बंका की परिकल्पना में यह सम्पूर्ण समारोह हुआ। रामायण थीम पर हुए फैशन शो ने इस आयोजन का आकर्षण बढ़ाया। इस समारोह में हुई रामायण सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में टीम धनुष अव्वल रही। टीम धनुष की देवांजना, देवीना, आत्रिया केसरवानी की भारतीय सांस्कृतिक चेतना और ज्ञान के सभी मुरीद हो गए। डम्ब शराड प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने इशारों से फिल्म और धारावाहिक के नाम बूझने की चुनौतियां पेश की। ड्रा ऑन माईबैक में प्रतिभागियों के पीठ पर आकृति बनाकर उसका अनुमान लगाने की दिलचस्प प्रतियोगिता करवायी गई। अंतर बताओ प्रतियोगिता में एक जैसे दिखने वाले दो चित्रों के बीच अंतर ढूंढना था। फैशन शो में 8 से 12 आयु तक के प्रतिभागियों ने रामायण की थीम के अनुकूल आधुनिक एवं पारंपरिक वस्त्रों में रैंप वॉक कर पुरस्कार हासिल किए। लब्धि जैन सीता और प्रकण्ड नारायण दुबे राम बने थे। यह दोनों क्रम से पहले और दूसरे स्थान पर रहे। इस क्रम में प्रियांशी को तीसरा पुरस्कार मिला। इसके साथ ही इसमें आद्या सिंह, हेतिका श्रीवास्तव, अमर चौधरी, महविश हसन ने भी अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करवायी।

## छात्रों को बांटी निःशुल्क शिक्षण सामग्री



**लखनऊ।** मिशन एजूकेशन के तहत मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वाधान में सतपाल जी महाराज एवं विभू जी महाराज की प्रेरणा से जनपद, लखनऊ में महात्मा शमा बाई के मार्गदर्शन में संस्था के कार्यकरताओं एवं यूथ टीम सदस्यों द्वारा श्री राम औद्योगिक अनाथालय, लखनऊ में छात्राओं को उनकी शिक्षा में सहयोग हेतु निःशुल्क शिक्षण सामग्री ( कॉपी, पेन,पेन्सल, रबर, कटर, स्केल ) का वितरण किया गया ।

## धूमधाम से मनी महाराजा अग्रसेन जयंती



लखनऊ। श्री अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती उत्सव शनिवार को महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल गोमती नगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल, विशिष्ट अतिथि डीजी फैमिली वेलफेयर एंड ट्रेनिंग उत्तर प्रदेश के डॉ नरेंद्र अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन किया व महाराजा अग्रसेनजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी आरती की गई। श्री अग्रवाल समाज के महामंत्री आशीष कुमार अग्रवाल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल गोमती नगर, जानकीपुरम व मोती नगर के छात्र एवं छात्राओं ने नृत्य के माध्यम से बहुत ही आकर्षक प्रस्तुति दी जिसकी करतल ध्वनि से उपस्थित सभी सदस्यों ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। श्री अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रवीश कुमार अग्रवाल ने बताया कि टीवी आर्टिस्ट राघवेंद्र ने सोलो नृत्य प्रस्तुत किया जिसकी भूरी भूरी प्रशंसा सभी लोगों ने की। महामंत्री आशीष अग्रवाल ने वार्षिक रिपोर्ट सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की।

## वायुपंख संगीतशाला में नवरात्र देवी गीतों की बही बयार



**लखनऊ।** संगीत प्रेमियों की नगरी लखनऊ में वायुपंख संगीतशाला कला की दुनिया में निरंतर प्रसिद्धि पा रहा है। वायुपंख सगीतशाला के द्वारा नवरात्रि विशेष प्रस्तुतिपरक कार्यशाला का भव्य आयोजन सेंट जोसफ कालेज की ठाकुरगंज शाखा के बौद्ध प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही आकाशवाणी की पूर्व स्टेशन डायरेक्टर मीनू खरे, दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप मैं उपस्थित रहे। सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल के आशीर्वाद से उनकी दिवंगत पुत्री निरुपमा की याद में नवरात्रि विशेष देवी गीतों की प्रस्तुतिपरक कार्यशाला का शुभारंभ हुआ जिसमें इंडियन आइडल फेम गायक कलाकार सतेंद्र आर्या के कुशल निर्देशन में सभी प्रतिभागियों ने मोहक प्रस्तुतियां देकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वायुपंख म्यूजिक क्लासेज की संस्थापक प्रबंधक स्क्वॉड्रन लीडर राखी अग्रवाल ने बताया कि यह संगीत संस्था लखनऊ के राजाजीपुरम व गोमती नगर स्थित शिक्षण केन्द्रों के माध्यम से संगीत की तीनो विधाओं गायन, वादन व नृत्य में हिन्दुस्तानी संगीत पद्धति तथा पाश्चात्य शैली दोनों के अनुसार सभी आयु वर्ग के लोगों को स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सत्येन्द्र आर्या को संगीत के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए वायुपंख संगीत साधक सम्मान से सम्मानित किया गया ।

## पाश्चात्य ने भारतीय विचारों को लेकर भारतीयों से अधिक किया विकास

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के दर्शनशास्त्र विभाग के तत्वावधान में शनिवार को सैटरडे सेमिनार की विशेष शृंखला में विभागाध्यक्षा डॉ. रजनी श्रीवास्तव के संरक्षण में एक व्याख्यान का आयोजन हुआ।

इस व्याख्यान में दर्शनशास्त्र विभाग के शोध छात्र विवेक मिश्र ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनके द्वारा प्रस्तुत व्याख्यान का विषय दर्शनः फ्राम अनिकाशिकी टू आत्मविद्या था। उन्होंने अपने व्याख्यान का प्रारंभ इस बात से किया कि कैसे पाश्चात्य दर्शन ने भारतीय दर्शन के विचारों लेकर खुद का विकास भारतीय से भी अधिक किया। उन्होंने भारतीय दर्शन में एवं पाश्चात्य दर्शन में कैसे दर्शन को परिभाषित किया है, उसकी भी चर्चा की। भारतीय दर्शन में दृश्यते अनेन इति दर्शनम तथा पाश्चात्य दर्शन में जानने की इच्छा के रूप में कैसे परिभाषित किया जाता है, इसकी भी चर्चा की। भारतीय परम्परा में कैसे कौटिल्य के अर्थ शास्त्र को दर्शन के परिपेक्ष में देख सकते हैं, उसकी चर्चा की। भारतीय में पाश्चात्य विचारक आन्विक्षिकी को किस किस रूप में परिभाषित करते हैं, इसकी चर्चा के साथ साथ भारतीय दर्शन को भारतीय परंपरा के समकालीन विचारकों ने कैसे नई दृष्टि में वर्णित किया है उनकी चर्चा के साथ साथ राधा कृष्णन, दया कृष्ण एवं एसएन दास गुप्ता जैसे विचारकों का उल्लेख किया। उनके व्याख्यान के पाश्चात्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. रजनी श्रीवास्तव ने उनके व्याख्यान को संक्षिप्त करते हुए अपनी टिप्पणियों को व्यक्त किया। सेमिनार में दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो. राकेश चंद्रा, डॉ. राजेश्वर प्रसाद यादव, डॉ. राजेंद्र कुमार वर्मा एवं डॉ. ममता सिंह उपस्थित थे।

## डांडिया और गरबा नृत्य पर झूम उठीं महिलाएं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** इनर व्हील क्लब लखनऊ ने आज एक प्रदर्शनी और डांडिया रास का आयोजन रेगेंट होटल, निरालानगर में किया। इस जीवंत उत्सव में योग्य महिलाओं को सिलाई मशीनों का दान दिया गया, जिसका उद्घाटन प्रतिष्ठित मुख्य अतिथि, बिंदू बोरा, प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता ने सुबह 11 बजे किया।

इस कार्यक्रम में महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उपस्थित लोगों ने सभी आयु समूहों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं का आनंद लिया, जिसमें बेबी शो, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, आभूषण रैंप वॉक आदि शामिल थे। डांडिया रास का आयोजन शाम 6 बजे से 9 बजे तक हुआ, जिसका उदघाटन नम्रता पाठक ने किया।

डांडिया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चों ने विभिन्न गानों की धुन पर सामूहिक प्रस्तुति दी। खुशी और मस्ती भरे वातावरण में आनंद उठाते हुए नवरात्र का शानदार तरीके से स्वागत किया। कार्यक्रम में गरबा नृत्य पर महिलाएं जमकर थिरकीं। रंग-बिरंगे परिधान घाघरा-चोली चुन्नी में सजी महिलाओ ने लोक गीतों पर डांडिया व गरबा नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिससे देर शाम तक कार्यक्रम चलता रहा। लोकगीतों के साथ ही हिट हिंदी फिल्मी गीतों पर देर शाम तक महिलाएं डांडिया नृत्य कर खूब धमाल किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम अध्यक्ष सुशीला अग्रवाल, सह-अध्यक्ष मोनिका बंसल, अलका बंसल , अर्चना अग्रवाल , अध्यक्ष संगीता मित्तल, सचिव कविता अग्रवाल, मधु अग्रवाल , शिखा राज, संपादक शिल्पा अग्रवाल, और इनर व्हील क्लब लखनऊ के सभी समर्पित सदस्यों ने किया।

## मथुरा छुटी, छुटी द्वारका, इन्द्रप्रस्थ ठुकराया...

● नेचर क्लब और प्रिमियम हेल्थ क्लब का उद्घाटन के मौके पर कुमार विश्वास ने अपनी कविताओं से दर्शकों का दिल जीता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शनिवार को दयाल बाग में नेचर क्लब और प्रिमियम हेल्थ क्लब का उद्घाटन मुख्य अतिथि लोकप्रिय कवि कुमार विश्वास, राज्य सभा सांसद डा दिनेश शर्मा, दयाल बाग के चेयरमैन राजेश सिंह दयाल, सीईओ पार्थ सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। दुर्गा पूजा पर बालिकाओं ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भक्तिमय कर दिया।

दयाल बाग के चेयरमैन राजेश सिंह दयाल ने बताया कि यहां पर स्टेट आफ द जिम, योगा और ध्यान स्टूडियों, स्पा और कल्याण सेवा, स्वीमिंगपूल, हेल्दी और आर्गेनिक ब्रेक फास्ट मेन्यू में शामिल हैं। यहां के मिम्बर्स को डिस्काउंट ऑफर दयाल हास्पिटैलिटी, रेस्टोरेंट में मिलेंगे। उन्होंने बताया कि यहां पर मार्निंग वॉक इवनिंग वाक शुद्ध वातावरण में करने से काया निरोगी रहेगी। राजेश सिंह दयाल ने कुमार विश्वास का आभार जताते हुए कहा कि वह हर काम में हमारे साथ हमेशा रहे, हमारा हौसला बढ़ाया जब हमने बेटे कुंवर को खोया उन्होंने मुझे संभाला और उसके नाम से स्कूल खोलने का सुझाव दिया। राजेश सिंह ने बताया कि यहां के मिम्बर्स को मेदांता अस्पताल में 20 प्रतिशत का डिस्काउंट इलाज पर मिलेगा। डा. दिनेश शर्मा ने नेचर क्लब और प्रिमियम हेल्थ क्लब के बारे में कहा कि यहां पर सबको मानसिक और आध्यात्मिक रुप से स्वस्थ रखने का सराहनीय कदम उठाया है। कवि कुमार विश्वास ने कहा कि राजेश भाई का नेचर क्लब और प्रिमियम हेल्थ क्लब लोगों को प्रकृति से रुबरु कराकर स्वास्थ्य का संदेश लखनऊ वासियों को दिया है। उन्होंने सफलता और सुख की परिभाषा लोगों को बतायी। उन्होंने ने लोगों में विश्वास जगाते हुए जो है उसी में संतुष्ट और सुखी रहने का मंत्र देते हुए कहा कि जिस दिन आप प्राप्त को पर्याप्त मान लोगे जीवन सुखमय हो जाएगा। उन्होंने सुनाया -बेहतर दिनों की आस लगाए हुए थे, हमने बेहतरीन दिन भी गंवा दिये। मजदूर ओढ़ कर अखबार सो गए, उनको नींद की गोलियां नहीं खानी पड़ती। कुमार विश्वास ने कहा आप चाहें जहां भी जाओ, वहां को न कभी भूलो जहां से गये हो। उन्होंने अपनी कविता सुनाई -मथुरा छुटी, छुटी द्वारका, इन्द्रप्रस्थ ठुकराया, वंशी छुटी, गोकुल छुटा, कब तक चक्र उठाऊं। पिछला जन्म जानकी तुम बिन जैसे तैसे बीता, महासमर में कब तक गीत गाऊं, कब तक राधा गीत सुनाऊं। अंत में नेचर क्लब और प्रिमियम हेल्थ क्लब की मेम्बर शिप लेने वालों को कुमार विश्वास और राजेश सिंह दयाल ने मेम्बर शिप कार्ड देते हुए सम्मानित किया।

## पीजीआई में पत्रकारों को मिल रही मुफ्त चिकित्सा के सरलीकरण की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट् यूनियन ने राज्य मुख्यालय के मान्यता प्राप्त पत्रकारों को पीजीआई में मिल रही मुफ्त चिकित्सा सुविधा की प्रक्रिया के सरलीकरण और योजना का लाभ प्रदेश के सभी पत्रकारों को देने की मांग की है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री/सूचना विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद को दिए गये ज्ञापन में यूनियन ने कहा है कि प्रक्रिया में तकनीकी दिक्कतों के कारण पत्रकारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यूनियन ने रिवाल्विंग फंड की धनराशि 25 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ करने और न्यूनतम बैलेंस 50 लाख रुपये करने की भी मांग की है। यूनियन का कहना है कि पीजीआई के अधिकारी रिवाल्विंग फंड में धनराशि न होने का बहाना करके पत्रकारों से इलाज की अग्रिम धनराशि जमा करा लेते हैं, जिसकी प्रतिपूर्ति में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वास्तविक स्थिति यह है कि पिछले दस वर्षों में राज्य सरकार द्वारा पीजीआई को उपलब्ध करायी गयी धनराशि में से 1.65 करोड़ रुपये लैप्स हो गयी है। यूनियन का कहना है कि क्योंकि पीजीआई सरकारी संस्थान है इसलिए इलाज के भुगतान की लम्बी प्रक्रिया को समाप्त कर पीजीआई को रिवाल्विंग फंड से सीधे इलाज करने का अधिकार दिया जाये। ज्ञापन यूनियन के प्रादेशिक अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, महामंत्री प्रेमकांत तिवारी, मंडलीय अध्यक्ष शिवशरण सिंह, महामंत्री विश्वदेव राव और यूपी प्रेस क्लब, लखनऊ के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार सिंह की ओर से दिया गया, जिस पर प्रमुख सचिव संजय प्रसाद और सूचना निदेशक शिशिर के साथ हर बिन्दु पर विस्तृत वार्ता हुई। उन्होंने ज्ञापन का परीक्षण कर मूल शासनादेश में यथासंभव संशोधन कर रिवाल्विंग फंड एक करोड़ रुपये किये जाने का आश्वासन दिया।

## छात्रों के लिए हुई पूल पार्टी



लखनऊ। सीएमएस के राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल सेक्शन ने पूल पार्टी का आयोजन विद्यालय के तरणताल में किया। अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के बाद इस पूल पार्टी से छात्रों को एक खुशनुमा माहौल में तरोताजा होने का अवसर मिला। साथ ही सौहार्द व एकजुटता की भावना को बढ़ाने का अभूतपूर्व अवसर साबित हुआ। इस अनूठे आयोजन में कक्षा-1 से लेकर कक्षा-9 तक के छात्रों ने बड़े ही आनंददायक वातावरण में अपनी दोस्ती को मजबूत किया और ढेरों यादगार लम्हें संजोये। स्विमिंग पूल में छात्रों को हंसते-खिलखिलाते व इठलाते हुए देखना सभी के लिए बड़े ही आनन्द व उल्लास का अवसर साबित हुआ।

## जातीय जनगणना कराने के लिए करेंगे संघर्ष

**लखनऊ।** समाजवादी लोहिया वाहिनी का आगाज-ए-इंकलाब सम्मेलन शनिवार को गांधी भवन प्रेक्षाग्रह में सम्पन्न हुआ, जिसमें संगठन के सभी जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के अलावा सभी फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सम्मेलन में 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनाने का संकल्प लेने के साथ समाजवादी लोहिया वाहिनी द्वारा बूथ स्तर तक संगठन की मजबूती के लिए काम करने का निर्णय लिया गया। सपा की विचारधारा, नीतियों और उपलब्धियों से जनता को जोड़ने और पीडीए को और मजबूत करने के लिए जातीय जनगणना कराने के लिए समाजवादी लोहिया वाहिनी द्वारा संघर्ष का भी निश्चय किया गया है। सम्मेलन में समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि सपा विचारधारा की राजनीति करती है। छत्रपति शाहूजी महाराज ने सर्वप्रथम आरक्षण की व्यवस्था की थी।

## एआई की परिवर्तनकारी भूमिका पर डाला प्रकाश

● आईईटी के आईईईई छात्र शाखा के तीन दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान ( आईईटी ) के आईईईई छात्र शाखा के तीन दिवसीय आईईईई दिवस का समापन समारोह शनिवार को हुआ। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित अतिथियों का स्वागत किया गया, जिनमें आईईटी के निदेशक प्रो. विनीत कंसल, ईसीडी विभाग के प्रमुख प्रो. सुबोध वारिया, और सीनियर आईईईई सदस्य व शाखा परामर्शदाता प्रो. नीलम श्रीवास्तव शामिल थे।

1 अक्टूबर को, ट्रिपल आईटी लखनऊ के डॉ. दीपक कुमार सिंह ने समाज में एआई की परिवर्तनकारी भूमिका पर एक मुख्य भाषण दिया, जिसमें प्रो-जेन और वाइब्स.एआई जैसे टूल्स पर विशेष जोर दिया गया। फ्यूचर टेक इम्बेडेड सल्यूशंस के कार्यकारी निदेशक मयंक मणि सिंह ने एम्बेडेड सिस्टम्स के साथ अकके एकीकरण पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। दिन का समापन एक तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के साथ हुआ, जिसमें टीआरकेएन, क्वांटम क्यूर्ज्स और टेकनेर्डस टीमों ने शीर्ष स्थान प्राप्त किए। 4 अक्टूबर को, एडवर्टिसमेंट मानिया इवेंट में प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों ने नवाचारी विचार प्रस्तुत किए। इनोवेशन इंफ्यूजन, इक्ट्रोनाट्स और वायरेड विज्डर्स टीमों ने अपनी रचनात्मकता और प्रस्तुति कौशल के लिए शीर्ष सम्मान अर्जित किए। समारोह का समापन शनिवार को आईईईई उत्तर प्रदेश सेक्शन के अध्यक्ष प्रो. रफीक अहमद के मुख्य भाषण के साथ हुआ। उन्होंने प्रभावी आईईईई शाखा प्रबंधन, शाखा और संस्थान के सहयोग के लाभ और वैश्विक मंचों पर छात्रों के सहयोग के तरीकों पर चर्चा की। कार्यक्रम का समापन टीनकेरकार्डर्स पर एक ई-नीलामी और एक रोमांचक परियोजना निर्माण प्रतियोगिता के साथ हुआ। स्ट्रेंजर्स, जेएआरवीआईएस और टेक फ्यूट्रोनिक्स टीमों ने शीर्ष सम्मान प्राप्त किये। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम ने प्रतिभागियों के तकनीकी ज्ञान, नेतृत्व कौशल और नेटवर्किंग क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया। लगभग 200 छात्रों और शिक्षकों ने इस सफल आयोजन में भाग लिया, जिसने नवाचार को गहरा किया, टीम वर्क को मजबूत किया, और व्यावहारिक शिक्षा के अवसर प्रदान किए।

## 300 छात्रों ने भाजपा की ली सदस्यता



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा सदस्यता अभियान के दूसरे चरण के अभियान को गति देते हुए भाजपा नेता नीरज सिंह लाल महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय, गोसाईगंज में आयोजित कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए जिसमें लगभग 300 छात्रों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

युवाओं को संबोधित करते हुए नीरज सिंह ने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए युवा पीढ़ी भाजपा सदस्य के रूप में पार्टी के विस्तार और सशक्तिकरण में प्रमुख भूमिका निभायेंगे। भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनने पर सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए उपस्थित सभी युवाओं को नीरज सिंह ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में ईशान शर्मा अरविंद प्रकाश सिंह शैक्षिक सलाहकार सरदार भगत सिंह उच्च शिक्षण संस्थान तथा गोसाईगंज नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल मिश्रा, श्याम मूर्ति गुप्त महाविद्यालय की प्रबंधककारिणी समिति के सदस्य रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी, कोषाध्यक्ष राज बहादुर राय एवं महाविद्यालय के प्रबंधक अंबिका प्रसाद वर्मा एवं प्रधानाचार्य डॉ. नीरज सिंह रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में समूह विशिष्ट संपर्क की योजना पर जोर

लखनऊ। लखनऊ महानगर पार्टी कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शनिवार को लखनऊ महानगर की सभी विधानसभाओं के सदस्यता अभियान प्रमुखों के साथ बैठक की और लखनऊ को प्रदेश स्तर पर अभियान में प्रथम स्थान बनाए रखने की कार्य योजना तय की। आनंद द्विवेदी ने कहा कि लखनऊ महानगर के अन्तर्गत सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम और सक्रिय सहयोग से पहले चरण में अभियान को सफलतापूर्वक चलाया गया है। दूसरे चरण में सामूहिक सदस्यता की योजना के अंतर्गत समूह विशिष्ट संपर्क आयोजित करने पर जोर दिया।

संक्षेप

## बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

**देवरिया ।** बेसिक शिक्षाकारी के निर्देश पर न्याय स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन पगरा न्याय पंचायत के पगरा कम्पोजिट विद्यालय में आयोजित हुआ जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ के भाग लिया । प्राथमिक स्तर के बालक,बालिकाओं ने खो खो ,कबड्डी,एथलेटिक्स, दौड़ लम्बी कूद ,में और उच्च प्राथमिक के बच्चों ने लम्बी कूद ,ऊंची कूद,गोला क्षेपण,समूह गान अंताक्षरी में भाग लिया। कम्पोजिट विद्यालय बगहां मठिया खो खो में दोनों वर्गों में विजेता रहा ।

इसी विद्यालय के छात्र अल्तमस अंसारी( 5 ) एथलेटिक्स में प्रथम,जिगर शर्मा ( 4 ) द्वितीय स्थान प्राप्त किया । विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्यामदेव यादव ,सअ इंद्रावती देवी ,अनिल कुमार राय ,स्वाति सिंह,राहुल सिंह ,रजनीकांत तिवारी ,विनीता तिवारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक , बालिकाओं को बधाई दिया है ।

## मंदिर मार्ग पर जानलेवा बने गड्ढे

**रूद्रपुर, देवरिया ।** नाली का पानी सड़क पर बहने के कारण मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर जानलेवा गड्ढा बन गया है। जिससे जहां एक तरफ आवागमन में परेशानी हो रही है वहीं दूसरी तरफ बड़ी दुर्घटना की आशंका भी व्यक्त की जा रही है। विदित हो कि काफी प्रयास के बाद एमएलसी डॉक्टर रतनपाल सिंह के सहयोग से खजुआ चौराहे से मंदिर मार्ग तक की सड़क डबल लेन बनी थी। काशीपुरम के गेट के पास नगर पंचायत की नाली से लगातार पानी ओवरफ्लो करने के नाते सड़क टूटनी शुरू हुई और देखते ही देखते सड़क के बीचो-बीच एक बड़ा गड्ढा बन गया। कुछ लोगों ने गड्ढे से बचाव करने के लिए उसमें ईंट और पत्थर डाल दिया तथा पेड़ की डाली भी लगा दिया। लगभग एक हफ्ते बीतने के बाद ना तो लोक निर्माण विभाग और ना ही नगर पंचायत प्रशासन ने इसकी सुधि ली। जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है वहीं सुबह टहलने वालों व पूजा पाठ के लिए मंदिर जाने वालों को कीचड़ से सराबोर होना पड़ रहा है।

# निर्धारित अवधि के भीतर शुचिता और पारदर्शिता के साथ प्रार्थना पत्रों का करें निष्पक्ष निस्तारण: डीएम




जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में आज तहसील खड्डा के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सभागार में आए हुए जनता/ फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को बारी-बारी से गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित, समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सुपुर्द कर दिये।उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस पर आए हुए शिकायतों को सदैव प्राथमिकता पर रखते हुए हर पीड़ित की समस्या का निष्पक्ष निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार निर्धारित अवधि के भीतर सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। इसी क्रम अधिवक्ताओं द्वारा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भी दिया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवायी की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से टीम बनाकर प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिये। राजस्व व पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारियों को शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 43 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 14 में से 02 को तत्काल निस्तारित किया गया ,राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त मामलों से संबंधित 04, पुलिस विभाग से संबंधित 06, विकास विभाग से संबंधित 07 तथा अन्य विभाग के 12 में से 2 को तत्काल निस्तारण किया गया। इस प्रकार कुल 43 में से 04 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 39 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समयंतर्गर निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, उप जिलाधिकारी खड्डा ऋषभ पुंडीर, सीएमओ डॉ0 सुरेश पटारिया, सीओ उमेश भट्ट, डीपीओ विनय कुमार ,बीएसए राम जियावन मौर्य, डीएसओ डी के सैनी, डीआईओएस रविंद्र कुमार, जिला पंचायतराज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, तहसीलदार श्री महेश, नायब तहसीलदार खड्डा अभिषेक सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण, ईओ एवं थानाध्यक्ष गण, कानूनगो व लेखपाल उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**देवरिया ।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बरहज तहसील स्भागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने अथवा सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने को गम्भीरता से लेते हुए जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में धान की फसल की कटाई प्रारंभ हो जाएगी। ऐसे प्रकरण जिनमें फसल खड़ी होने की वजह से पैमाइश नहीं हो पाई थी, उन्हें प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि सभी लाभार्थीपरक योजनाएं जैसे- वृद्धावस्था पेंशन, निर्विवाद वरासत और कागजात दुरूस्ती आदि के मामल को तत्काल निस्तारित कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब, पात्र व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये।

कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारी, थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ितों को न्याय मिले। पुलिस अधिकारीगण प्रत्येक प्रकरण में नियमानुसार त्वरित कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

बरहज तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 78 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से सर्वाधिक राजस्व विभाग के 30, पुलिस विभाग के 06, विकास विभाग के 09, शिक्षा विभाग के 01, स्वास्थ्य विभाग के 02, खाद्य एवं रसद विभाग के 13, समाज कल्याण विभाग के 03 तथा अन्य विभाग के 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। अवशेष 72 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समाधान के निर्देश के साथ सौंपा गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीएमओ डॉ राजेश झा, एसडीएम अंगद यादव, सीओ आदित्य गौतम सहित विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं थानाध्यक्ष गण उपस्थित थे।

# डीएम और एसपी ने लिया मूर्ति विसर्जन स्थल का जायजा

**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा ने आज कपरवार एवं भागलपुर में घाघरा नदी के किनारे स्थित दुर्गा प्रतिमा विर्सजन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने कहा कि किसी भी दशा में पुल से प्रतिमा का विसर्जन नहीं होने दिया जाएगा, बल्कि नीचे नदी के किनारे व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए डीएम ने एसडीएम को दुर्गा पूजा आयोजन समितियों, पीस कमेटी एवं



ग्राम प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि देवी प्रतिमा का विसर्जन पूर्ण मान-मयार्दा एवं गरिमापूर्ण ढंग से किया जाए। डीएम ने प्रतिमा विर्सजन स्थल तक सुगम मार्ग बनाने के लिए पीडब्लूडी के अवर अभियंता को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिमा विसर्जन को पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए हर संभव उपाय किये जायेंगे। पुल के ऊपर से प्रतिमा विसर्जन होने में दुर्घटना की संभावना रहती है। प्रतिमा विसर्जन स्थलों पर पेयजल, प्रकाश, जनरेटर, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। विसर्जन स्थल पर ट्रैफिक का रूट चार्ट पहले ही बना लिया जाये। गोताखोर, नाव एवं सर्चलाइट के इंतजाम भी विसर्जन से पूर्व कर लिया जाए। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए प्रमुख विसर्जन स्थलों पर मेडिकल टीम भी तैनात रहेगी। चुनिंदा स्थलों पर क्रेन की व्यवस्था भी की जा रही है। नदी घाटों पर पर्याप्त बैरिकेडिंग करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान एसडीएम बरहज अंगद यादव एवं सीओ आदित्य गौतम सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

## स्कूल मे हुई चौथी बार हुई चोरी

**भटनी(देवरिया) ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम भरहेचौरा मे स्थित प्राथमिक स्कूल मे अब तक चार बार हो चुकी चोरी पुलिस नही कर पायी पदार्फाश ।आनलाइन प्राथमिकी दर्ज के दुसरे दिन एक ही सप्ताह मे दो बार चोरी इस सम्बन्ध मे स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुशीला यादव ने थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखी है कि मेरे स्कूल का ताला तोडकर चोर पहली अक्टूबर की रात्रि वाटर पम्प चुरा ले गये ।

# निक्षय मित्र बन टीबी रोगियों को दे संबल: डीटीओ

## टीबी रोगियों को गोद लेकर पोषण पोटली देना पुण्य का काम: अधिशासी अध्यक्ष

**कुशीनगर।** मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ सुरेश पटारिया के निर्देश पर जनपद में निक्षय मित्र बनाये जाने के अभियान के क्रम में स्थानीय सीएचसी परिसर में शनिवार को अवध सुगर एन्ड एनर्जी लिमिटेड न्यू इंडिया सुगर मिल हाटा द्वारा 51 टीबी रोगियों को गोद लेने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि डीटीओ डॉ एस एन त्रिपाठी ने कहा कि निक्षय मित्र बनकर टीबी रोगियों को सम्बल देने का कार्य करे। उन्होंने ने कहा कि टीबी का रोगी शारीरिकी रूप से कमजोर हो जाता है। ऐसे में दवा के साथ प्रोटीनयुक्त आहार लेने से शीघ्र ही स्वस्थ हो जाता है। उन्होंने ने कहा कि इस पुनीत कार्य के लिये सुगर मिल के अधिशाषी अध्यक्ष एवं उनकी पूरी टीम के प्रति मैं अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विशिष्ट अतिथि न्यू इंडिया सुगर मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह ने कहा कि टीबी रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण की पोटली देना पुण्य का कार्य है। यह पुण्य कार्य करने का मुझे आज जो सौभाग्य प्राप्त हुआ उनके लिये मैं ईश्वर के प्रति धन्यबाद ज्ञापित करता हूँ। उन्होंने ने कहा कि हमारी फैक्ट्री क्षेत्र के लोगों को यही पर रोजगार देने के लिये लगातार प्रयासरत है तथा समय समय पर सामाजिक कार्यो में भी अपनी जिम्मेदारी निभाती रहती है।उन्होंने कहा कि हम इन 51 टीबी रोगियों को जब तक उपचार चलेगा तब तक प्रतिमाह पोषण की पोटली जिनमें गुड़,भुना चना,सत्तू,मूँगफली का दाना, गजक एवं प्रोटीन पाउडर उपलब्ध कराते रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अमित कुमार ने कहा कि गोद वाले व्यक्तियों का टीबी रोगियों के प्रति भावनात्मक जुड़ाव हो जाता है।उन्होंने इस कार्य




हेतु सुगर मिल की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। सुगर मिल के चिकित्सक डॉ नवनीत त्यागी ने टीबी रोग एवं बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। आगन्तुको का स्वागत एमोटीसी डॉ अजय कुमार सिंह ने किया तथा अतिथियों के प्रति आभार एसटीएस राजीव राय ने व्यक्त किया। इस दौरान सुगर मिल के एच आर प्रांशु शर्मा, डीडी सिंह, एस. के. जयसवाल, अंकुर श्रीवास्तव, सुबोध उपाध्याय, दुर्गेश सिंह, जगतपाल सिंह, एसटीएस राकेश सोनकर,एसटीएलएस विवेक चौधरी,निक्षय मित्र रमेश प्रसाद त्रिपाठी, सत्य प्रकाश रावत, राजकुमार चौधरी, लालसाहब सिंह,राहुल श्रीवास्तव,अरविंद सिंह, ट्रीटमेंट सपोर्टर गुलाब प्रजापति, मुनीब अहमद, सन्तोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मां दुर्गा पर आपत्तिजनक टिप्पणी शेयर करने वाले रामेश्वर पर मुकदमा दर्ज

**कुशीनगर।** सोशल मीडिया पर जगत जननी माँ दुर्गा पर आपत्तिजनक टिप्पणी वाले पोस्ट को शेयर करने वाले राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रामेश्वर कुशवाहा के खिलाफ पडरौना कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर

**● भाजपा नेता के तहरीर पर हुई कार्रवाई**

किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई भाजपा नेता सूर्य प्रकाश उर्फ चिन्टू शुक्ला के तहरीर पर की है। बतादे कि सोशल मीडिया मंच फैशबुक पर विकास मौर्या नामक व्यक्ति ने नवरात्र के पावन पर्व पर माँ दुर्गा पर अभद्र टिप्पणी कर पोस्ट किया है, जिसे राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष व नारह छपरा निवासी रामेश्वर कुशवाहा द्वारा हिन्दू समाज को आहत पहुचाने की गरज से शेयर किया गया है। इसको लेकर हिन्दू समाज में काफी आक्रोश व्याप्त है। इसी कडी में भाजपा नेता सूर्य प्रकाश उर्फ चिन्टू शुक्ला ने कोतवाली पुलिस को रामेश्वर कुशवाहा के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने अपने तहरीर मे कहा है कि हिन्दू जनमानस के धार्मिक भावना को आहत पहुचाने के उद्देश्य से रामेश्वर कुशवाहा ने माँ दुर्गा पर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी को शेयर किया। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए रामेश्वर कुशवाहा के विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी की धारा 67 (ए), भारतीय न्याय संहिता के तहत धारा 299 दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। यहा बताना जरूरी है कि माँ जगत जननी माँ दुर्गा पर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर हिन्दू समाज खासे नाराज है। यही वजह है कि जनपद के अलग अलग-अलग थाना क्षेत्रों से आक्रोशित हिन्दू जनमानस रामेश्वर कुशवाहा के खिलाफ तहरीर देने की बात कह रहा है। इसी कडी मे भाजपा नेता सुशील शर्मा ने भी पडरौना कोतवाली पुलिस के तहरीर देकर रामेश्वर कुशवाहा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# क्रय-विक्रय या भण्डारण करते मिले तो होगी विधिक कार्रवाई

जिला संवाददाता(vol)

**देवरिया ।** सहायक आयुक्त (खाद्य)-क्कखाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विनय कुमार सहाय ने बताया है कि विगत माह में प्रदेश में विभागीय टीम द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान संग्रहित किये गये खुले कुट्टू का आटा के नमूने जांचोपरान्त मानव

**● खुले में कुट्टू का आटा प्रतिबंधित**

उपभोग के लिए असुरक्षित पाये गये हैं। उक्त नमूनों में एफ्लाटोक्सिन पाये जाने के कारण मानव जीवन के लिए घातक है एवं इसके सेवन से वृहद स्तर पर मानव स्वास्थ्य को गंभीर क्षति हो सकती है।

विगत कई माह में खुले कुट्टू के आटा से निर्मित खाद्य पदार्थो के सेवन से प्रदेश के कई जनपदों में फूड प्वाइजनिंग की घटनाएं हो चुकी हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने हेतु आम जनमानस के स्वास्थ्य के दृष्टिगत उन्होंने जनहित में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 36( 3 ) ( ) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अग्रिम आदेश तक सम्पूर्ण जनपद में खुला कुट्टू का आटा के भण्डारण/वितरण/विक्रय को प्रतिषेध / प्रतिबंधित किया है।

समस्त खाद्य कारोबारियों/ विनिमार्ताओं को उन्होंने निर्देशित किया है कि वे खुला कुट्टू का आटा का भण्डारण तथा क्रय-विक्रय उनके द्वारा न किया जाये। यदि उक्त खाद्य पदार्थ के क्रय-विक्रय या भण्डारण करते हुए कोई भी खाद्य कारोबारी पाया जाता है तो उनके खाद्य लाइसेंस / पंजीकरण तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर विधिक कार्रवाई अमल में लायी जायेगी।

समस्त जनपदवासियों से उन्होंने अनुरोध किया है कि वे खुले कुट्टू का आटा का क्रय कर उपभोग या सेवन न करें। साथ में पैक्ड कुट्टू आटे के पैकेट पर निमार्ता का पुरा पता, एफएसएसएआई लाइसेंस या पंजीकरण संख्या पैकिंग डेट तथा एक्सपायरी डेट देखकर ही खरीदें।

# 289 वृद्धजनों में निःशुल्क वितरित किया गया उपकरण

**कुशीनगर।** भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में तहसील खड्डा के प्रांगण में राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत आयोजित सहायक वितरण कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों व वृद्धजनों को सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे, विधायक खड्डा विवेकानंद पांडे, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के कर कमलों द्वारा सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किया गया। साथ ही कृषि विभाग के अंतर्गत 5 प्रगतिशील किसानों को राई के बीज के थैले वितरित किया गया।

इस अवसर पर सांसद विजय कुमार दुबे ने उपस्थित गणमान्यों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समय समय पर वरिष्ठ नागरिकों हेतु तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं यशस्वी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश के साथ साथ प्रदेश




विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्होंने सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। विकासपरक योजनाओं के माध्यम से पात्र प्रत्येक

**● राष्ट्रीय वयोश्री योजना**

वर्ग और परिवारों को जन कल्याणकारी तथा विकासपरक परियोजनाओ से जोड़ने का काम किया जा रहा है। यह अभियान पूरे प्रदेश में संचालित है, सहायक उपकरण पाकर वृद्ध जनों का आशीर्वाद भी मिल रहा है जो किसी भी राष्ट्र का विकास के लिए सर्वोपरि है। आज राजकीय मेडिकल कॉलेज जनपदवासियों की सेवा करने के लिए तैयार खड़ा है, इसके आगे कृषि विश्वविद्यालय भी भविष्य में बन कर शीघ्र तैयार हो जाएगा। विकास का दौर निरंतर अग्रसर है। वयो श्री योजना हमारे वृद्ध जनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में सुख की किरण बन कर आया है। वृद्धजनों की देखभाल करना हमारा सामाजिक दायित्व है। भारत में युवाओं के साथ-साथ वृद्धजन भी बड़ी संख्या में रहते है।

वयो श्री योजना के माध्यम से सरकार द्वारा वृद्धजनों को निःशुल्क उपकरण प्रदान किया गया है, ताकि उनका जीवन और आसान हो सकें।सरकार का यह प्रयास अत्यन्त सराहनीय है। जिन वृद्धजनों के लिए जीवन की दैनिक गतिविधियां एक चुनौती बन गई थीं, यह योजना उन वृद्धजनों के लिए वरदान है। इन उपकरणों से न केवल उनके जीवन में राहत आएगी बल्कि वे अब आत्मनिर्भर भी महसूस करेंगे। कार्यक्रम का सफल आयोजन विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से संभव हुआ है। उन्होंने कार्यक्रम में सहयोग के लिए एलिम्को का आभार भी व्यक्त किया। इस दौरान 43 फोल्डिंग व्हील चेयर, 56 छड़ी, 109 समायोजक छड़ी, 02 बैसाखी छोटी, 36 फोल्डिंग वॉकर, 37 ट्राइपॉड, 14 टेट्रापोड, 92 बी.टी.ई (कान की मशीन), 24 बी.टी.ई (कान की मशीन), 21 व्हील चेयर (कमोड सहित), 126 चेयर स्टूल कमांड सहित, 150 सिलिकॉन फोम तकियां, 444 नी बेस, 16 स्पाइनल स्पोर्ट, 203 लम्बीसैकल बेल्ट, 18 छड़ी (सीट सहित), 02 सरवाइकल कॉलर, 22 कृत्रिम दांत (बत्तीसी), 20 कृत्रिम दांत, 241 नजर का चश्मा दिया गया। इस प्रकार कुल 289 वरिष्ठ नागरिकों/ लाभार्थियों को कुल 1676 उपकरणों का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, डीडी एजी आशीष कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, जिला कृषि अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## मारपीट का मुकदमा दर्ज

**भटनी (देवरिया) ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बीरसिंहपुर निवासी टकल यादव पुत्र दीना यादव के विरुद्ध थाने मे पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है ।ग्राम बीरसिंहपुर निवासी निकेश गोड पुत्र राजेश यादव ने आकरण जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए टकल यादव गाली देते हुए मारने समय मेरे घर मे घुसकर मेरी माता व बहन को भी मारापीटा व जाते समय जान से मारने की धमकी भीदिया ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मारपीट जान से मारने की धमकी एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी को सौप दिया है ।

## अज्ञात युवती के विरुद्ध आई टी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**भटनी (देवरिया) ।** स्थानीय नगर के एक मुहल्ले के युवती के विरुद्ध एक अश्लील व चारित्रिक सहित अन्य लड़कों से बात करने का झूठा आरोप फेसबुक मैसेंजर के माध्यम से बनाकर उसके होने वाले पति के मोबाईल पर पोस्ट किये जाने का मामला प्रकाश मे आने पर युवती के पिता द्वारा दिये गये तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक अज्ञात युवती के विरुद्ध आई टी एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर उसके मोबाईल के नम्बर को आधार मानकर पुलिस उस अज्ञात युवती की तलाश करने मे जूट गयी है ।

## किसानों का सम्मान बढ़ा रहे मोदी: पवन मिश्र

**देवरिया ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र के वाशिम में किसान सम्मान निधि के 18 वीं किस्त जारी करने का प्रसारण किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने मोर्चा पदाधिकारी और किसानों के साथ ब्लाक सभागार बैतालपुर में देखा ।इस अवसर पर उपस्थित किसानों को सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने वर्ष में 6000 रुपये की राशि किसानों के खाते में सीधे भेजकर किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार किया है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस योजना के माध्यम से किसानों का सम्मान बढ़ा रहे है ।उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि के 18 वी किश्त के माध्यम से पूरे देश के लगभग 10 करोड़ किसानों के खाते में लगभग 20 हजार करोड़ रुपये की धनराशि बिना किसी भेदभाव के सीधे उनके खाते में भेजी गई है ।इस अवसर पर मुख्य रूप से अम्बिकेश पाण्डेय , सत्येन्द्र सिंह सोनू, कृषि अधिकारी प्रकाश नारायण मिश्र, देवता सिंह, रमेश प्रसाद, अनिरुद्ध सिंह, संकटा प्रसाद उपस्थित रहे।

## तालाब में मिला युवक का शव

**कसया, कुशीनगर।** कसया थानाक्षेत्र के कुशीनगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत मुंडेरा रतनपट्टी स्थित पोखरे में एक व्यक्ति का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, शनिवार को सुबह कुशीनगर नगरपालिका परिषद के वार्ड न. 19 शिवाजी नगर मुंडेरा रतन पट्टी स्थित पोखरे में एक व्यक्ति की शव उतारते लोगों ने देखा। शव की शिनाख्त सोनबरसा निवासी श्रीकिशुन प्रसाद ( आयु 58वर्ष ) के रूप में हुई। मृतक के स्वजनों के अनुसार शुक्रवार से मृतक अपने घर से गायब था। स्वजन उसकी तलाश कर रहें। सुबह पोखरे में शव की खबर मिलने की जानकारी हुई। स्वजनों ने शव की शिनाख्त कर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुँची चौकी पुलिस ने शव निकलवाया और कब्जे में लेकर पंचनामा भरवा कर अन्त्य परीक्षण हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। कुशीनगर चौकी प्रभारी एसआई गौरव शुक्ला ने कहा कि परिजन गुमशुदगी का प्रार्थना पत्र दिए थे। शनिवार सुबह सूचना मिली कि मुंडेरा रतनपट्टी स्थित पोखरे में एक व्यक्ति का शव उतरा रहा है। मौके पर पहुंच कर शव को बाहर निकलवाया गया और पंचनामा कराकर अन्त्य परीक्षण हेतु भेज दिया गया है।

## जनपद में 4.79 लाख किसानों को मिली किसान सम्मान निधि

**कुशीनगर।** उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महाराष्ट्र के वाशिम से किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किश्त का हस्तांतरण किया गया है। उन्होंने बताया कि जनपद कुशीनगर के 4.79 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हुआ है। इसके लिए अभियान चलाकर राजस्व विभाग द्वारा भूलेख अंकन एवं कृषि विभाग द्वारा ई केवाईसी कराने का कार्य किया गया है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग जनपद के सभी विकासखंड के सभागार में कराई गई जिसमें सभी विकासखंड के किसानों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा शासन से उपलब्ध कराए गए बीजों के निःशुल्क मिनीकिट का वितरण किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र सरगटिया पर लाइव स्ट्रीमिंग का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें लगभग 200 किसानों ने प्रतिभाग किया।

## अपरंपार है भगवान श्रीकृष्ण की लीला : श्री हरि कथामृत

**रूद्रपुर, देवरिया।** भगवान श्रीकृष्ण की लीला अपरम्पार है। उनके हर लीला का एक रहस्य है। उक्त बातें आशुतोष महाराज के शिष्य अजुर्नानन्द जी ने उपनगर के आरती पैलेस में आयोजित श्री हरि कथामृत में कही। उन्होंने शुक्रवार को पूतना बध की लीला सुनाया। भगवान श्रीकृष्ण को मारने के लिए पूतना राक्षसी गोपी को भेष बदलकर आयी। बालक कन्हैया को दूध पिलाने के लिए उसने अपने स्तन पर जहर का लेप लगाया था। भगवान श्रीकृष्ण सब जानते थे। उन्होंने अपनी माया से जहर को नष्ट कर दिया और पूतना के जीवन का संकर्षण करने लगे। पूतना दर्द से तड़पने लगी और कराहने लगी। कन्हैया ने उसके प्राण हर लिए और वह अपने मूल स्वरूप में आ गई। उसका विशालकाय शरीर जमीन पर गिर पड़ा। कथाकार ने कहा कि मृत्यु के समय असहनीय पीड़ा होती है। इस अवसर पर जीतू जायसवाल, श्याम जायसवाल, हेमन्त जायसवाल, राम-लखन यादव,संगम तिवारी,डा शाही, राकेश जायसवाल,राजू तिवारी,आरती जायसवाल,रेखा जायसवाल सहित दर्जनों भक्त मौजूद रहे।

## सांसद ने की सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक

**देवरिया ।** विधानसभा रामपुर कारखाना के बरियारपुर चौराहे पर सदर सांसद शशांक मणि ने पार्टी कार्यकताओं के साथ सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक की ।इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के लोग लगातार जनता को गुमराह कर रहे हैं। सदस्यता अभियान के माध्यम से हमें लोगो तक पहुंचकर विपक्ष के झूठ और भ्रम को समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि जिन पदाधिकारियों ने क्यू आर कोड से सदस्य बनाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया, वह अभियान के दूसरे चरण में अपना लक्ष्य प्राप्त कर लें। दूसरे चरण में ग्रुप सदस्यता के माध्यम से समूह में लोगों को पार्टी से जोड़ना है। इसके लिए चौराहों, नुक्कड़ों, कॉलेज परिसरों सहित सभी सार्वजनिक स्थानों पर कैंप लगाए जाएंगे। साथ ही शिक्षक, चिकित्सक, खिलाड़ी, अधिवक्ता, गीतकार, संगीतकार, साहित्यकार, चित्रकार, इंजीनियर सहित विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों को भाजपा का सदस्य बनाना है। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर तक कम सदस्यता वाले सभी बूथों पर भी सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को भाजपा से जोड़ा जायेगा । इस दौरान भाजपा नेता दिवाकर मिश्रा, अंकुर राय, बिजेंद्र कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष नागेश पति त्रिपाठी, सत्य प्रकाश पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## नवप्रवेशित छात्र - छात्राओं का कॉलेज में हुआ भव्य स्वागत

**भटनी(देवरिया)।** रामगुलाम राय पी जी कालेज बनकटा शिव पी जी कालेज मे एक समारोह कालेज के प्राचार्य डाँ राजेश्वर शाही की अध्यक्षता मे आयोजित कर कालेज के नवप्रवेशित छात्र छात्राओं को एक दुसरे को आपस सम्पर्क कर परिचित होने पर एक दुसरे को सम्मान की प्रेरणा के साथ शुरू हुआ ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के प्राचार्य डाँ राजेश्वर शाही द्वारा व भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डाँ अनिल सिंह व बी एड विभाग के डाँ राधारमण मिश्र द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया ।

नवप्रवेशित छात्रो में बी ए बी एस सी बी काँम एम ए एम काँम व बी एड के प्रथम वर्ष के छात्र छात्राओं को द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं ने किया । सरस्वती वंदना व स्वागत गीत भी छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

समारोह को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डाँ राजेश्वर शाही ने कहा कि समारोह नवप्रवेशित छात्रो के लिए नये जीवन मे बदलाव कालेज व उसके माहौल मे परिचित कराने का एक अवसर है । जिससे नये व पुराने छात्रो के साथ आत्ममियता काफी बढ जाती है ।

संक्षेप

## हिंदी सेवा के लिए सम्मानित किए गये साहित्यकार

सीतापुर। हिन्दी साहित्य परिषद राज भाषा हिन्दी के उत्थान हेतु तथा वैश्विक स्तर पर हिन्दी भाषा को राष्ट्र भाषा के रूप में आसीन करने का ध्येय ले कर सितम्बर व अक्तूबर माह में विभिन्न स्थानों पर अध्यक्ष अवधेश शुक्ल ने नगर की शैक्षिक सस्थाओं, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों तथा डाक विभाग व जीवन बीमा निगम में साहित्यिक आयोजन कर केह्य हिन्दी भाषाह्य की पताका फहरायी। इन आयोजनों में वरिष्ठ कवियों व साहित्य कारों का विशेष योगदान रहा। डाक विभाग में डाक अधीक्षक व सहायक डाक अधीक्षक ने साहित्यकार अशोक मिश्र, हिन्दी सभा के प्रतिनिधि उदय प्रताप त्रिवेदी, आशुतोष, पोखरवाल, मुजीब सीतापुरी, महफूज रहमानी, यासीन मंजर, प्रमोद मिश्र अलबेला, सण्डीला से पधारे रुद्र प्रकाश सरसह्य, छाया त्यागी, लक्ष्मी वर्मा देवी, विनोदनी रस्तोगी, सुमित्रा कन्या इण्टर कालेज कालेज की प्रधानाचार्या रुचि सिंह, राम दास वैश्य ह्यरामूह्य स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के प्रबन्धक सुनील कुमार, राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार परिहार, जगुआर संस्था के चेतन वैश्य अम्बरीष श्रीवास्तव अम्बरह्य, हिन्दी सभा के महामंत्री व ओज कवि रजनीश मिश्र को हिन्दी गौरव सम्मान से सम्मानित किये गये। एसेफ संस्था ने संगीत के क्षेत्र में भक्तिगीत स्थान रखने वाली भावना मोहन सक्सेना को अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। भारतीय खाद्य निगम ने हिन्दी के नियमित प्रचार हेतु अपने को संकल्पित किया। इस अवसर पर अनेक हिन्दी सेवियों ने उपस्थित हो कर हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु समर्पण की भावना से कार्य करने की शपथ ली।

## 3 शातिर गिरफ्तार मोटरसाइकिल बरामद

सीतापुर। कमलापुर थाना पुलिस ने चोरी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार लोगों में एक व्यक्ति लखनऊ जनपद का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है। कमलापुर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कमलापुर थाना क्षेत्र के सुरैचा मोड तिराहे हाईवे पर छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने लखनऊ जनपद के इंदिरा नगर थाना क्षेत्र के बजरंग फेस टू निवासी हर्षित कश्यप पुत्र संतोष कश्यप व कमलापुर थाना क्षेत्र के कस्बा कमलापुर निवासी मयंक गुप्ता पुत्र सुनील गुप्ता और कमलापुर कस्बा निवासी शिवा कश्यप पुत्र प्रदीप कश्यप को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि तीनों शातिर चोर है। इनके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। बरामद मोटरसाइकिल को कमलापुर थाना क्षेत्र से चोरी किया गया था। जिसका केस कमलापुर थाने में दर्ज है। बाइक बारामदगी के बाद तीनों आरोपियों को चालान काटकर न्यायालय में पेश किया गया है।

## लापता किसान का शव उसी के खेत में मिलने से मचा हड़कंप

सीतापुर। संदना थाना इलाके में लापता एक किसान का शव उसी के खेत में मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। युवक के चेहरे पर चोट के निशान और खून मिलने से परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस घटना की बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना संदना थाना इलाके के ग्राम सहोली निवासी किसान राहुल सिंह उम्र 35 वर्ष पुत्र जितेंद्र सिंह शुक्रवार की शाम करीब 7:00 बजे अपने घर से निकले थे, लेकिन उसके बाद देर रात वह घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। शनिवार की शाम करीब 5: बजे राहुल का शव स्थानीय ग्रामीणों ने गांव के बाहर अपने ही खेत के किनारे खून से लथपथ देखकर मामले की सूचना पुलिस और परिजनों को दी। सनसनीखेज हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य संकलित कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक की पत्नी प्रियंका ने बताया कि पति राहुल के चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं और खून से सना चेहरा मिलने से अनहोनी की आशंका जताई है। मृतक राहुल के दो बच्चे पिता की मौत के बाद बदहवास है। पुलिस मामले की गहनता से जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# विकास योजनाओं से संबंधी प्रकरण जल्द निपटायें



जिला संवाददाता(vol)

- डीएम अभिषेक आनंद व एसपी चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील मिश्रिख में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई जीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 57 शिकायतों में से 05 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 42 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील सिधौली में प्राप्त 47 प्रार्थना पत्रों में से 11, तहसील बिसवां में प्राप्त 78 प्रार्थना पत्रों में से 08, तहसील सदर में प्राप्त 23 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 53 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महोली में प्राप्त 42 प्रार्थना-पत्रों में से 07 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



लहरपुर/सीतापुर। स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर संपूर्ण समाधान दिवस में 42 शिकायतकर्ताओं ने अपनी-अपनी समस्याओं को निस्तारण के लिए शिकायती प्रार्थना पत्र दिए जिसमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष 39 शिकायतों को संबंधित विभागों को पूरी पारदर्शिता के साथ निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, खंड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका अनिरुद्ध पटेल, नायब तहसीलदार, उपवन क्षेत्राधिकारी हरीश श्रीवास्तव डिप्टी रेंजर, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा सहित तहसील स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## नवरात्र पर दुर्गा मंदिरों में अनुष्ठान और जागरण का आयोजन



पुरवा, उन्नाव। नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गा मन्दिर में धूमधाम से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहें और माँ दुर्गा की आरती व जगराता आयोजन भी हो रहें हैं। क्षेत्र के ग्राम सेमरीमऊ स्थित लगभग 300 वर्ष पूर्व बने गाँव के विशाल जगत जननी माँ दुर्गा जी के पवित्र मन्दिर की भक्तों के हृदय में महकती आस्था है। भक्तों की मान्यता है कि अगर इस दरबार मे आप सच्चे मन से कुछ मांगते हैं तो आपकी मन्नत जरूर पूरी होती हैं। इस नवरात्रि के पावन अवसर पर माता रानी का दरबार सजाया गया और सभी ग्रामवासियों ने माता रानी के भव्य आरती घंटे, घडि ?ाल और शंखनाद के साथ प्रति सायं की जा रही हैं। इस कड़ी मे सायं शनिवार को सभी ग्रामवासियों ने एक साथ मिलकर माता रानी की आरती कर जयकारे लगाए जिससे पूरा ग्राम जयकारों से गूंज उठा। इस दरबार मे बहुत दूर दूर से भक्त आते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य आयोजक सुधाकर शुक्ला, ओम शुक्ला, करन, कथा वाचक मनमोहन त्रिपाठी, आदया शुक्ला, दीपाली, श्रेयांस, प्रतिमा, सचिन, प्रियम, शिवा सैनी, आस्था आदि सभी भक्त मौजूद रहे साथ ही सभी क्षेत्रवासियों से भी अपील किया कि सभी लोग माता रानी की सामूहिक आरती में पहुचें।

## समाधान दिवस में 183 मामले आये, डीएम ने समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए

उन्नाव। उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु विधायक बांगरमऊ श्रीकान्त कटियार की उपस्थिति में जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा तहसील बांगरमऊ में आयोजित जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसामान्य की समस्याएं व शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील बांगरमऊ में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 91, पुलिस विभाग की 26, विकास विभाग की 12, चकबन्दी विभाग की 12 सहित अन्य विभागों की 42 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया। इस अवसर पर कुल 183 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण एक सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करते समय विशेष सावधानी बरतें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकतर शिकायते राजस्व विभाग की होती हैं जिनका निस्तारण राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थालीय निरीक्षण कर किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालय में बृहस्पतिवार को जनसंवाद दिवस के अवसर पर जनमानस की समस्याओ को गम्भीरता पूर्वक सुना जाए। समाधान दिवस में सीएमओ डा0 सत्य प्रकाश, उप निदेशक कृषि मुकुल तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिरी राकेश कुमार मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा0 नीलम सिंह, जिला मत्स्य अधिकारी बीके दुबे, जिला पूर्ति अधिकारी राज बहादुर सिंह, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम अजीत कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी डूडा अरविंद कुमार सिंह, परियोजना निदेशक तेजवंत सिह, जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी महावीर सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आकांक्षा दुबे, उप जिलाधिकारी बांगरमऊ नम्रता सिंह, क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद चैरसिया, तहसीलदार बांगरमऊ रामाश्रय सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# रज्जन तिवारी को एसोसिएशन में मिली तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी



पाटन, उन्नाव। पत्रकारिता जगत में एक नई उपलब्धि हासिल करते हुए, पत्रकार रज्जन तिवारी को पत्रकार जनकल्याण एसोसिएशन (उत्तर प्रदेश) संगठन द्वारा तहसील अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर थाना प्रभारी और अन्य अधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। शनिवार को पत्रकार जनकल्याण एसोसिएशन की एक अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक का नेतृत्व संगठन के संयोजक विजय वर्मा और मुख्य संरक्षक यतीन्द्रनाथ मिश्रा ने किया। बैठक में रामचंद्र राजपूत, आशीष शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी सिंह यादव, शमसाद सिद्दीकी, और प्रदेश महामंत्री प्रेम वर्मा भी मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पत्रकारिता के क्षेत्र में पिछले 18 वर्षों से सक्रिय और समाज हित में काम करने वाले सहिला निवासी रज्जन तिवारी को तहसील बीघापुर के पाटन क्षेत्र के तहसील अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया जाए। रज्जन तिवारी के नियुक्ति की खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली, उन्हें बधाइयों का तांता लग गया। थाना बिहार प्रभारी सुरेश चंद्र मिश्र और क्राइम इंस्पेक्टर रामबचन भारती ने भी इस अवसर पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने संगठन के संयोजक विजय वर्मा, मुख्य संरक्षक यतीन्द्रनाथ मिश्रा, प्रदेश महामंत्री प्रेम वर्मा, और अन्य सभी पदाधिकारियों को भी शुभकामनाएं दीं।

## भगवती चरण वर्मा की पुण्यतिथि पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि



सफीपुर, उन्नाव। साहित्यकार भगवती चरण वर्मा की 43वीं पुण्यतिथि पर लोगो ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शनिवार को कस्बे के उनके नाम से बने पार्क में लगी प्रतिमा पर अर्चना परिषद के अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी सहित अनेक लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। नगर में जन्मे साहित्य अकादमी एवम पद्म विभूषण से सम्मानित मूर्धन्य साहित्यकार, उपन्यासकर बाबू भगवती चरण वर्मा की 43वीं पुण्यतिथि उनके नाम पर बने पार्क में स्थापित मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। नगर पंचायत सभागार में अर्चना परिषद के अध्यक्ष सौरभ बाजपेई की अध्यक्षता में आयोजित विचार गोष्ठी में अर्चना परिषद से जुड़े जनपद के साहित्यकार स्मृतिशेष दिनेश उन्नावी के त्याग की सराहना कर दो मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर शिक्षक दिवाकर द्विवेदी, अधिशाषी अधिकारी विनीत श्रीवास्तव, नागेंद्र सिंह सेंगर, संजीव गुप्ता, शिवबालक सिंह, मंजू सिंह, कंचन गुप्ता, उत्तम निषाद, प्रेम नारायण तिवारी, सहित भारत विकास परिषद के विमलेश अवस्थी, होरीलाल आदि लोग मौजूद रहे।

## विधि परामर्श केंद्र के न्यायपीठ का गठन

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा संचालित विधि परामर्श केंद्र की समिति की बैठक केंद्र की अध्यक्ष रेखा द्विवेदी की अध्यक्षता में की गयी। बैठक के दौरान समिति ने अधिवक्ता सतेन्द्र पाल, अधिवक्ता दिव्यांशी वर्मा, अंकित श्रीवास्तव, आशीष अवस्थी को न्यायपीठ सदस्य मनोनीत किया। प्रस्ताव को केंद्र समिति के उप सचिव विनीत त्रिवेदी ने पढ़ कर सुनाया। इसके उपरांत सभी न्यायपीठ सदस्यो को केन्द्र की अध्यक्षा रेखा द्विवेदी के द्वारा मनोनयन पत्र दिया गया। इस दौरान महासचिव अन्जू द्विवेदी, कोषाध्यक्ष विभम द्विवेदी आदि रहे।

## मंदिरों में श्रद्धालु मां के भजनों पर हो रहे भावविभोर



लहरपुर/सीतापुर। नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर क्षेत्र में जहां विभिन्न देवी मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना कर मां की आरती व भजन कीर्तन किये जा रहे हैं वहीं किन्नर समाज के द्वारा भी मां दुर्गा के साथ भगवान के विभिन्न स्वरूपों की स्थापना कर आरती पूजन के साथ भजनों का आयोजन किया जा रहा है। जोशी टोला में भी समस्त मोहल्ले वासियों ने मिल कर मां का दरबार सजाया है जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं बच्चे पूजा अर्चना कर रहे हैं। नगर के मोहल्ला बेहटी स्थित मां पुरविन देवी मंदिर में गायत्री परिवार द्वारा इस पावन अवसर पर विश्व कल्याण और शांति के लिए प्रतिदिन हवन पूजन किया जा रहा है, जिसकी पूणाहुति अष्टमी के दिन की जाएगी। नवरात्रि के पावन अवसर पर मां पूर्विन देवी मंदिर प्रांगण में प्रतिदिन भजन संध्या का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर मां के भजनों पर भावविभोर हो रहें हैं।

## खो-खो प्रतियोगिता में नवाबगंज की बालिकाओं ने लहराया परचम



उन्नाव। पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में अंडर 19 जनपदीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नवाबगंज की अंडर 19 टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंकित एकेडमी नवाबगंज के बच्चो ने अच्छा प्रदर्शन किया। लक्ष्मी प्रजापति, नन्दनी, सोनिका खुशबू ने काफी मेहनत कर अच्छा प्रदर्शन किया। लक्ष्मी की कप्तानी ने नवाबगंज ब्लाक को प्रथम स्थान दिलाया। ब्लाक नवाबगंज ग्राम पंचायत कुंजपुर की रहने वाली तीनो बालिकाओं ने अपने ब्लाक, गांव एवं माता पिता गुरुजनों का नाम रोशन किया। नवाबगंज कराटे कार्यालय पर जनरल सेक्रेटरी अंकित कुमार ने सभी का स्वागत, सम्मान एवं शुभकामनाएं दी।

# कानूनी अधिकारों के प्रति किया लोगों को जागरूक

जिला संवाददाता(vol)





सीतापुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार के निदेर्शानुसार शनिवार को नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी अपर जिला जज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृद्धा आश्रम नैमिषारण्य राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान के अनुसार वृद्ध जनों को प्राप्त कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित समस्त वृद्ध महिला एवं पुरूषों को जागरूक किया गया।

विमल मोहन मिश्रा, मध्यस्थ अधिवक्ता द्वारा माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार अधिनियम-2007 में प्रदत्त समस्त कानूनों की जानकारी विस्तृत रूप से दी गया तथा उपस्थित समस्त वृद्धजनों द्वारा पूछे जाने पर यह समस्या बताई कि वृद्धावस्था पेंशन अभी कई वृद्ध व्यक्तियों को पाप्त नही हुई है। इस पर अपर जिला जजसचिव नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा उपस्थित तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि तत्काल कार्यवाही कर वृद्धावस्था पेशन दिलाया जाना सुनिश्चित करें।

# पूजा कर डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्था



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने शरदीय नवरात्रि में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत शनिवार को नैमिषारण्य में मॉ ललिता देवी मंदिर में पूजन अर्चन करते हुये औचक निरीक्षण कर व्यवस्था देखीं।

उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि मंदिर परिसर में व परिसर के आस-पास निरन्तर सफाई की जाये तथा प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि ट्रैक्टर ट्राली निर्धारित स्थानों पर ही खड़े हो, यह सुनिश्चित किया जाये व श्रद्धालुओं के लिये शौचालय की व्यवस्था की जाये तथा पार्किंग स्थल एवं मंदिर परिसर के पास मोबाइल टायलेट खड़े करे जायें। साथ ही उन्होंने मंदिर में स्थापित लगे सीसीटीवी कैमरे के कन्ट्रोल रूम को देखा तथा जो भी कैमरे लगवाये जाने हैं उनको ससमय लगवा दिया जाये। पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती रखी जाये। मंदिर के पुजारियों से वार्ता करते हुये श्रद्धालुओं के प्रवेश एवं निकास द्वार की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से घाटों की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि घाटों पर जो भी कार्य होने हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण किया जाये। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, लेखपाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़कों की गड्ढामुक्ति का कार्य समय से पूरा करायें : मयंकेश्वर शरण





सीतापुर। राज्यमंत्री संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

प्रभारी मंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी शासन की योजनाओं का प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच संवाद और समन्वय बेहतर रहे, योजनाओं का शिलान्यास, लोकार्पण जनप्रतिनिधियों से कराएं, योजनाओं के प्रस्ताव भी जनप्रतिनिधियों से प्राप्त किया जाए तथा प्राप्त प्रस्तावों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। जनप्रतिनिधियों द्वारा अवगत करायी गयी समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये तथा उन्हें संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध करायी जाये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि विभागों द्वारा समीक्षा बैठक हेतु त्रुटिरहित डाटा प्रस्तुत किया जाये। जनपद में संचालित निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़कों की गढ्ढामुक्ति का कार्य समय से पूर्ण कराया जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी विभागों में बेहतर अन्तर्विभागीय समन्वय बनाते हुये संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत गतिविधियां आयोजित की जाये। उन्हाने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। बैठक में दिये गये निदेशों का संबंधित अधिकारी कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें एवं जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। उन्होंने सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी लोग भी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये तथा खराब ट्रांसफार्मर निर्धारित समयावधि में बदलवाये जाये। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मानकों के अनुरूप सामुदायिक शौचालयों का संचालन सुनिश्चित कराया जाये। गोआश्रय स्थलों में समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश प्रभारी मंत्री ने दिए। बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने कानून व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण हेतु की गई कार्यवाहियों के विषय में अवगत कराते हुए बताया कि अपराधियों के विरुद्ध निरंतर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति के विषय एवं जनपद में संचालित विभिन्न विकास कार्यक्रमों के विषय में प्रभारी मंत्री को अवगत कराया। बैठक के दौरान कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, महोली शशांक त्रिवेदी, बिसवां निर्मल वर्मा, महमूदाबाद आशा मौर्य, सिधौली मनीष रावत, एमएलसी पवन सिंह चैहान, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस में आने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी गंभीरता से लें: सीडीओ

जिला संवाददाता(vol)




बिजनौर। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा की अध्यक्षता में शनिवार तहसील नगीना में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। मिशन शक्ति अभियान के पंचम चरण के अन्तर्गत बेटी बचाव, बेटी पढ़ाओ, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन के तहत तनिष्का ढाका और इशीका चैहान को सांकेतिक रूप से जिलाधिकारी की भूमिका निभाने का अवसर दिया गया, जो युवाओं को प्रशासनिक प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक करने और उनकी भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया एक प्रेरणादायक कदम है। मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने बताया कि तहसील दिवस, आईजीआरएस एवं जनता दर्शन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन पर प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते हुए ससमय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना संभव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सकें। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुनः प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। हसील दिवस के मौके पर कुल 32 शिकायतें दर्ज की गयीं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नगीना मांगेराम चैहान, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे।

## 10 शिकायतों का निस्तारण

बांदा। संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील बबेरू में हुआ। यहां 120 शिकायती आवेदन मिले जिनमें 10 जन शिकायतों का डीएम नगेन्द्र प्रताप ने मौके पर निस्तारण किया। उन्होने शेष शिकायतों का निस्तारण संबंधित विभागों के अधिकारियों को इस निर्देश के साथ दिए कि वह इन्हे गंभीरता से लेते हुए समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित कराएं। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, आपूर्ति, विद्युत, बेसिक शिक्षा व अन्य विभागों से संबंधित आवेदन आए। जिलाधिकारी से कैरी गांव निवासी गिरजा देवी ने भूमिधरी जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की। उन्होने तहसीलदार को त्वरित कार्रवाई करते हुए निस्तारण के निर्देश दिए। उमरहनी गांव निवासी देवेन्द्र कुमार ने जमीन के खातेदारों की हिस्सेदारी दुरूस्तीकरण किए जाने के बारे में दिए गये प्रार्थना पत्र पर राजस्व निरीक्षक को कार्रवाई के निर्देश दिए। कमासिन की मंजू देवी ने पारिवारिक लोगों द्वारा झगड़ा व मारपीट करने की शिकायत तथा ममसीखुर्द निवासी छेदीलाल ने गांव के लोगों के जमीन पर कब्जा करने व मारपीट की शिकायत पर एसएचओ कमासिन को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस विभाग संबंधी समस्याओं को सुना और इनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए। समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी, खंड विकास पुलिस, तहसीलदार व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दूसरे की जमीन को कूटरचित दस्तावेज बनाकर बेची, दो गिरफ्तार

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमें में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गजराज सहरिया एवं परशुराम साहू को गिरफ्तार किया है। घटना के सम्बन्ध में वादी लालाराम पुत्र गोरेलाल निवासी ग्राम बालाबेहट थाना बालाबहेट जनपद ललितपुर हाल निवासी परेवरा थाना कुरवाई जिला विदिशा म0प्र0 द्वारा प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि अभियुक्तगणों द्वारा उसकी भूमि को फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार करके उनका प्रतिरूपण कर बैनामा करा करा लिया था। जिस पर उसकी शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में अभियोंग पंजीकृत किया था। पूछताछ में अभियुक्तगणों गजराज सहरिया पुत्र पलटू निवासी कालापहाड थाना कोतवाली ललितपुर एवं परशुराम साहू पुत्र अर्जुन साहू निवासी मुहल्ला हटवारा बालाबेहट ने पुलिस को बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, और आर्थिक लाभ अर्जित करने के लिए धोखाधड़ी कर दूसरों के जमीन के कुटरचित दस्तावेज तैयार करके फर्जी बैनामा करा देते हैं। उक्त मामले में लालाराम के नाम का फर्जी पैन कार्ड बनवाकर अपना मोबाइल नम्बर अंकित कराया और लालाराम से भोपाल में गरीबी योजना के आवास दिलाने का विश्वास दिलाकर आधार कार्ड प्राप्त कर लिया और हम लोगों ने मिलकर धोखाधड़ी कर उनके नाम से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर अन्य व्यक्ति को लालाराम के रुप में पेश करके तीन एकड़ जमीन का बैनामा करा दिया था।

# वैज्ञानिकों ने गन्ना रोगों और उसके निदान की जानकारी दी




जिला संवाददाता(vol)

नगीना, बिजनौर। द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी की ओर से मिल के समीपवर्ती एक बैंक्वेट हाल में हुई किसान गोष्ठी में बाहर से आए गन्ना वैज्ञानिकों ने इन दिनों बड़े पैमाने पर गन्ने में लग रही लाल सड़न (रेड रॉट) की बीमारी की पहचान व उपचार की विस्तृत जानकारी दी।

नगीना तहसील के बुंदकी चीनी मिल के समीप के एक बेक्वेट हाल में हुई किसान गोष्ठी में मिल क्षेत्र के गन्ना किसानों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। गोष्ठी में भाग लेने आए गन्ना अनुसंधान संस्थान मुजफ्फरनगर के गन्ना वैज्ञानिक डा० एसपी सिंह व डा० अवधेश डागर ने उपस्थित किसानों को बताया कि वर्तमान समय गन्ना फसल में गन्ने का कैंसर कही जाने वाली बीमारी लाल सड़न (रेड रोट) का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। पिछले गन्ना पेराई सत्र में भी कोशा 0238 गन्ने में लाल सड़न रोग लगने पर किसानों को गन्ने की पैदावार बहुत कम होने पर उनको आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि पूर्व गन्ना पेराई सत्र में गन्ने के अभाव में मिल समय से पहले ही बंद हो गई थी। गन्ने में अभी भी लाल सड़न रोग का प्रकोप बढ़ने पर है।

गन्ना वैज्ञानिकों ने गन्ने में लगने वाले लाल सड़न रोग की पहचान व उसके उपचार, गन्ने में लगने वाले चूसक व बेधक कीट के निदान के लिए गन्ना फसलों में ट्राइकोडर्मा नामक दवा के विषय में विस्तृत रुप से बताया। किसान गोष्ठी में बोलते हुए मिल के यूनिट हेड सलिल स्वरूप आर्य व मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना प्रशासन) रमेश परशुरामपुरिया ने मिल की दी जाने वाली सुविधाओं की बाबत जानकारी दी। मिल के उपमहाप्रबंधक गन्ना लवकुश सिंह व सहायक महाप्रबंधक गन्ना यशपाल सिंह ने किसानों को अधिक पैदावार के लिए नवीन गन्ना प्रजाति कोलख 14201, 16202 व कोशा 17231, 13335 के गन्ने की बुवाई ट्राइकोडर्मा के साथ करने के सुझाव दिए।

गोष्ठी में मुख्य रूप से रामवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, अनिल सिंह, परवीन सिंह, नंदलाल, कृष्ण कुमार मिश्रा, अमीचंद अहलावत व ठाकुर विजय सिंह ने भी अपने विचार रखे। अध्यक्षता सहकारी गन्ना विकास समिति नगीना के पूर्व सभापति काजी अरशद मसूद ने की।

# बरेली में वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव, यात्रियों में दहशत



बरेली। उत्तर रेलवे के लखनऊ वाया बरेली-मेरठ के बीच चलने वाली 22489 वंदे भारत एक्सप्रेस पर खुराफातियों ने पथराव कर दिया। इससे यात्रियों में दहशत फैल गई। खुराफातियों के पथराव से एसी कोच का शीशा टूट गया है। बरेली सेक्शन में इससे पहले भी ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटना सामने आई हैं। एक सप्ताह में पथराव की यह तीसरी घटना है। इस घटना के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इसके साथ ही ट्रेन के सी-7 कोच के कैमरे से सीसीटीवी फुटेज मांगे गए हैं।

जिससे आरोपियों की पहचान की जा सके। कोच अटेंडेंट की सूचना से हड़कंपःलखनऊ वाया बरेली-मेरठ वंदे भारत एक्सप्रेस बरेली कैंट स्टेशन से निकलकर बरेली जंक्शन की ओर बढ़ रही थी। इसी दौरान किसी ने ट्रेन पर पत्थर फेंक दिया। इन पत्थर से सी-7 कोच पर लगा। इससे खिड़की का शीशा टूट गया। ट्रेन मेरठ पहुंची। इसके बाद कोच अटेंडेंट ने इस घटना की रिपोर्ट दी। मुरादाबाद रेलवे कंट्रोल से संदेश जारी किया गया। इसके बाद आरपीएफ और जीआरपी को तुरंत कार्रवाई के लिए भेजा गया। आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। घटनास्थल का किया निरीक्षणःआरपीएफ और जीआरपी की टीम उस स्थान पर पहुंचीं, जहां ट्रेन पर पत्थर फेंका गया। मगर, वहां कोई संदिग्ध नहीं मिला। तीन घंटे तक चलाए गए सर्च ऑपरेशन में कोई सुराग हाथ नहीं लगा। आरपीएफ की टीम ने आसपास के क्षेत्र में गहन जांच की, लेकिन आरोपी का कोई पता नहीं चला।

अब आरपीएफ सी-7 कोच के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। जिससे यह पता लगाया जा सके कि पत्थर फेंकने वाला व्यक्ति कौन था। आरपीएफ इंस्पेक्टर विनीता कुमारी ने मीडिया को बताया कि टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

# ट्रेन को डिरेल करने के लिए पटरियों पर रखा सरिया

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। केरला एक्सप्रेस के टूटी पटरी से निकले अभी चार दिन भी नहीं हुये थे कि अब रेलवे टेज्क पर शरारती तत्वों द्वारा टेज्न को डिरेल करने की साजिश रचते हुये लोहे का सरिया रख दिया, जिससे पातालकोट एक्सप्रेस का इंजन टकरा गया और गाड़ी डिरेल होते-होते बच गई। इस घटना से हड़कम्प मच गया है, और

- पातालकोट एक्सप्रेस के पहिए से उठी चिंगारियां
- ड्राईवर ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेन

पुलिस सहित रेलवे के आला अधिकारी जांच में जुट गये हैं। अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ तालबेहट के पी.डब्ल्यु.आई. सेक्शन के निकेत गुप्ता ने थाना जखौरा में तहरीर दी है।

तहरीर के आधार पर जखौरा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस 2023 व रेलवे एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी हैपुलिस को दी तहरीर में तालबेहट के पी.डब्ल्यु.आई. सेक्शन के निकेत गुप्ता ने बताया कि जखौरा-दैलवारा रेलखण्ड के मध्य गाड़ी सं0 14624 के इन्जन से आयरन रॉड (सरिया) टकराया है। आगे बताया कि 03 अक्टूबर 24 को जखौरा दैलवारा रेलखण्ड के मध्य किमी संख्या 1049/29 पर रेलवे ट्रैक पर रेल को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से लोहे की एक सरिया रख दी, जो इंजन में फंसकर रगड़ते हुये किमी संख्या 1048/23 तक गयी थी। बताया कि गेट सं0 333-सी के ड्यूटी पर तैनात गेट मैन ग्राम बूचा निवासी भरत राजपूत पुत्र कोमल सिंह ने ट्रेन को पास कराते समय 19.54 बजे गेट से 100 मीटर पहले ट्रेन नं. 14624 पातालकोट एक्सप्रेस पहिये से अचानक चिंगारियां उठते देख तत्काल रेल्वे स्टेशन दैलवारा के स्टेशन अधीक्षक अर्जुन झा को सूचना दी। सूचना मिलने पर स्टेशन अधीक्षक की सूचना पर तत्काल ट्रेन के ड्राईवर द्वारा इमरजेन्सी ब्रेक लगाकर खम्बा नं. 1048/23 पर रोक दिया। यहां ट्रेन के चालक द्वारा सरिया को इंजन से बाहर निकलकर रेलवे ट्रैक से बाहर किया गया था। घटना के संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि उक्त आयरन रॉड (सरिया) लम्बाई 6 मीटर, डायमीटर 20 एम.एम. मार्का जिन्दल टी.एम.टी. गेट (एल.सी.333 बख्तर) के आर.यू.बी. (रोड अण्डर ब्रिज, अण्डर पास) निर्माण में इस्तेमाल की जा रही है। उसी में से एक सरिया थी, जिसका भंडार निकट ही कन्सट्रक्शन साइड पर उपलब्ध है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रेल को हानि पहुंचाने के मकसद से ऐसा कृत्य किया गया था। तालबेहट के पी.डब्ल्यु.आई. सेक्शन के निकेत गुप्ता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 327 (1) व रेलवे एक्ट 1989 की धारा 150 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा बताया गया है कि रेलवे ट्रेक को नुकसान पहुंचाने उद्देश्य से रखे गये सरिया के प्रकरण में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

बरेली। देहात के आंवला कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक युवक की शिनाख्त अखिलेश पाल (19 वर्ष) के रूप में हुई। वह घर से दवा लेने के लिए घर से निकला था। मगर, परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। हालांकि, मौके पर मौजूद लोग युवक की मौत को आत्महत्या का मामला मान रहे हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह सामने आएगी। मगर, इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। , इसका नहीं मिला जवाबबरेली के आंवला में एक पेड़ पर अखिलेश का शव लटका हुआ मिला। यह सूचना मिलते ही परिजन आंवला पहुंच गए। हालांकि, मौके पर मौजूद लोग आत्महत्या की बात कर रहे थे। मगर, मृतक के भाई सुमित ने इसे हत्या का मामला मानते हुए कहा कि आंवला में उनकी कोई रिश्तेदारी नहीं है। अखिलेश वहां कैसे पहुंचा। इसकी जांच होनी चाहिए। अखिलेश तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था और अविवाहित था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आंवला के प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नशे में हेड कांस्टेबल ने युवक को पीटा

बरेली। शराब के नशे में धुत थाने के हेड कांस्टेबल का एक व्यक्ति से विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान जमकर डंडे और कुर्सियां चलीं। मामला एसएसपी अनुराग आर्य के संज्ञान में आया तो उन्होंने हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया। भमोरा थाने में तैनात मुख्य आरक्षी अमित सिंह का शराब के नशे में ऑटो हटाने को लेकर ऑटो चालक विनोद पुत्र कुंवरसेन निवासी ग्राम बलेई भगवन्तपुर थाना बिशारतगंज से मारपीट हो गई। मौके पर भीड़ जुट गई। इसका वीडियो बनाकर किसी ने वायरल कर दिया। मामला संज्ञान में आने पर एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस की छवि धूमिल करने के मामले में हेड कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया है।

## पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जसपुरा इकाई का गठन



बांदा। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जसपुरा ब्लाक इकाई का गठन किया गया। इसमें संतोष कुमार वर्मा अध्यक्ष, विवेक गुप्ता महामंत्री, रत्नेश बाजपेई कोषाध्यक्ष, रामकृपाल यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। ब्लाक कार्यकारिणी में शंभू प्रजापति, आशीष सिंह, अरूण शर्मा, उपाध्यक्ष कुलदीप यादव, राकेश तिवारी, कृतिका, संगठन मंत्री बाबूराम तथा आलोक उदयनिया मोहम्मद आसीन, सुशील कुमार व संध्या सिंह प्रचार मंत्री बनाए गये। बिंदा प्रसाद संरक्षक निर्वाचित हुए। जिला संगठन मंत्री के पद पर आशुतोष शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष विजय बहादुर साहू, हीरालाल, सुरेश पटेल, विज्ञानदीप, हर्ष शुक्ला, वीरेन्द्र साहू मनोनीत हुए। चांदीलाल यादव, मनोहर राजपूत, प्रभू दयाल को जिला संगठन मंत्री बनाया गया। जबकि जिला प्रचार मंत्री राजेश राजपूत, सौरभ सिंह को मनोनीत किया गया। जिलला कार्यकारिणी में राजवीर सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्र, जिला महामंत्री आदित्य प्रकाश द्विवेदी, कोषाध्यक्ष केतराम पाल, शिवदत्त त्रिपाठी, आदित्य नारायण शुक्ला, रवीकरण सैनी व आलोक यादव आदि मौजूद रहे।

## 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, 2 लाख बरामद




बांदा। कोतवाली नगर पुलिस ने बीते 8 अगस्त को मेडिकल स्टोर से दवा लेने गये व्यक्ति की बाइक की डिग्गी से तीन लाख रुपये चोरी करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से चोरी किए गये दो लाख रुपये भी बरामद करने में सफलता मिली है। इसके ऊपर एसपी अंकुर अग्रवाल ने 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया था। शहर के कैलाशपुरी निवासी अरविंद कुमार स्टेट बैंक सिटी ब्रांच से तीन लाख रुपये निकालकर 8 अगस्त को मोटरसाइकिल की डिग्गी में रखकर पेरी मेडिकल स्टोर से दवा ले रहे थे इसी दौरान अज्ञात चोरों ने तीन लाख रुपये चोरी कर लिए थे। सीसीटीवी फुटेज से जानकारी मिली, कि इसमें दो लोग शामिल थे। आरोपियों की पुलिस लगातार रेकी कर रही थी। इसके लिए एसपी ने पुलिस की कई टीमों को लगाया था। एक आरोपी की पहचान अनिकेत उर्फ रोहित पुत्र शोभा सिसोदिया निवासी कडिया थाना बोध जनपद राजगढ़ मध्य प्रदेश के रूप में की गयी। बीती शाम कोतवाली पुलिस की चैकी बलखंडी नाका के प्रभारी विवेक कुमार त्रिपाठी, कां0 अतुल राठौर, रूपेन्द्र व विमल सिंह ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी को राजगढ़ के होटल श्रीराम के पास से गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूंछताछ करने पर उसने कई जनपदों में रेकी कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे तथा शादी-विवाह में गहनों की टप्पेबाजी करते थे। गिरफ्तार आरोपी अनिकेत उर्फ रोहित पुत्र शोभा उर्फ बंटी पर बांदा के अलावा मध्य प्रदेश के जबलपुर, भोपाल, मुरैना व राजस्थान तथा हरियाणा में करीब एक दर्जन मुकदमें दर्ज हैं।

# सदर विधायक बने उ.प्र. यातायात समिति के सदस्य



ललितपुर। उत्तर प्रदेश सरकार ने सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड0 को उत्तर प्रदेश सरकार में यातायात समिति का सदस्य नामित किया है।

विधायक सदर के यातायात समिति के सदस्य चुने जाने पर सदर विधानसभा के निवासियों में हर्ष की लहर व्याप्त हो गई है। इस अवसर पर नागरिकों ने विधायक सदर रामरतन कुशवाहा को शुभकामनाएं भी प्रेषित की हैं।

# कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मरहूम नसीब पठान का अहम किरदार रहा: हाजी दानिश



बिजनौर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के पूर्व सदस्य स्वर्गीय नसीब पठान की चैथी पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। पीस ट्रस्ट ऑफिस इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी दानिश अख्तर ने प्रेस को जारी एक नोट में कहा कि कहा कि मुल्क की सियासत में स्वर्गीय नसीब पठान साहब अपना अहम किरदार रखते थे।

नसीब पठान जन्म से ही कांग्रेस पार्टी का दामन थाम कर कांग्रेस पार्टी के अहम पदों पर रहे तथा समाज के दबे कुचले शोषित वर्ग की लड़ाई को उन्होंने और धार देने का काम किया। स्वर्गीय नसीब पठान को राष्ट्रीय पटल पर जाना जाता था उन्होनें दो बार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य रहे तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में अहम पदों पर रहकर अपना किरदार निभाया साथ ही साथ नेता विरोधी दल विधान परिषद भी रहे उनकी योग्यता को देखकर उन्हें उत्तर प्रदेश विधान परिषद की कई महत्वपूर्ण समितियां में रखा गया।

पीस ट्रस्ट ऑफ इंडिया की एक बैठक हसन अली चैधरी की अध्यक्षता और मेहतबुद्दीन के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में स्वर्गीय नसीब पठान की चैथी पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। बैठक में अचल प्रिंस, नाज रिजवी, नदीम अहमद एडवोकेट, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष हुमायूं बेग, औरंगजेब बेग, महफूजुर्रहमान, आकाश कुमार, सौरभ कुमार, फराज अहमद, मुजफ्फर, इरशाद अहमद, शमीम अहमद, शलभ बिश्नोई, डा0 आबिद अख्तर, अफरोज नकवी, जफर हसनैन, सलीम अहमद आदि मौजूद रहे।

# नवरात्र पर हार्पर क्लब में डांडिया, गरबा महोत्सव



बांदा। महिला हार्पर क्लब एवं गुरूकुल कथक केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नवरात्रि उत्सव शक्ति आह्वान गरबा, डांडिया का भव्य आयोजन हुआ। हार्पर क्लब में सर्वप्रथम देवी मूर्ति की स्थापना एवं विधि विधान से पूजन-अर्चन कर गुरूकुल की छात्राओं ने दुर्गा स्तुति के बाद जवारा नृत्य, मटकी नृत्य, समूह नृत्य तथा गरबा एवं डांडिया में महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश डॉ बब्बू सारंग ने कहा कि नवरात्रि पर्व मां दुर्गा की शक्ति और साहस की याद दिलाता है। हमे अपने जीवन में मां दुर्गा के आदर्शों को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम आयोजक महिला हार्पर क्लब सदस्य अराधना शर्मा ने कहा हमें खुशी है कि शहर के लोगों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। भरोसा है यह कार्यक्रम शहर में सांस्कृतिक और धार्मिक जागरूकता बढ़ाएगा। सीमा सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम शहर में नवरात्रि पर्व की भावना को बढ़ावा देता है और शहर के लोगों को एक साथ जोड़ने का काम करता है। समीम बानो ने कहा कि डांडिया गरबा महोत्सव कार्यक्रम ने नवरात्रि पर्व पर शहर में धूम मचा दी इससे सांस्कृतिक और धार्मिक जागरूकता बढेगी और शहर वासियों को एक साथ लाने में मदद मिलेगी। गरबा क्वीन का खिताब किशोर वर्ग में आयुषी त्रिपाठी व महिला वर्ग में कृति शर्मा को मिला। इस अवसर पर अपर जिला जज चंद्रपाल सिंह, छोटेलाल यादव, निरंजन चैरसिया, सीजेएम भगवान दास गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, डॉ मोनिक सक्सेना, अराधना शर्मा, सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य, सईद अहमद, मनीष श्रीवास्तव, रामेन्द्र शर्मा क्रीडा सचिव, मनोज जैन, समीम बानो, ज्योत्सना पुरवार व विजय ओमर मौजूद रहे।

## चेयरमैन ने जेसीबी मशीन से कराई सफाई

फतेहगंज पश्चिमी-बरेली। नगर पंचायत चेयरमैन इमराना बेगम और उनके पति मोहम्मद शाहिद उर्फ कल्लू ने जेसीबी मशीन से रोड किनारे पड़े कूड़े के ढेर को हटवाकर करवाई सफाई। जानकारी के अनुसार कस्बा फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला ठाकुर द्वारा, बसंत विहार कॉलोनी निवासी लोगों ने चेयरमैन इमराना बेगम से शिकायत कर बताया कि सफाई कर्मचारी कस्बे की मार तमाम गंदगी उठाकर रहपुरा रोड अंडर बाईपास के पास रोड किनारे कूड़ा फेक कर चले आते हैं। उसकी बदबू से जीना दुश्वार हो गया है। और गंभीर बीमारी फैलने का खतरा भी है। यह बात सुनकर चेयरमैन इमराना बेगम आग बबूला हो गई। उन्होंने तुरंत सफाई कर्मचारियों को बुलाकर फटकार लगाई, और तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को सुबह चेयरमैन पति मोहम्मद शाहिद उर्फ कल्लू मौके पर पहुंचे।

# चकबंदी लेखपाल पर कुल्हाड़ी से हमला

ललितपुर। जमीन की पैमाइश करने के बाद चक से पत्थर व वतली उखाड़ देने का आरोप लगाते हुये चकबंदी लेखपाल ने कुछ लोगों पर एफआईआर दर्ज करायी है। थाना बानपुर पुलिस को तहरीर देकर जिला एटा के थाना निधौली कलां के ग्राम खेरारा निवासी उपदेश कुमार पुत्र रामखिलाड़ी ने बताया कि वह ललितपुर में चकबंदी लेखपाल है। बताया कि उसके द्वारा बीते सितम्बर को सीट संख्या 10 की पैमाइश का कार्य किया जा रहा था और कार्य पूर्ण होने के बाद सीट संख्या 10 व 8 से मिलान का कार्य दिया गया है, जिसे वह नाप रहा था।

आरोप है कि उसी समय गांव के अच्छेलाल पुत्र लाड़ले अपने चक संख्या 302 पर पत्थर व वतली लगी थी, को किसी ने उखाड़ दिया। उसे दिखाने के लिए अच्छेलाल उसके साथ मेड पर पहुंचा तो अच्छेलाल ने मुन्नालाल पुत्र भोले को आवाज लगायी तो वह भी मेड पर आ गया। इसी बीच बिना कोई बात किये ही हरीराम पुत्र भोले मौके पर आया और गालियां देने लगा। आरोप है कि हरीराम के हाथ में कुल्हाड़ी थी और उसने अचानक उसे कुल्हाड़ी से प्रहार कर दिया, जिससे वह बाल-बाल बच गया। मौके पर मनीराम पुत्र हन्नू व प्रकाश पुत्र काशीराम, किशन, राहुल आदि ने पहुंचे और उसे किसी प्रकार बचाकर वहां से निकाल लाये। चकबंदी लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने हरीराम के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 131, 221 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## रीडर सेवानिवृत्त, न्यायिक अधिकारियों ने दी विदाई



बांदा। न्यायालय में रीडर के पद पर रहे राजविक्रम खरे को शनिवार को सेवानिवृत्त होने पर न्यायिक अधिकारियों ने भावभीनी विदाई दी। जजी परिसर के कांफ्रेंस हॉल में कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जज डॉ बब्बू सारंग ने की। उन्होने राज विक्रम खरे को अंगवस्त्र, साल तथा अन्य भेंट देकर स्वस्थ्य एवं दीघार्यु होने की कामना की। कर्मचारी संघ के महामंत्री रोआब आलम ने उन्हे माल्यार्पण कर ट्रांजिस्टर (रेडियो) भेंट किया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों ने रीडर राजविक्रम खरे की सेवा काल से संबंधित अपने उद्गार व्यक्त कर उन्हे विदाई दी। अपर जिला जज गुणेन्द्र प्रकाश ने मोहम्मर रफी के कई गानों को गाकर उन्हे अर्पित किए। इस अवसर पर न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों में चंद्रपाल सिंह, छोटेलाल यादव, गुणेन्द्र प्रकाश, हेमंत कुमार कुशवाहा, पल्लवी प्रकाश, श्रीपाल सिंह, भगवान दास गुप्ता, गरिमा सिंह, प्रफुल्ल कुमार चतुवेर्दी, अर्पिता साहू, शिवशक्ति, हर्षवर्धन, पवन सिंह तोमर, मनोज कुमार सिंह के अलावा न्यायिक कर्मचारी, स्टॉफ के मनोज जैन, जितेन्द्र कुमार मिथिलेश द्विवेदी, रोहित कुमार, आशीष कुमार गुप्ता, प्रांतीय सचिव संगठन अखिलेश प्रकाश, कौस्तुभ यादव, इंद्रदेव एडमिनिस्ट्रेटर, दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ अध्यक्ष तुलसीदास व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## सड़क हादसे में युवक की मौत

मधुपुर( सोनभद्र )। सुकृत चैकी क्षेत्र के मधुपुर नहर के पास रहने वाले गुलाब मौर्य उम्र 34 वर्ष पुत्र रामदुलारे मौर्य कल शाम को प्रदर्शनी देखने के रॉबर्ट्सगंज के लिए अपने चार मित्रों के साथ बोलेरो से निकले। वाराणसी शक्तिनगर राजकीय राज्य मार्ग पर बिच्छी के समीप गाड़ी अत्यधिक रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। किनारे बैठे गुलाब का सर बाहर निकल गया और डिवाइडर से टकराने के कारण मौके पर ही मृत्यु हो गयी। अन्य चार लोगों को भी हल्की चोट आयी हैं।

## कुएं से मिला युवक हालत गंभीर

मीरजापुर। देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के जयापुर गांव स्थित एक कुएं में अज्ञात परिस्थितियों में युवक के गंभीर अवस्था में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक पास के गांव राजपुर के निवासी गोपाल यादव का पुत्र सर्वेश बताया गया। गंभीर अवस्था में परिजनों ने सर्वेश को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हई है। युवक कुएं में किन परिस्थितियों में गिरा इस संदर्भ में लोगों में कयास लगाया जा रहा है।

## अवैध शराब की रोकथाम के लिए टीम गठित

उन्नाव। आबकारी आयुक्त ने आगामी त्योहार को देखते हुए अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी सहित इसके परिवहन पर रोक लगाने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही किए जाने की बात पत्र के माध्यम से बतायी गयी है। डीएम ने इसके लिए टीम भी गठित कर दी है। इसके क्रम में टीम में शामिल किए गए अधिकारियों में संख्या 1 में एसडीएम सदर, सीओ सिटी, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 सदर को नामित किया गया है। टीम संख्या 2 में हसनगंज क्षेत्र के लिए एसडीएम हसनगंज, सीओ हसनगंज, आबकारी निरीक्षक हसनगंज क्षेत्र 2, टीम संख्या 3 में सफीपुर क्षेत्र से एसडीएम सफीपुर, सीओ सफीपुर, आबकारी निरीक्षक सफीपुर, टीम संख्या 4 पुरवा से एसडीएम पुरवा, सीओ पुरवा, टीम संख्या 5 एसडीएम बीघापुर, सीओ बीघापुर, आबकारी निरीक्षक बीघापुर, टीम संख्या 6 बांगरमऊ, सीओ बांगरमऊ, आबकारी निरीक्षक है। टीमों को 8 बिंदुओं पर जांच के निर्देश दिए गए है। अभियान में आबकारी, पुलिस, राजस्व की संयुक्त टीमें गठित किए जाए। इसके साथ ही निर्देश दिए गए है कि ऐसे लोगो की सघनता से जांच की जाए। ऐसे लोगो के विरुद्ध गैंगस्टर व गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की जाए। आबकारी दुकानों का निरीक्षण चेक लिस्ट के अनुसार किया जाए। ओवररेटिंग की चेकिंग के लिए टीम स्वयं जाकर परचेज करें ताकि स्थिति साफ हो सके। दुकानों पर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों के सुचारु रुप से निरंतर क्रियाशील रहते हुए रियल टाइम मानिटरिंग की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

## तालाब में डूबकर चचेरे भाई-बहन की मौत

बांदा। स्कूल से छुट्टी के बाद गांव के तालाब में नहाने गए दो चचेरे भाई-बहन की डूबकर मौत हो गई। बच्चे जब घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनकी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। शाम के समय चरवाहों ने तालाब में दो शव उतराते देखे परिजनों को जानकारी दी। बिसंडा थाना क्षेत्र के अधरोरी गांव निवासी मनीष ( 7 ) पुत्र रामकेश यादव और उसकी चचेरी बहन अंतिमा ( 6 ) पुत्री पप्पू उर्फ शिवशंकर यादव गांव के उच्च कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक में पढ़ते थे। शनिवार की दोपहर को स्कूल से छुट्टी के बाद भाई-बहन सीधे गांव के तालाब पहुंचे। कपड़े भीटे पर उतार कर नहाने लगे। इसी दौरान गहरे पानी में जाने से दोनों की डूबकर मौत हो गई। बच्चे जब घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने स्कूल और अन्य स्थानों पर उनकी तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। शाम के समय चरवाहों ने तालाब में शव उतराते देखे तो ग्रामीणों को सूचना दी। मृतक बच्चों के परिजन तालाब पहुंचे और भीटे पर रखे कपड़े देखकर शवों की पहचान की। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से तालाब से शवों को बाहर निकलवाया। मृतक दोनों बच्चों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। मृतक मनीष दो भाइयों में छोटा था, जबकि अंतिमा तीन बहनों में सबसे छोटी थी। एक भाई है।

# डीएम ने सीएचसी दुद्धी का किया निरीक्षण



- अनुपस्थित कार्मिकों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के साथ ही स्पष्टीकरण जारी करने के दिये निर्देश
- मरीजों को अस्पताल से ही दवा करायी जाये उपलब्ध, बाहर से दवा लिखने पर होगी कार्यवाही: डीएम

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0 एन0 सिंह ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुद्धी का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों का पंजीकरण रजिस्टर को देखा और मरीजों से वार्ता कर अस्पताल द्वारा उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल में मरीजों को दवाओं की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित की जाये, मरीजों को बाहर की दवाएं पर्ची न लिखी जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों को वितरित की जा रही दवाओं के स्टाक को देखा और मरीजों से वार्ता कर दवा प्राप्ति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान जिलाधिकारी ने महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण और अल्ट्रासाउण्ड, एक्स-रे आदि सुविधाओं के सम्बन्ध में चिकित्सा अधीक्षक व सम्बन्धित डाक्टर से जानकारी प्राप्त की और कहा कि मरीजों को एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड की सुविधाएं अस्पताल परिसर से उपलब्ध करायी जाये, उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में विद्युत व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक व्यवस्थाएं मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जाये, इस दौरान उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर में स्ट्रेचर, कुर्सी आदि की व्यवस्था भी पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करायी जाये, जिससे कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़ें, निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर नहीं पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर तरीके से सुनिश्चित करायी, जाये।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका भी निरीक्षण किये, पंजिका रजिस्टर के निरीक्षण में पुनम देवी स्टाफ नर्स, राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव वार्ड व्याव, अनिरूद्ध पाठक एम0आई0 अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार को निर्देशित करते हुए कहा कि अनुपस्थित कर्मियों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के साथ ही स्पष्टीकरण जारी करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें, कहा कि अस्पताल में उपलब्ध दवाओं के स्टाक को कम्प्यूटर में अपलोड किया जाये, जिससे कि दवाओं की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होती रहें। जिलाधिकारी ने इमरजेंसी कक्ष, एकीकृत परामर्शदाता केन्द्र, एच0आई0वी0 टेस्ट, लैब, औषधि भण्डार कक्ष, मरीज भर्ती वार्ड का भी निरीक्षण कर सम्बन्धित डाक्टर को आवश्यक दिशा-निर्देश दियें। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 शाह आलम अंसारी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## नही बिछायी हर घर नल योजना की पाइपलाइन,डीएम से शिकायत

कोन( सोनभद्र )। स्थानीय ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत औरादाड़ के अमतिया व परड़वा टोले में अभी तक हर घर नल योजना के तहत पाइपलाइन नही बिछाई गई है जिससे ग्रामीण कनहर नदी का दूषित व मटमैला पानी पीने को मजबूर है द्य मामले को लेकर ग्रामीण युवक बृजेश कुमार ने शनिवार को दुद्धी तहसील सभागार में आयोजित समाधान दिवस पहुँचकर डीएम बीएन सिंह को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की, जिस पर डीएम ने अधिशाषी अभियंता जल निगम को मामले को त्वरित संज्ञान ले प्रकरण के निस्तारण के लिए निर्देशित किया है। ग्रामीण युवक बृजेश कुमार ने दिए शिकायती पत्र में अवगत कराया कि जब हम सब ग्रामीण जल निगम के अधिकारियों से मिलकर मामले का समाधान का मांग करते है तो अधिकारी सिर्फ आश्वाशन देते है कि आज काम हो। जाएगा कल काम हो जाएगा और आज दो साल बीत गए लेकिन उपरोक्त दोनों टोलों में अभी तक काम चालू नही हुआ। उधर ग्रामीण कनहर नदी का बाढ़ का पानी पीकर अपना प्यास बुझा रहे है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रकरण को अवगत कराकर उक्त दोनों मजरों में जल्द से जल्द पाइपलाइन बिछाकर नल कनेक्शन दिए जाने की मांग उठाई है।

## राम व सीता के जन्म पर लीला प्रेमी हर्षित



रेनुकूट( सोनभद्र )। हिण्डाल्को रामलीला परिषद द्वारा हिण्डाल्को रामलीला मैदान पर दूसरे दिन की रामलीला का शुभारंभ राजा दशरथ द्वारा किये गये पुत्रेष्ठि यज्ञ के सजीव मंचन के साथ हुआ। पुत्रेष्ठि यज्ञ से राजा दशरथ की तीनों रानियों कौशल्या, कैकेई और सुमित्रा को पुत्र रत्नों की प्राप्ति होती है। रामलला के जन्म की खबर पर पूरे अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ जाती है और रामलला के दर्शन पाकर मैदान पर उपस्थित हजारों दशकों में भी उल्लास छा जाता है और पूरा मैदान श्री राम के जयकारे से गूंज उठता है और इसके बाद की लीलाओं में गुरू वशिष्ठ नामकरण करते हुए चारों भाइयों को क्रमशः राम, लक्ष्मण, भरत तथा शत्रुघ्न का नाम प्रदान करते हैं। आगे चारों भाई गुरू वशिष्ठ के आश्रम में शिक्षा प्राप्त करते हुए अपने बाल सुलभ लीलाओं से दर्शकों को बरबस अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसके उपरान्त श्री राम एवं लक्ष्मण द्वारा मुनि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा राक्षसों से करने का दृश्य भी बहुत ही सजीवता से मंचित किया जाता है। उधर जनकपुर में पड़े भीषण अकाल से प्रजा की रक्षा हेतु राजा जनक स्वयं हल चलाते हैं और सीता उत्पत्ति का बेहद मनोहारी दृश्य देखकर लीला प्रेमी मंत्र-मुग्ध हो जाते हैं। आगे की लीलाओं में श्री राम द्वारा अहिल्या का उद्धार एवं राम-लक्ष्मण के जनकपुर भ्रमण आदि का दृश्य भी बहुत ही सजीवता से मंचित होता है। दूसरे दिन की लीला से पूर्व मुख्य अतिथि लीगल हेड विवेक कुमार पत्नी अंजलि कुमार ने विशिष्ट अतिथि मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह एवं सीमा सिंह, रामलीला परिषद के अध्यक्ष पीके उपाध्याय व उनकी धर्मपत्नी एवं निर्देशक सुनील परवाल आदि के साथ विधि-विधान से गणेश पूजन करके लीला का शुभारंभ किया। श्री उपाध्याय ने बताया कि तीसरे दिन सीताजी द्वारा गौरी पूजन, धनुष यज्ञ, लक्ष्मण-परशुराम संवाद, राम-सीता विवाह आदि लीलाओं का मंचन किया जाएगा।

# शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें अफसर




जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील धौरहरा में ₹संपूर्ण समाधान दिवस₹ आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी, एसपी गणेश प्रसाद साहा व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदन शीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निदेर्शों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें।

सुनवाई के दौरान डीएम ने न केवल शिकायत लेकर आए फरियादियों की समस्या सुनकर निदान कराया बल्कि योजनाओं को सोगाते भी दी। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 112 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 46, पुलिस 31, विकास 13, विद्युत 04, आपूर्ति 02, समाज कल्याण 08, बाढ़ खण्ड 02, अन्य 06 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम राजेश कुमार, पीडी एसएन चौरसिया, तहसीलदार आदित्य विशाल सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति विशेष अभियान का आयोजन

सोनभद्र। उपर्युक्त विषयक खेल निदेशालय उ०प्र० लखनऊ के अनुपालन में पं० दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय जूनियर तीरंदाजी बालक/बालिका प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया



गया। जिसमें लगभग 30 बालिकाओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारा सुश्री जागृति अवस्थी आई०ए०एस० को अन्तर्राष्ट्रीय तीरंदाजी कोच सुमंगला शर्मा द्वारा बैच लगाकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी आई०ए०एस० द्वारा तीर व धनुष चलाकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया किया। मुख्य अतिथि ने अपने आर्शीवचन में मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत नारी सुरक्षा नारी स्वावलम्बन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान के तहत बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर स्टेडियम के प्रशिक्षक मती सुमंगला, विश्वास अन्तर्राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक सुनील कुमार एथलेटिक प्रशिक्षक, जगदीश रावत, हरीश, अल्का, अन्य गणमान्य व अन्य खेल प्रेमि मौजूद थे। इस अवसर पर जिला कीड़ा अधिकारी समीम अहमद के द्वारा मुख्य अतिथि महोदया का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## मेधावी छात्रा को एक दिन के लिए डीएम नियुक्त किया गया



सोनभद्र। शासन के मंशा के अनुरुप महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति फेज-5 के अभियान तहत जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं को देश-प्रदेश के संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर पहुंचने की प्रेरण व पदगत दायित्वों का निर्वहन करने हेतु जागरुकता लाने के क्रम में राजकीय बालिका विद्यालय दुद्धी, सोनभद्र में नौ वीं कक्षा में अध्यनरत एक मेधावी छात्रा पल्लवी शर्मा को शनिवार को सांकेतिक रूप में ह्लएक दिन की जिलाधिकारीह्व नियुक्त किया गया। तहसील दुद्धी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## पटाखा बनाते वक्त लगी आग पिता-पुत्र की मौत, भतीजा घायल

फतेहपुर । जिले के असोथर थाना क्षेत्र में दीपावली की तैयारी में जुटे आतिशबाज के घर पटाखा बनाते समय आग लग गई। हादसे में पिता-पुत्र और भतीजा घायल हो गए, जिन्हें आनन फानन अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि भतीजे की हालत नाजुक है।

मूल रूप से खागा कोतवाली क्षेत्र के मुसवापुर खागा के रहने वाले चांदबाबू आतिशबाजी का काम करता था। इसकी असोथर थाने के सातों पीत में आतिशबाजी का कारखाना है, जिसमें वह परिवार सहित पटाखा समेत बड़ी मात्रा में आतिशबाजी बनाने का काम करता था। दीपावली के मद्देनजर भारी मात्रा में बारूद इकट्ठा थी। शुक्रवार देर शाम पटाखा की बाती बनाते समय आग लग गई, जिसमें चांदबाबू ( 50 ), उसका बेटा आशियान ( 14 ), भतीजा फैज ( 16 ) घायल हो गया। परिजन बिना किसी को सूचना दिए चुपचाप फतेहपुर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां आशियान की मौत हो गई। वहीं, देर रात कानपुर के अस्पताल में चांदबाबू ने भी दम तोड़ दिया। फैज का इलाज जारी है, हैरानी की बात ये है कि घटना के 20 घंटे बाद भी असोथर थाना पुलिस को मामले की जानकारी नहीं थी। थाना प्रभारी का दावा है कि वह पुलिस टीम के साथ शुक्रवार को पूरे दिन इलाके में लाइसेंस धारक आतिशबाजों का वैरिफिकेशन कर रहे थे। सीओ खागा बृजमोहन राय ने दो लोगों के मौत की पुष्टि की है।

## दुधवा में दौड़ व कूद प्रतियोगिता संपन्न



पलियाकलां-खीरी। वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम के तहत दुधवा पर्यटन परिसर में 100 मीटर दौड़ व लम्बी कूद का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र/छात्राओं द्वारा चढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया गया।

प्रतिभागी छात्र वर्ग में 100 मीटर की दौड में प्रथम स्थान रोहित शर्मा, पब्लिक इण्टर कालेज सम्पूर्णानगर, द्वितीय स्थान, अर्पित सिंह, कैमुना पब्लिक स्कूल, विशेनपुरी, तृतीय स्थान अभिमन्यु कम्बोज, गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल पलिया, छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान कु० स्वारिका जोशी, गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल, पलिया, द्वितीय स्थान कु० दिव्या भारती, पब्लिक इण्टर कालेज सम्पूर्णानगर, तृतीय स्थान कु० स्नेहा पाण्डेय, दून इण्टर नेशनल स्कूल, पलिया ने प्राप्त किया व लम्बी कूद में छात्र वर्ग में प्रथम स्थान रोहित शर्मा, पब्लिक इण्टर कालेज सम्पूर्णानगर, द्वितीय स्थान, अमन कुमार, द नेचर सोसाइटी, पलिया, तृतीय स्थान फमन खान, दून इण्टरनेशनल स्कूल, पलिया व लम्बी कूद में छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान कु० खुशदीप कौर, विवेकानन्द अकेडमी, भीरा, द्वितीय स्थान कु० पवनदीप कौर, गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल. पलिया व तृतीय स्थान कु० दिव्या भारती, पब्लिक इण्टर कालेज सम्पूर्णानगर ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान रंगाराजू टी० उप-निदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी, महावीर सिंह, वन्य जीय प्रतिपालक, दुधवा, प्रशान्त कुमार प्रियदर्शी, क्षेत्रीय वन अधिकारी, पर्यटन रेंज, रितंश पटेल, क्षेत्रीय वन अधिकारी, दुधवा रेंज, विकास कुमार वर्मा, क्षेत्रीय वन अधिकारी, गौरीफन्टा रेंज नवीन दिवाकर क्षेत्रीय वन अधिकारी, मैलानी रेंज, स्कूली छात्र व छात्राएं, गुरूजन, मीडिया बन्धु व अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण आदि मौके पर उपस्थित रहे यह जानकारी उपनिदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी ने दी।

## फतेहपुर में अज्ञात महिला का शव बरामद, हत्या की आशंका

बांदा। फतेहपुर जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने 25 साल की एक महिला का शव बरामद किया है, जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। उसके शरीर पर मिले चोट के निशान से हत्या किए जाने आशंका जताई जा रही है। फतेहपुर के अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र ने शनिवार को बताया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के चौफेरवा के पास खेत की झाड़ियों से पुलिस ने शुक्रवार की आधी रात 25 साल की एक महिला का शव बरामद किया है, जिसके नाक और गले में चोट के निशान पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर तक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पहचान के लिए उसके शव को मुर्दाघर में रखवाया गया है। एएसपी ने बताया कि महिला के नाक और गले में चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## कवि दास नारायण के जन्मदिन पर अनूप जलोटा आज देंगे प्रस्तुति

प्रयागराज। संगम नगरी में प्रख्यात भजन गायक अनूप जलोटा प्रसिद्ध भक्ति गीतकार नारायण अग्रवाल दास नारायण के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रविवार को यहां अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम के संयोजक वीरेंद्र मिश्र ने बताया कि दास नारायण की रचना हरि नाम का प्याला और हरे कृष्ण की हाला को पहली बार अनूप जलोटा ने ही गाया था जो काफी लोकप्रिय हुआ। प्रसिद्ध बांसुरी वादक पंडित हरि प्रसाद चौरसिया ने अपने वीडियो संदेश में दास नारायण को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि कवि दास नारायण के भक्ति गीतों को लगभग सभी बड़े गायक और गायिकाओं जैसे लता मंगेशकर, जगजीत सिंह, हरि ओम शरण, कविता कृष्णमूर्ति और मन्ना डे ने गाया है। इसके अलावा उनके गीतों को शास्त्रीय गायकों जैसे कि पंडित भीमसेन जोशी, पंडित जसराज, किशोरी आमोणकर, राजन साजन मिश्र आदि ने भी अपने स्वर दिये हैं।

## भाभी का इलाज कराने आ रहे युवक को भिनगा जंगल में पीटा

श्रावस्ती। जिले के सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बढ़ही पुरवा के निवासी अब्बास अली अपनी भाभी का इलाज कराने भिनगा आ रहा था। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भिनगा जंगल में अंटा तिराहे के निकट बाइक रोक कर पेशाब करने लगा। इसी बीच पहुंचे तीन लोग उसकी भाभी से छेड़छाड़ करने लगे। विरोध पर युवक को पीटने लगे। इस दौरान राहगीरों को आता देख आरोपी तमंचा और कुल्हाड़ी छोड़ के जंगल में भाग गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। घटना का किसी राहगीर ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने की छापेमारी 2 रेस्टोरेंट को नोटिस जारी

ललितपुर। उप जिलाधिकारी मोहम्मद नासिर की अगुवाई में खाद्य विभाग की टीम द्वारा छापामार कार्यवाही करते हुए अनुरस रेस्टोरेंट, तालाबपुरा से खाद्य तेल सरसों का एक नमूना तथा आनंद होटल तालाबपुरा से हल्दी, बेसन तथा सोयाबीन, रिफाइंड तेल के एक-एक नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। अनुसार रेस्टोरेंट में ओपन डस्टबिन एवं ड्रेनेज सिस्टम खराब पाया गया, साथ ही फ्रीजर में गंदगी के कारण नोटिस जारी किया गया। आनन्द भोजनालय में ओपन डस्टबिन, किचन में टॉयलेट एवं कीट नियंत्रक के बिना खाद्य भण्डारण के कारण नोटिस जारी किया गया। मौके पर संबंधित होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को साफ सफाई व गुणवत्ता पूर्ण भोजन के विषय में निर्देशित किया गया, टीम में कलामुद्दीन मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, आर के निरंजन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध करें : डीएम



सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवस ह्यह्य का आयोजन अक्टूबर महीने के प्रथम शनिवार को किया गया, मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों बड़े ही सरल भाव से सुना गया और प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने के साथ ही, क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया, इस मौके पर जिलाधिकरी ने सम्बन्धित को निर्देशित कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उसे उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। इस मौके पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा तहसील दुद्धी का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पत्रावलियों का रख-रखाव, न्यायालयों के रजिस्टर की स्थिति का जायजा लिये, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्यालय परिसर में बेहतर साफ-सफाई रखा जाये, सभी कार्मिक समय से कार्यालय में उपस्थित रहते हुए जनता की शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित करने के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दियें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा व उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव ने 72 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 02 मामलें निस्तारित किये गये और 01 टीम को क्षेत्र में भेजकर 01 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। 3 मामले निस्तारित हुए, बाकी 69 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। तहसीलदार दुद्धी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, परियोजना निदेशक आर0एस0 मौर्या, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। ओबरा का आयोजन अपर जिलाधिकरी ( वि0/रा0 ) सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, अपर जिलाधिकरी ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकरी ( वि0/रा0 ) सहदेव कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, नायब तहसीलदार आदि ने 67 शिकायतों को सुनते हुए, मौके पर ही 10 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीम को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 12 मामले निस्तारित हुए, बाकी 55 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए। राबर्ट्सगंज में तहसीलदार अमित कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर तहसीलदार व नायब तहसीलदार आदि ने 116 शिकायतों को सुनते हुए, मौके पर ही 16 मामलें निस्तारित किये गये और 7 टीम को क्षेत्र में भेजकर 07 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 23 मामले निस्तारित हुए, बाकी 93 प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। घोरावल का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश सिंह व तहसीलदार घोरावल नटवर सिंह, नायब तहसीलदार विदित तिवारी आदि ने 49 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 02 मामलें निस्तारित किये गये और बाकी 47 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए।

संक्षेप

## युवा वर्ग भविष्य के साथ देश के लिए कर्तव्यों का करे निर्वहनः सुदीप

**अयोध्या।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्राथमिक शिक्षा वर्ग का आयोजन स्थानीय परम हंस डिग्री कालेज, विद्या कुंड अयोध्या में सम्पन्न हुआ। 28 अक्टूबर से प्रारंभ हुए वर्ग का समापन शनिवार को हुआ। वर्ग के दीक्षांत समारोह में अयोध्या महानगर के प्रचारक सुदीप जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत 99 वर्षों से हिन्दु समाज का संगठन कर राष्ट्रीय भव जागरण का काम करते आ रहा है। इस कार्य में संघ समय समय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करता है। प्राथमिक शिक्षा वर्ग में स्वयंसेवक नियुद्ध, दण्ड, योगासन, स्वदेशी खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त कर शारीरिक व मानसिक रूप से दक्ष होता है। इसके साथ साथ जीवन के नैतिक मूल्यों का भी प्रशिक्षण प्राप्त करता है। अनुशासन, समय पालन, आज्ञा पालन जैसे गुणों से वह स्वय की इच्छा से बिना किसी भेदभाव से एक अच्छे समाज में अपनी भूमिका का निर्वहन करता है। राष्ट्र को परम वैभव के शिखर तक ले जाने के बड़े लक्ष्य की प्राप्ति का माध्यम ही प्रशिक्षण है।

# समाधान दिवस में 200 शिकायतें मिलीं, 23 निस्तारित

## डीएम ने नायब तहसीलदार, कानूनगो व दो लेखपालों का रोका एक माह का वेतन

- गलत आख्या लगाने पर एसडीएम को लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश
- गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर जिलाधिकारी ने की कार्रवाई

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** जन समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने एवं विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं, विभिन्न कार्यालयों से संबंधित जन शिकायतों का यथासंभव एक ही स्थान पर सुगमता से निस्तारण कराये जाने और जन सामान्य एवं अधिकारियों के मध्य सीधा जन-संवाद स्थापित करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील सोहावल में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना व यथासंभव उनका मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष समस्याओं को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में आज कुल 200 शिकायतें आयी, जिसमें 23 का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जन समस्याओं की सुनवाई के दौरान श्री विश्वनाथ गुप्ता निवासी रौनाही, विकासखण्ड सोहावल के द्वारा तालाब पर अतिक्रमण के सम्बंध में प्रस्तुत किये गये प्रार्थना पत्र में सरसरी निस्तारण किये जाने पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित नायब तहसीलदार स्नेहिल वर्मा, राजस्व निरीक्षक श्री उदय राज तथा लेखपाल प्राची मिश्रा व श्री चंद्रभान सिंह का एक माह का वेतन रोकने के निर्देश उपजिलाधिकारी सोहावल को दिये। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में श्री दयाशंकर पुत्र हरीराम, ग्राम बभनियावां के द्वारा चकमार्ग पर अतिक्रमण की शिकायत की गयी, जिसके सम्बंध में जिलाधिकारी ने प्रकरण की जांच



कराते हुए यदि चकमार्ग पर अतिक्रमण है तो चकमार्ग को अतिक्रमण खाली कराने तथा सम्बंधित लेखपाल द्वारा गलत आख्या लगाने पर लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश उपजिलाधिकारी सोहावल को दिये। जिलाधिकारी द्वारा पैमाइश आदि से सम्बंधित विभिन्न शिकायतों का समस्त लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार तथा तहसीलदार व उप जिलाधिकारी को गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करने के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को कोर्ट पर लम्बित पैमाइश सम्बंधी समस्त वादों का प्राथमिकता पर तेजी से निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, उपजिलाधिकारी सोहावल अशोक कुमार सैनी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय जैन सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### 57 शिकायतों में मात्र एक का निस्तारण

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय पर शनिवार को वित्त एवं राजस्व अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। समाधान दिवस में परसपुर सथरा निवासी रामावती ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पति की मौत के बाद से उसे विधवा पेंशन मिल रही थी जिससे परिवार का गुजर बसर हो रहा था, लेकिन बगैर किसी कारण के विभाग द्वारा पेंशन बंद कर दी गई है। तहसील समाधान दिवस में क्षेत्र से कुल 57 शिकायतों के सापेक्ष मात्र 01 शिकायत का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका। संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकतर मामले सरकारी भूमि पर अवैध कब्जेदारी व पुलिस विभाग से संबंधित छाया रहा। वित्त एवं राजस्व अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारियों व प्रतिनिधियों को खाना पूर्ति न करने का निर्देश देते हुए कहा कि स्थल पर जाकर पीड़ित से मिले तभी कोई रिपोर्ट लगाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, तहसीलदार मिल्कीपुर प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार आनंद प्रकाश राय, क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्री यश त्रिपाठी, बीडीओ मिल्कीपुर कमला प्रसाद श्रीवास्तव, मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थानों के प्रतिनिधि व अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसीलों में संपन्न

**बहराइच।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह अक्टूबर के प्रथम शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई के दौरान राजस्व व पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना समाधान दिवस में भूमि से सम्बन्धित प्राप्त होने वाले प्रकरणों को नियमानुसार गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। विशेषकर संवेदनशील प्रकरणों का अधिकारी स्वयं अपने देख-रेख में निस्तारण कराये।

उल्लेखनीय है कि तहसील पयागपुर में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 127 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 08 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों मिहींपुरवा(मोतीपुर) में प्राप्त 19 में 02, सदर बहराइच में प्राप्त 14 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 92 में 07, नानपारा में प्राप्त 56 में 09 तथा महसी में प्राप्त 20 में 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।

## महिला महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित



**बहराइच।** एचआईवी/एड्स जनजागरूकता के उद्देश्य से महिला महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा एड्स विषय पर रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप कुमार मिश्र व ओमेंद्र प्रसाद तिवारी द्वारा एड्स से बचाव विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सरिता यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर कालेज की प्रचार्या डॉ. प्रिया मुखर्जी सहित शिक्षण स्टाफ व छात्राएं मौजूद रहीं।

# पत्रकारिता की फलक नाज ने जीता मिस यूपी का खिताब

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता की छात्रा फलक नाज ने लखनऊ में एक दिवसीय मेकअप फैशन शो में मिस यूपी का खिताब हासिल किया एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। सोमवार को स्वैच्छिक संगठन द्वारा आयोजित मिस्टर एण्ड मिस यूपी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। उन्हें फिल्म अभिनेता अनिल रस्तोगी ने मिस यूपी का खिताब रत्न जड़ित ताज पहनाकर नवाजा।

इस उपलब्धि पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी। छात्रा फलक नाज पत्रकारिता विभाग की 2022 की छात्रा रही है। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरूआत हिन्दी खबर से की। वर्तमान में अमेठी से नेटवर्क-10 राष्ट्रीय न्यूज चैनल की जिला संवाददाता के रूप में



कार्यरत है। उन्हें महिला सशक्तीकरण पर परिचय देते हुए यूपी से मिस यूपी का ताज अपने नाम किया। फलक नाज यह उपलब्धि अन्य क्षेत्र की महिलाओं व छात्राओं के लिए प्रेरणा श्रोत बनी। विभाग के समन्वयक डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि यह खिताब फलक नाज के मेहनत और लगन का प्रतिफल है।

पत्रकारिता में नाम रोशन करने के साथ मिस यूपी का खिताब भी अपने नाम किया।

# सपा की मासिक बैठक में साइकिल यात्रा पर हुई चर्चा

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी फैजाबाद पर समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने 8 अक्टूबर को आ रही साइकिल यात्रा के बारे में विस्तृत से चर्चा किया। उन्होंने कहा अयोध्या जनपद की सीमा पर यादव नगर गद्दोपुर गोसाईगंज पर साइकिल यात्रा का जोरदार स्वागत किया जाएगा यह यात्रा 8 अक्टूबर को रात्रि विश्राम पूरा बाजार 9 अक्टूबर को रात्रि विश्राम शहर फैजाबाद 10 अक्टूबर को समापन मिल्कीपुर में होगा यह साइकिल यात्रा अयोध्या विधानसभा होते हुए मिल्कीपुर विधानसभा में प्रवेश करेगी श्री यादव ने बताया कि यह साइकिल यात्रा आजमगढ़ से चलकर आ रही है श्री यादव ने कहा कि मिल्कीपुर में होने वाले उपचुनाव में बूथ और सेक्टर स्तर पर कार्यकताओं व पदाधिकारी की जिम्मेदारी निर्धारित की जाएगी श्री




यादव ने कहा की विधानसभा तथा जिला प्रकोष्ठों की मासिक बैठक नियमित करनी है इस पर भी चर्चा की गई कार्यक्रम का संचालन कर रहे महासचिव बख्तियार खान ने कहा कि 9 अक्टूबर को काशीराम की पुण्यतिथि 10 अक्टूबर को सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव नेता जी की पुण्यतिथि 11 अक्टूबर को समाजवादी नेता जयप्रकाश की जयंती 12 अक्टूबर को समाजवादी नेता डॉ राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि मनाई जाएगी सपा जिला प्रवक्ता चैधरी बलराम यादव ने बताया कि सपा युवा नेता सतीश चैधरी के आकस्मिक निधन पर पार्टी कार्यालय पर सभी नेताओं कार्यकताओं ने गहरा दुख व्यक्त किया और उनके निधन पर 2 मिनट का मन रखकर शोक सभा किया इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष ललित यादव राजेश पटेल चैधरी बलराम यादव एजाज अहमद जे पी यादव प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव बलराम मौर्य छेदी सिंह मोहम्मद हलीम पप्पू चंद्रभान वर्मा मोहम्मद असलम अजीत पटेल राम बहादुर यादव सत्यनारायण यादव खामा अजय वर्मा वसी हैदर गुड्डू पवन यादव अंसार अहमद बब्बन सुनील सिंह मोहम्मद इश्तियाक खान प्रीतम विश्वकर्मा गोविंद यादव आदर्श वर्मा सत्येंद्र यादव अमन यादव सुखराम यादव हरिकृष्ण यादव राम प्रसाद यादव रामबरन यादव भगवती प्रसाद राकेश चैरसिया रामजन्म निषाद रंजीत शर्मा विकास यादव मोहम्मद सलीम खान राशिद जमील जय सिंह यादव शावेज जाफरी एडवोकेट सरोज यादव गोविंद विश्वकर्मा रामसागर वर्मा श्याम सिंह अखिलेश चैबे कैलाश कोरी रोली यादव अमृत राजमान ओरौनी पासवान मिर्जा शादिक हुसैन इंद्रपाल यादव रक्षा राम यादव तरजीत गौड़ महेश सोनकर सिराज अहमद छोटेलाल यादव अबसार अहमदपृथ्वीराखान सादिक हुसैन सनी फरीद अहमद अमित वर्मा अनस खान सूर्यभान यादव शुभम वर्मा अजीत यादव विशाल यादव जितेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## कथित सिपाही को दुष्कर्म में 12 साल की सजा

**अयोध्या।** खुद को पीआरबी में सिपाही बता किशोरी को नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में दुष्कर्मी को 12 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। उस पर ?90000 जुमार्ना भी हुआ है। जुमार्ने की रकम में से 50 फीसदी पीड़िता को बतौर प्रतिकर देने का आदेश हुआ है। यह आदेश फास्ट ट्रैक कोर्ट के जज प्रदीप कुमार सिंह ने शनिवार को सुनाया। दोषी घटना के समय से जेल में है उसे सजा सुनाने के बाद इसे भुगतने के लिए फिर जेल भेज दिया गया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय तथा सतीश चंद्र देव रस ने बताया कि कोतवाली नगर के एक कॉलोनी की रहने वाली पीड़िता की मां के मोबाइल नंबर पर एक युवक ने फोन किया और उसने खुद को पुलिस का सिपाही बताते हुए पीआरबी में तैनाती बताई। उसकी पुत्री को नौकरी दिलवाने के लिए लेकर आने जाने लगा। 23 सितंबर 2020 को दौड़ कराने के बहाने पीड़िता को सिविल लाइन बुलाया। वह अपनी मां के साथ वहां पहुंची। वहां देर होने लगी तो पीड़िता को छोड़कर उसकी मां घर चली गई। तब अरविंद रावत किशोरी को लेकर रुदौली गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इसकी रिपोर्ट पीड़िता की मां ने अपहरण की धारा में अरविंद रावत के खिलाफ लिखाई थी। किशोरी की बरामदगी के बाद मामले में दुष्कर्म की धारा की बढ़ोतरी की गई और आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सजा दी।

## चोरों ने सोने व चांदी के कीमती समान और नगदी को किया पार

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र में चोरों के हौसले बढते ही जा रहे हैं। बरसेंडी, रहीमपुर बदौली, दक्षिण पारा, भैरव पंडित पुरवा के बाद चोरों ने ग्राम सभा कपासी के मजरे किला गांव में चोरों ने लाखों के कीमती जेवर और नकदी को पार कर दिया। मामले की तहरीर पीड़ित ने रौनाही थाना पर दी है।

शुक्रवार देर रात कपासी ग्राम पंचायत के मजरे किला गांव में संदीप तिवारी के घर के पीछे से घुसकर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। परिवार के लोग सुबह सोकर उठे तो कमरे की अलमारी का लाकर टूटा व कमरे का सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा मिला। जिसके बाद चोरी हो जाने की जानकारी हुई। पीड़ित महेश तिवारी ने बताया कि चोरों ने सोने की आठ अंगूठी, तीन चैन, दो हार, झुमका, माथ बिन्दी, दो लाकेट, चांदी का एक पावजेब, कमर पेटी, पायल, बिछिया व 60000 नगदी चोर उठा ले गए। थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। चोरी का जल्द खुलासा किया जायेगा। ग्रामीण राजू दुबे, महेश तिवारी, देवेश तिवारी, आलोक दुबे आदि ने हुई चोरी की इस घटना के खुलासे की मांग की है।

## भाजयुमो के नेतृत्व हुआ सदस्यता कैंप का शुभारंभ

**देवरिया।** शहर के सुभाष चौक पर भाजयुमो के जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रताप मल्ल के नेतृत्व में लगाए गए सदस्यता कैंप के उद्घाटन के अवसर पर भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री हर्षवर्धन सिंह ने कहा कि युवा मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा हर जिले में व्यापक रूप से कैंप लगाकर सदस्यता कराई जा रही है।

कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि भाजयुमो के क्षेत्रीय अध्यक्ष पुरुषार्थ सिंह ने भी संबोधित किया।

# झाड़ियों में मिला महिला का शव, तांत्रिक हिरासत में

- महिला की पहचान न होने के कारण अन्य थानों को फोटो भेजी जा रही है

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** दरगाह थाना क्षेत्र में एक महिला की लाश मिली है। महिला की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका लोग जता रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल का पुलिस उपाधीक्षक नगर ने निरीक्षण कर विधिक कार्यवाही के निर्देश दिए है। दरगाह नूरुद्दीन चक गांव निकट एक मुर्गी फार्म है।

इस फार्म के निकट शनिवार दोपहर में एक अज्ञात महिला का शव झाड़ियों में लोगों ने पड़ा देखा। जिस पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। दरगाह थाना पुलिस और पुलिस उपाधीक्षक नगर रमेश कुमार पांडेय ने पहुंच कर शवस्थल का निरीक्षण कर महिला की पहचान के लिए आसपास के लोगों से शिनाख्त नहीं हो सकी।

ने बताया कि महिला एक झाड़फूंक करने वाले बाबा के पास दिखी थी। बाबा भी क्षेत्र में किराए के मकान लेकर रहते थे। लोग महिला की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जता रहे हैं। बाबा को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। महिला की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष के मध्य है। थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि महिला की पहचान न होने के कारण अन्य थानों को फोटो भेजी जा रही है। शव को मच्यूरी में रखवा दिया गया है।

# जातीय गोलबंदी पलट सकती है उपचुनाव का खेल

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** यूपी की राजनीति की धुरी बनी मिल्कीपुर सीट के समीकरण बन रहे और बिगड़ रहे हैं, जैसे-जैसे यूपी में उपचुनाव का शोर तेज हो रहा है, वैसे-वैसे राजनीतिक दालों की ओर से शह और मत के दाव चले जा रहे हैं, आखिरकार मिल्कीपुर विधानसभा सीट इतनी महत्वपूर्ण क्यों हो गई है क्योंकि इस सीट को यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने प्रतिष्ठा का विषय बना लिया है। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव फिर से जीत का दावा कर रहे है और कह रहे हैं कि पीडीए ही जीतेगा, जिन 10 सीटों पर चुनाव होने हैं उनमें से मिल्कीपुर सीट सबसे स्पेशल है क्योंकि यह अयोध्या में आती है, और इस लोकसभा में जिस तरह से समाजवादी पार्टी की यहां पर जीत हुई है उसका भी असर मिल्कीपुर पर है इसलिए राजनीतिक दल हर हथकंडे अपना रहे हैं सपा के संभावित प्रत्याशी अजीत प्रसाद पर एफआईआर हुई ऐसे में मिल्कीपुर की बाजी किस ओर जाएगी कुछ कहना अभी मुमकिन नहीं है देश का सबसे बड़ा सुबा उत्तर प्रदेश जहां पर 10 सीटों पर उपचुनाव होने हैं इन्हीं सीटों में शामिल है अयोध्या कि मिल्कीपुर की सीट, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ऐसे ही नहीं अयोध्या सांसद के रूप में अवधेश प्रसाद का परिचय नहीं कराया इसके पीछे पूरी राजनीति थी, जो धीरे-धीरे सामने आ रही है, वही अयोध्या से हार बीजेपी के लिए बड़ा झटका है, जिससे उबरने की तैयारी में राम मंदिर के सहारे लोकसभा चुनाव में गयी थी, और चार सौ पार का नारा लगाया लेकिन नीचे से ही उसकी जमीन खिसक गई, यानि अयोध्या में उसका हाल बेहाल हो गया, वहीं से पीडीए के सबसे बड़े चेहरे के रूप में अवधेश प्रसाद उभरे, अखिलेश यादव ही पीडीए फॉमूर्ले को लेकर सामने आए जिसे कांग्रेस ने स्वीकार किया और दो लड़कों की जोड़ी ने इसे आगे बढ़ाया, लेकिन यही बीजेपी को नहीं भा रहा है, लोकसभा चुनाव के हार का बदला बीजेपी मिल्कीपुर में लेना चाहती है इसलिए मिल्कीपुर की कमान सीएम ने खुद संभाली है वह 3 महीने में चार बार मिल्कीपुर की यात्रा कर चुके हैं मिल्कीपुर का दौरा करके सीएम योगी भाजपा की जमीन तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं जबकि सपा ने मिल्कीपुर की कमान अवधेश प्रसाद को दे रखी है जो लगातार मिल्कीपुर में डेरा डाले हुए हैं, पार्टी ने मिल्कीपुर से अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है सिर्फ औपचारिक ऐलान बाकी है, पार्टी से हरी झंडी मिलने के बाद अजीत प्रसाद दौरे मे जुट गए, लेकिन इसी बीच उन पर अपहरण, मारपीट, धमकी देने के आरोप में एफआईआर दर्ज हुई इसके बाद मिल्कीपुर का सियासी समीकरण फिर से बदलने लग गया है, जो अब तक पीडीए के पक्ष में नजर आ रहा था उसमें ध्रुवीकरण की बात सामने आ रही थी।

## पोषक तत्वों की आपूर्ति के लिए हरी खाद उत्तम स्रोत

**अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रसार निदेशालय एवं आईसीएआर मूंगफली शोध निदेशालय जूनागढ़ के संयुक्त तत्त्वाधान में ह्लमूंगफली उत्पादन की उन्नत तकनीकह्व पर चल रहे कृषक प्रशिक्षण आयोजन का समापन हुआ। अपर निदेशक प्रसार डॉ आर.आर. सिंह ने मूंगफली में पोषक तत्व प्रबंधन एवं पोषक तत्व स्त्रोतों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

डॉ सिंह ने बताया कि यदि किसी पोषक तत्व की कमी हो व अन्य किसी पोषक तत्व से आपूर्ति न की जा सके तो वे पोषक तत्व आवश्यक पोषक तत्व कहलाते हैं।

उन्होंने बताया कि सभी पोषक तत्वों की आपूर्ति करने के लिए कंपोस्ट या हरी खाद सबसे उत्तमस्त्रोत होता है। वरिष्ठ प्रसार अधिकारी डॉ के. एम सिंह ने मूंगफली उत्पादन की सस्य क्रियाओं के बारे में जानकारी दी।

# अंश निर्धारण में हुई अविवादित त्रुटियों और लोप सुधार के लिए 31 दिसम्बर तक संचालित होगा अभियान

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** खतौनी में खातेदारों/सहखातेदारों के गाटों के अंश निर्धारण में हुई अविवादित त्रुटियों एवं लोप सुधार को ऑनलाइन दर्ज एवं निस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में राजस्व परिषद द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। परिषद द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत किसी भी प्रकार से अंश निर्धारण त्रुटि का संज्ञान होने पर लेखपाल द्वारा सम्बन्धित संदर्भ को पोर्टल पर आनलाइन दर्ज किया जायेगा। लेखपाल की लॉगिन आई.डी. पर प्रदर्शित सभी संदर्भों की लेखपाल द्वारा स्थलीय एवं अभिलेखीय जाँच की जायेगी। जाँच में संतुष्ट होने पर लेखपाल के द्वारा अंश निर्धारण के सम्बन्ध में समस्त हितबद्ध सह-खातेदारों की सहमति के रूप में सहमति प्रपत्र पर हस्ताक्षर/अंगूठा निशान प्राप्त किया जायेगा। सहखातेदारों की सहमति प्राप्त होने के पश्चात प्रकरण को अविवादित मानते हुए लेखपाल द्वारा अपनी संस्तुति सहित जांच आख्या एवं साक्ष्य पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।

क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक लॉगिन आई.डी. में प्रदर्शित हो रही लेखपाल की जाँच आख्या एवं अभिलेखों के परीक्षण हेतु ग्राम पंचायत में जाकर भूमि प्रबन्धक समिति के सदस्यों एवं खातेदारों/ सहखातेदारों के साथ बैठक करेंगे एवं अंश निर्धारण में हुयी त्रुटियों के सम्बन्ध में स्वयं जाँच करेंगे। परीक्षण/जांच के पश्चात संतुष्ट होने पर क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक द्वारा लेखपाल की आख्या से सहमत/असहमत होते हुए अविवादित/विवादित्त टिप्पणी के साथ अपनी संस्तुति सहित आख्या उ.प्र. राजस्व संहिता, 2006 के तहत तहसीलदार को प्रेषित की जायेगी।

तहसीलदार लॉगिन आई.डी. में प्रदर्शित हो रही क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक की सभी आख्याओं का परीक्षण कर राजस्व निरीक्षक की आख्या से सहमत/असहमत हो सकता है। तहसीलदार क्षेत्रीय राजस्य निरीक्षक की अविवादित टिप्पणी युक्त आख्या से सहमत होने पर अंश निर्धारण त्रुटि सुधार के सम्बन्ध में क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक को आनलाईन अनुमति प्रदान करेंगे। तहसीलदार से अनुमति प्राप्त होने के उपरान्त उ.प्र. राजस्व संहिता में विहित व्यवस्था के अनुसार क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक अपने लॉगिन से त्रुटिपूर्ण अंश निर्धारण की प्रविष्टि के संशोधन का आदेश राजस्व अभिलेखों में अंकन किए जाने के लिए राजस्व निरीक्षक (कार्यालय) को आनलाईन अग्रसारित करेंगे। आनलाईन आदेश प्राप्त होने पर राजस्व निरीक्षक कार्यालय द्वारा अमलदरामद करते हुए नामान्तरण बही आर-6 और खतौनी में किया जायेगा। यदि प्रकरण में गाटे में अंश निर्धारण के सबंध में सहखातेदारों की सहमति प्राप्त नही होती है, तो प्रकरण को विवादित्त मानते हुए तहसीलदार द्वारा अपनी संस्तुति सहित आख्या उप जिलाधिकारी को प्रेषित की जायेगी। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि राजस्व परिषद की ओर से निर्देश प्राप्त हुए हैं कि खतौनी में अंश निर्धारण के सम्बन्ध में अविवादित त्रुटियों एवं लाोप को 31 दिसम्बर 2024 तक दुरूस्त कराया जाय। डीएम ने बताया कि अंश निर्धारण में हुई अविवादित त्रुटियों एवं लोप सुधार हेतु समस्त एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार एवं गुरूवार को क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल गांव में सार्वजनिक स्थान पर ग्रामवासियों की मौजूदगी में खतौनी को पढ़ कर आवेदन प्राप्त करेंगे। बैठक दिवस को राजस्व निरीक्षक द्वारा पुनः खतौनी पढ़ कर भूमि प्रबन्धन समिति के सदस्यों की बैठक करते हुए सहमत/असहमत की कार्यवाही नियमानुसार कर, त्रुटि सुधार कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। भू.प्र.स. द्वारा की गयी कार्यवाही की वीडियोग्राफी एवं कार्यवाही को रजिस्टर पर दर्ज कर संरक्षित भी किया जाएगा।

एसडीएम को निर्देश दिये गये हैं कि ग्राम प्रधान, कोटेदार, लेखपाल, ग्राम पंचायत सचिवों, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, आशा बहु, आंगनवाडी कार्यकत्री, ए.एन.एम., रसोईया, सफाईकर्मी आदि के माध्यम से अंशनिर्धारण त्रुटि सुधार अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाये, जिससे बैठक के दिन अंश निर्धारण त्रुटि से प्रभावि ज्यादा से ज्यादा कृषकों से आवेदन प्राप्त कर नियमानुसार अंश निर्धारण त्रुटियों को सही किया जा सके।

## सदस्यता अभियान के दूसरे चरण में प्रबुद्धजनों पर विशेष फोकसः भूपेंद्र सिंह

**देवरिया।** भाजपा के सदस्यता अभियान का दूसरा चरण मंगलवार से शुरू हो चुका है जो 15 अक्टूबर तक चलेगा। इस चरण में ज्यादा से ज्यादा प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय पर सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। उन्होंने बताया कि अभियान के पहले चरण में संगठन की जिला इकाई ने लगभग 1 लाख 93 हजार लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई है। दूसरे चरण का अभियान समाप्त होते ही 16 से 31 अक्टूबर तक पार्टी सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान चलाएगी। उन्होंने बताया कि शीर्ष नेतृत्व ने जिले में निवास करने वाले पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों को व्यक्तिगत तौर पर पांच-पांच हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है। सदस्यता अभियान के पहले चरण की समीक्षा व दूसरे चरण के लक्ष्य को लेकर विधानसभावार बैठकें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकताओं के परिश्रम से सदस्यता अभियान का प्रथम चरण सफल हुआ है।

# चौपाल में महिला अधिकारों प्रति जागरुकता अभियान

**बहराइच।** नवरात्रि अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निदेर्शानुसार मिशन शक्ति को पुनः जोर शोर से आरम्भ करने की पहल अंतर्गत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला द्वारा थाना मूर्तिहा में एक वृहद महिला चौपाल कार्यक्रम में 21 ग्राम पंचायतों की महिलाओं व ग्राम प्रधानों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को प्रेरित किया गया कि अपने विरुद्ध होने वाले अपराध के प्रति आवाज अवश्य उठाएं, सामाजिक दबाव व प्रतिष्ठा के चलते ऐसे प्रकरणों को आपसी सुलह -समझौता से ना सुलझाएं जिससे कि सामाजिक कुरीतियों व अपराधियों का मन बढ़ता है।

साथ ही वहां पर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्राम प्रधानों से भी अपील की गई कि संगीन प्रवृत्ति के महिला सम्बन्धी अपराधों को आपसी सहमति से निस्तारित करने में बिचौलिए की भूमिका न अदा करें ताकि महिलाओं को सही रूप से न्याय मिल सके एवं इस प्रकार के अपराधों की पुनरावृत्ति पर नियंत्रण किया जा सके। साथ ही मिशन शक्ति के उद्देश्यों के विषय में अवगत कराते हुए बताया गया कि महिलाओं को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाना



शासन की प्राथमिकता पर है। अभियान के अन्तर्गत महिलाओं के विरुद्ध हिंसा को रोकने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और उनके लिए न्याय व सहायता प्रणाली तक सरल पहुँच सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग तत्परता के साथ कार्यरत है जिसके अन्तर्गत महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, साथ ही जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में गाँव-गाँव जाकर महिला चौपाल लगाकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

साथ ही चौपाल में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों जैसे- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्पलाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076ह्नमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, 1930-साइबर हेल्पलाइन तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इसी प्रकार के जागरूकता अभियान सभी थाना क्षेत्रों में पूरे नौ देवी के अवधि में चलाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया है।

महिला बीट अधिकारियों को बताया गया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में आयोजित होने वाली रामलीला एवं दुर्गा पूजा के पंडालो पर जाकर पूजा के समय महिला सुरक्षा सबंधी जागरूकता प्रदान करें साथ ही सभी राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने क्षेत्र अंतर्गत कम से कम एक वृहद महिला चौपाल लगाकर उसमे स्वयं महिलाओं को जागरूक करना सुनिश्चित करें।

संक्षेप

## बिना मानचित्र स्वीकृत कराये 12 निर्माणाधीन भवनों पर सीलिंग कार्यवाही

**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)**। विकास प्राधिकरण ने शनिवार सुनरख खादर वृन्दावन में सौभरी वन की ओर 100 वर्ग से 300 मीटर भूखण्डों पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये 12 निमार्णाधीन भवनों पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। विकास प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी का कहना है कि अवैध निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। प्राधिकरण उपाध्यक्ष के सख्त आदेश के अनुपालन में प्राधिकरण के अभियन्ताओं द्वारा सुनरख खादर वृन्दावन में सौभरी वन की ओर रामनाथ, पवन गौतम, ठा. राधारमण सिंह, हरी वल्लभ सिंह, अमूल सिंह व अन्य द्वारा 100 वर्ग मीटर से 300 वर्ग मीटर के भूखण्डों पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये 12 निमार्णाधीन भवनों पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी। कृत कार्यवाही में सहायक अभियन्ता अशोक कुमार चैधरी, अवर अभियन्ता दिनेश कुमार, अनिल कुमार व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ता उपस्थित रहें। समस्त निर्माण परिक्रमा मार्ग से सौभरी वन सुनरख रोड़ पर यमुना खादर क्षेत्र में स्थित है। निर्माणकताओं द्वारा भूतल, प्लिन्थ लेवल, एक मंजिला व दो मंजिला भवनों का निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण अभियन्ताओं द्वारा कई बार मौखिक रूप से निर्माण कार्य बंद कराये गये परन्तु निर्माणकताओं द्वारा निरन्तर चोरी-छिपे निर्माण करने का प्रयास किया गया जिसकी सूचना प्राधिकरण उपाध्यक्ष को कई सूत्रों से प्राप्त हुयी। जिसके क्रम में समस्त निमार्णों को सील किये जाने के निर्देश दिए गए। प्राधिकरण सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि खादर क्षेत्र में किए जा रहे निमार्णों के विरूद्ध सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।

## विधायक संग डीएम और एसएसपी ने किया अहोई अष्टमी मेला का निरीक्षण

**मथुरा**। अहोई अष्टमी पर संतान प्राप्ति को 24 अक्टूबर की रात राधाकुंड में स्नान होगा। अहोई अष्टमी मेला व्यवस्थाओं को जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ शैलेश कुमार पांडे व विधायक गोवर्धन ठाकुर मेघश्याम सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ नगर पंचायत कार्यालय में बैठक कर अधिनस्थों को दिशा निर्देश दिए तथा मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। शनिवार को जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने एसडीएम नीलम श्रीवास्तव, तहसीलदार मनीष कुमार, नगर पंचायत ईओ चैतन्य कुमार तिवारी से मेला संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर बैठक आयोजित की। सीओ आलोक कुमार सिंह ने उच्च अधिकारियों को जानकारी देते हुए बताया व्यवस्थाओं में राधाकुंड कुंड के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे, यातायात व्यवस्थाओं में वेरियर, पार्किंग आदि तैयारी की जानी है। डीएम ने लोक निर्माण विभाग से सड़के दुरस्त करने, विप्रा से रोशनी के पर्याप्त प्रबंध, बिजली विभाग से अवाध आपूर्ति के साथ खंभों पर प्लास्टिक लगाने तथा नगर पंचायत को साफ सफाई, साइन बोर्ड आदि, स्वास्थ्य विभाग को कैंप लगाने के निर्देश दिए। कुंड पर प्रवेश और निकास द्वार अलग अलग बनाए गए हैं, जिससे भीड़ आमने सामने न हो। परिक्रमार्थियों को 100 फुटा मार्ग से निकालने की बात कही। मीरा मनोरंजन व पुलिस चैकी के समीप खोया पाया केंद्र तथा पीए सिस्टम लगाने लगाया जायेगा। मेला व्यवस्थाओं पर एसडीएम नीलम श्रीवास्तव व सीओ आलोक कुमार सिंह नजर रखेंगे। एसएसपी शैलेश पांडे ने सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर सीओ और थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्र से जानकारी ली।

# अनुसंधान व शिक्षा के लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य

## अमेरिकी विवि के प्रतिनिधियों ने किया संस्कृति विवि का दौरा



**मथुरा**। दुनियाभर के विश्वविद्यालयों का संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इसी क्रम में उच्च शिक्षा में अनुसंधान और शैक्षिक अवसरों की खोज के लिए इलिनाय सिंप्रगफील्ड विवि अमेरिका से एक प्रतिनिधिमंडल का संस्कृति विवि में आगमन हुआ। प्रतिनिधिमंडल का यह दौरा वैश्विक एकेडमिक सहयोग को बढ़ावा देने के विवि के दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इलिनाय सिंप्रगफील्ड विवि अमेरिका के प्रतिनिधिमंडल में डॉ. टायरोन डूले, डीन कॉलेज ऑफ पब्लिक अफेयर्स एंड एजुकेशन, एंड्रयू निकोल, इसी विवि के सीनियर एडवाइजर और प्रोफेसर प्रियांका देव, स्टूडेंट मीडिया की निदेशक शामिल थे। स्वागत समारोह में संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सचिन गुप्ता ने इस तरह के दौरों के महत्व पर जोर दिया और कहा कि बदलते समय के साथ इन विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि आज की तेजी से बदलती दुनिया में, सहयोग केवल लाभकारी नहीं बल्कि अनिवार्य है। इन संस्थानों के बीच विचारों का आदान-प्रदान यह सुनिश्चित करता है कि हमारे छात्र न केवल स्थानीय चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हों, बल्कि वैश्विक नेताओं के रूप में उभरें। उन्होंने आगे कहा कि संस्कृति विश्वविद्यालय अपने छात्रों के लिए शोध, इंटर्नशिप और संयुक्त कार्यक्रमों के माध्यम से वैश्विक अवसरों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने संस्कृति विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक सुविधाओं और आतिथ्य की प्रशंसा की। स्टूडेंट मीडिया की निदेशक, प्रोफेसर प्रियांका देव ने कहा कि संस्कृति विश्वविद्यालय ने हमारे लिए एक स्वागतपूर्ण माहौल बनाया है। यह प्रकार के प्रयास भारतीय छात्रों को विदेशों में बेहतर करियर विकल्प प्राप्त करने में मदद करेंगे, खासकर अमेरिका में, जो अवसरों की भूमि है। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और छात्रों के साथ गहन बातचीत की। इस दौरान उन्होंने संयुक्त डिग्री कार्यक्रम, शोध सहयोग और छात्र विनिमय की संभावनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आगरा चैप्टर) के सचिव, डॉ. वेद प्रकाश ने छात्रों के वैश्विक अनुभव के महत्व को उजागर करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग छात्रों को सीमाओं से परे सोचने और सांस्कृतिक संवेदनशीलता विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर सेंटर फॉर एप्लाइड पॉलिटिक्स के निदेशक डॉ. राजनीश त्यागी ने भारत के विकास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक ‘विकसित भारत’ और ‘आत्मनिर्भर भारत’ के विजन से संबंधित सार्वजनिक प्रशासन और नीति के महत्व पर जोर दिया।

## खाद्य विभाग की टीम में 120 किलो कुटू का आटा जब्त कर किया नष्ट

**मथुरा**। मथुरा सहित आसपास के जनपद अलीगढ़ आगरा में कुटु का आटा खाने से आए दिन लोगों के बीमार होने की खबर से चिंतित शासन प्रशासन ने मथुरा में इसकी बिक्री पर प्रतिबंध लगा रखा है। शनिवार को वृंदावन नगर में बस स्टैंड के पास खुले में विक्रय हो रहे आटे को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जब्त किया। दुकान से करीब 120 किलो आटा खाद्य विभाग की टीम को मिला जिसे नष्ट कर दिया गया है। इसकी बाजारी कीमत 18000 रुपए बताई गई है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि धीरेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि जनपद के सभी व्यापारियों से स्पष्ट कह दिया गया कि वह किसी भी कीमत पर कूटू के आटे की बिक्री आदि न करें। इसके अलावा खाद्य विभाग की टीम ने एक स्थान से कुटु का आटा पनीर और साबूदाने के सैंपल भी लिए हैं। उक्त संग्रहित किये गये सभी नमूनों को जांच हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र सिंह, भरत सिंह, राम नरेश दलबीर सिंह, मोहर सिंह अरूण राणा एवं गजराज सिंह, जितेन्द्र सिंह उपस्थित रहें।

## एआरटीओ ने किया बस का चालान कई बसों को किया निरुद्ध

**मथुरा**। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) राजेश राजपूत ने अवगत कराया है कि उप्रा शासन द्वारा दिये गये निदेशों के अनुपालन में परिवहन विभाग मथुरा द्वारा 2 से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है, के क्रम में आज 5 सितंबर को चतुर्थ दिवस पर जनपद के प्रवर्तन अधिकारी राजेश राजपूत (सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन प्रथम दल), सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी मनोज प्रसाद वर्मा व नरेश चैधरी (संभागीय निरीक्षक) व सीएमओ ने चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजी गयी टीम में डी नरेन्द्र सिंह व डॉ महराज द्वारा ड्राइविंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट वृन्दावन में व्यवसायिक वाहनों के चालकों परिचालकों के नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सीय परीक्षण के लिए कैंप लगवाया गया। जिसमें 67 चालकों/परिचालकों एवं लाइसेंस नदीनीकरण के लिए आये चालकों का नेत्र एवं स्वास्थ्य चिकित्सीय परीक्षण किया।

## मिशन शक्ति 5 से महिलाएं व बालिकाएं होंगी सशक्त

**फिरोजाबाद**। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नवरात्रों के चलते पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति 5 की शुरूआत की जा चुकी है। जिससे महिलाएं व बालिकाएं न सिर्फ सुरक्षित होगी बल्कि जागरूक भी होगी। शासन की मंशा है कि महिलाएं एवं बालिकाएं सुरक्षित रहें और आगे बढ़ें। जिसको पूरा करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के प्रत्येक ज़िले में मिशन शक्ति 5.0 का अभियान चल रहा है। जिसके तहत शनिवार को टाइनी टोट्स इंटर कॉलेज बसई थाना टूंडला जनपद फिरोजाबाद में मिशन शक्ति 5.के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला रिपोर्टिंग चौकी प्रभारी म0उ0नि0 अलवीना पठान द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत 10 दिवसीय गरुड़ अभियान के संबंध में महिलाओं व बालिकाओं तथा स्कूल के छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही साथ आजकल विशेष रूप से चल रहे क्राइम-डिजिटल अरेस्टिंग के बारे में भी जानकारी दी गई और किस तरह से उससे बचा जा सकता है, इसके बारे में भी कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को जानकारी दी गयी। बच्चों को हेल्पलाइन नंबर्स के साथ-साथ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभान्वित योजनाओं से भी अवगत कराया गया। बच्चों से कार्यक्रम के बाद फीडबैक लिया गया तो बच्चों ने बताया कि अब पुलिस से हमारी फ्रेंडशिप हो गई है। पुलिस हमारी दोस्त बन चुकी है। जिस तरह से पुलिस ने आकर हम लोगों को जागरूक किया है और नई-नई योजनाओं व हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में बताया है वो सब हमारे लिए बहुत ही लाभकारी हैं। इन्हें न केवल हम अपने तक ही सीमित रखेंगे बल्कि अपने आसपास के लोगों व दोस्तों में भी इस इनफार्मेशन को शेयर करेंगे। ताकि सभी लोग इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा उठा सके। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान चलाकर महिलाओं के मनोबल को बढ़ाया गया है। इससे हम मोटिवेट होते हैं और हमें भी लगता है कि समाज में हमें विशेषता मिल रही है। उक्त कार्यक्रम में टाइनी टोट्स इंटर कॉलेज की प्रधानाध्यापिका प्रिया पाराशर थाना टूंडला से निरीक्षक अपराध कृष्ण स्वरूप पाल, म0उ0नि0 अलवीना पठान महिला आरक्षी निशा रजनी मुख्य आरक्षी हरेंद्र आरक्षी आशीष आशा बहन लज्जावती तथा आंगनबाड़ी सुमन देवी व प्रभादेवी आदि मौजूद रहे।

## जनपद न्यायालय में रक्तदान शिविर आयोजित




**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)**। जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आशीष गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को प्रातः 10.30 बजे से केन्द्रीय कक्ष, जनपद न्यायालय, मथुरा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा रक्तदाता फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में ‘रक्त दान शिविर’ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आशीष जैन, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, नितिन पाण्डेय, अपर जिला जज/प्रभारी अधिकारी नजारत, सुरेन्द्र प्रसाद, अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, रक्तदाता फाउण्डेशन के अध्यक्ष अमित गोयल, कार्डिनेटर आशीष कुमार गोयल एड०, यतेंद्र फौजदार, शुभम अग्रवाल, डा. रोहताश तेवतिया, डा. भूदेव सिंह, डिप्टी सी.एम.ओ., ठा. मदन गोपाल सिंह अध्यक्ष बार एसोसिएशन, गोपाल गौतम आई, सचिव, बार एसोसिएशन साहित अन्य अधिवक्तागण, पराविधिक स्वयंसेवकगण, पैनल अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, न्यायिक कर्मचारीगण, जिला चिकित्सालय के चिकित्सकगण, आदि उपस्थित रहे।

जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तदोपरान्त जनपद न्यायाधीश श्री आशीष गर्ग, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय आशीष जैन, अपर जिला जज श्री विजय कुमार सिंह, सिविल जज जू०डि० अंकित रस्तोगी, सचिव बार एसोसिएशन गोपाल गौतम आई सहित अनेक न्यायिक अधिकारियों, न्यायिक व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, पैनल लॉयर्स, पराविधिक स्वयंसेवकों आदि द्वारा रक्तदान किया गया। रक्तदाता फाउण्डेशन के कार्डिनेटर आशीष कुमार गोयल एड. ने कहा रक्तदान महान काम है। इस रक्तदान शिविर का आयोजन हमारे लिए खुशी व गर्व की बात है। कुछ व्यक्तियों में यह भ्रम है कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आती है। रक्तदान के कारण कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि स्वस्थ्य व्यक्ति को लगभग तीन माह में एक बार अवश्य ही रक्तदान करना चाहिये। न्यायाधीश आशीष गर्ग ने कहा सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिये। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमन्द की जान बचा सकता है।

# लालच देकर ठगी करने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार

- पीएम आवास योजना व शादी अनुदान योजना का लालच देकर जनता के साथ करते थे धोखाधड़ी



**फिरोजाबाद**। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना साइबर क्राइम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना व शादी अनुदान योजना का लालच देकर जनता के साथ धोखाधड़ी करने वाले 03 शातिर साइबर फ्रॉड अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। शातिर साइबर अपराधियों के कब्जे से एक टेबलेट, 03 मोबाइल फोन, 05 फर्जी आधार कार्ड, 02 सरकारी कर्मचारी आईडी कार्ड, 14 आधार कार्ड की छायाप्रति, 07 पैनकार्ड की छायाप्रति, 03 बैंक डिटेल की छायाप्रति व 9650 रुपए नकद बरामद किए गए। शिकोहाबाद निवासी महिला के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर साइबर ठगों द्वारा रूपयों की धोखाधड़ी कर ली गयी थी जिसमें महिला ने थाना शिकोहाबाद में मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त प्रकरण के खुलासे और अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पर पुलिस टीम का गठन करते हुए निर्देशित किया गया था। गठित टीम द्वारा शनिवार को नगला उदी मोड के पास से 03 शातिर अभियुक्तों धीरज उर्फ लक्की पुत्र नरेन्द्र सिंह निवासी नगला उदी पहाडपुर थाना बसई मौ0पुर फिरोजाबाद

वीरेन्द्र सिंह पुत्र छोटेलाल निवासी लकडी की ठार बरकतपुर थाना रसूलपुर फिरोजाबाद, पीताम्बर पुत्र स्व0 करन सिंह निवासी लकडी की ठार बरकतपुर थाना रसूलपुर फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तार शातिर अभियुक्त भोली भाली जनता को बेवकूफ बनाकर फर्जी सरकारी कर्मचारी बनकर उनसे फोन पर उनके आधार कार्ड पैन कार्ड व बैंक डिटेल लेकर उनको प्रधानमंत्री आवास योजना तथा शादी अनुदान की योजना का लालच देकर रुपए अपने बैंक खाते में डलवा कर उनके साथ धोखाधड़ी करते थे। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त भोली भाली जनता को बेवकूफ बनाकर फर्जी सरकारी कर्मचारी बनकर उनसे फोन पर उनके आधार कार्ड पैन कार्ड व बैंक डिटेल लेकर उनको प्रधानमंत्री आवास योजना तथा शादी अनुदान की योजना का लालच देकर रुपए अपने बैंक खाते में डलवा लेते हैं तथा उनके साथ धोखाधड़ी करते थे। ये सरकारी योजनाओं का डाटा इन्टनैट से प्राप्त कर लेते थे, प्राप्त डाटा के आधार पर ये लोगों को कॉल करते हुए उनके साथ धोखाधड़ी करते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की गई है।

## निकली महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा

**मथुरा**। वृन्दावन अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी की 5148 वीं जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा मंगलवार सायंकाल नगर में धूमधाम से निकाली गई। जिसका नगरवासियों तथा अग्रबंधुओं ने स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा वं आरती उतारकर अभिनंदन किया। धर्मनगरी महाराजा अग्रसेन के जयकारों से गुंजायमान हो उठी। सायं लगभग 6 बजे शोभायात्रा गोपीनाथ बाजार से प्रारंभ हुई। जिसमें सबसे आगे भगवान गणेश का डोला, माँ दुर्गा, राधाकृष्ण की झांकी तथा अग्र समाज की बालिकाएं डांडिया नृत्य करती चल रहीं थीं। शोभायात्रा नगर भ्रमण करती हुई गोपीनाथ बाजार से रंगजी मंदिर मार्केट, नगर निगम चैराहा, अनाज मंडी, पुराना बजाजा, प्रताप बाजार, रेतिया बाजार, लोई बाजार, बनखण्डी महादेव, अठखंभा, बांकेबिहारी मंदिर मार्ग होती हुई मोर भवन के निकट दिल्ली वाली धर्मशाला पर समाप्त हुई।

## पुलिस ने ऑटो से निकाली सीट, तो ऑटो चालकों ने बढ़ाया किराया



**आगरा**। शहर में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस द्वारा अभियान चलाया गया इस अभियान में ओटो में लगी ओवर सीट निकलवायी गई पुलिस द्वारा और सभी ऑटो चालकों को हिदायत भी डी की कोई भी ओटो चालक ओवर सवारी बैठा कर नहीं चलेगा ऑटो टेंपो में सभी पीछे ही बैठा लेंगे सवारियों को ऑटो में यह सब पुलिस ने आज दिन हो रहे एक्सीडेंट हादसा को लेकर अभियान चलाया था लेकिन इससे ऑटो चालकों को बहुत बड़ा नुकसान भी हुआ अगर सवारियां कम बैठे तो घाटा भी हुआ उसी को देखते हुए ओटो चालकों ने भी किराए में बढ़ोतरी कर दी है। इसी को देखते हुए ई रिक्शा चालकों की बल्ले बल्ले हो गई। और फोटो में सवारियां कम बैठने लगी ई रिक्शा का इंतजार कर रही सवारियां धड़ाधड़ ई रिक्शा चालक कमाई कर रहे हैं चांदी काट रहे हैं और ऑटो चालक सवारी के मुंह की तरफ देख रहे हैं और इंतजार कर रहे हैं क्या खेल पहले जैसे दिन कब आएंगे अब बात तो सिर्फ सवारी की जेब पर आती है सीधे कह तो ऑटो चालकों है सवारी सीधे कह तो ऑटो चालकों है सवारी सीधे कह तो ऑटो चालकों ने सवारी की जेब पर भारी पड़ रहा है

## चौराहे पर बने मंदिर के आसपास नहीं होना चाहिए अवैध अतिक्रमण

**आगरा**। शहर की बात कर दो इस समय नवदुर्गा का समय चल रहा है और इस समय सभी पूजा अर्चना में लगे हैं माता रानी के सभी महिला भक्ति एवं बुजुर्ग लोग मां की भक्ति में ध्यान मग्न है लेकिन चिंता का विषय बस यही आता है किस शहर में कई ऐसे चौराहे हैं जहां मंदिर बने हैं तो ठीक वही बिल्कुल पास मे ही चाय के होटल एवं गुटके की दुकान है और मदिरा की दुकान भी है। जो नियम से हटकर हैं। वैसे तो 12 महीने इन मंदिरों में पूजा करने के लिए महिला भक्तगण से लेकर छात्र-छात्राएं एवं बुजुर्ग लोग भी आते हैं। जब इन मंदिरों में महिला भक्ति पूजा अर्चना करते है तो मां की पूजा करने में महिला एवं छात्र-छात्राओं को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ता है और पास ही में बने चाय के होटल एवं गुटके की दुकान पर बैठे लोग अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अश्लील बातें करते हैं जिस कारण महिला एवं छात्र-छात्राओं बड़ी भारी दिक्कत आती है यह सब कुछ अपना नाम न छापने की शर्त पर कुछ छात्र-छात्राओं ने बताया। की पुलिस की मेहरबानी हुई उन्हें पर होती है पूरा आशीर्वाद बना रहता है कुछ मंदिर तो यमुना पार क्षेत्र में भी बने हैं जो ठीक मंदिर और पुलिस चौकी के बराबर में चाय के होटल है पुलिस का पूरा आशीर्वाद होने के कारण होटल संचालक किसी से भी कुछ भी कह देते हैं वैसे तो पिछले समय में काफी चर्चा में रहा है।

## सपा का जिला पंचायत सदस्य कर रहा महिलाओं के लिए अश्लील भाषा का प्रयोग

**आगरा**। एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है इस वीडियो में आप खुद सुन सकते हो की एक अधेड़ उम्र का व्यक्ति किस प्रकार महिलाओं के विषय में अश्लील बात कर रहा है। इस व्यक्ति को समाजवादी पार्टी से जिला पंचायत सदस्य बताया जाता है लेकिन समाचार पत्र इसकी पुष्टि नहीं करता हम इसकी वीडियो नहीं दिखा सकते क्योंकि बातें कुछ इतनी अधिक अश्लील है जो शायद सुनने वाले को भी शर्म आएगी। जिसमे वो बहन बेटियों के बारे में कर रहा है खुलकर गंदी बातें। ऐसे समाज में गंदगी फैलाने वाले विचारधारा के नेताओं पर होनी चाहिए कड़ी कार्रवाई बहन बेटियों को किस नजर से देखता है। ये हैवान इसका जीता जागता सुबूत हैं बाइरल वीडियो। यह वीडियो थाना पिढौरा क्षेत्र के रहने वाले जिला पंचायत सदस्य की महिलाओं के प्रति सोच से बहन बेटियों सुरक्षित नहीं। बहन बेटियों पर अश्लील टिप्पणी करने वाले नेता पर कड़ी कार्रवाई के लिए महिलाओं में भारी आक्रोश दिखाई दे रहा है उच्चाधिकारियों को मामले में संज्ञान लेकर इस हैवान ? पर करनी चाहिए कड़ी कार्रवाई इस पर पांच बड़े बड़े आपराधिक मुकदमे दर्ज होने के बाद भी ज़िला पंचायत सदस्य खुलेआम महिलाओं के लिए कर रहा है अभद्र भाषा का प्रयोग।

## विधायक ने छात्रों को टेबलेट वितरण किये



**टूंडला**। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रों को सशक्त बनाने की एक महत्वपूर्ण पहल में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत राम सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शनिवार को टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक टूंडला प्रेम पाल सिंह धनगर ने आयोजन का शुभारम्भ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्मलन द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि विधायक टूंडला ने टेबलेट वितरण के बाद विद्यार्थियों को सम्बोधित किया और कहा कि इस योजना का उद्देश्य डिजिटल साक्षरता को बढ़ाना और छात्रों को आधुनिक डिजिटल दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करना है। छात्रों को टैबलेट से लैस करके सरकार न केवल ऑनलाइन शिक्षा तक पहुंच की सुविधा प्रदान कर रही है, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रही है कि समाज के सभी वर्गों के छात्र नवीनतम शैक्षिक संसाधनों का उपयोग करने में सक्षम हों। बी फार्मा के छात्र सनी प्रताप सिंह के इंडियन आर्मी में मेडीकल ऑफीसर के पद पर चयन होने पर विधायक ने छात्र को मैडल ०शील्ड देकर सम्मानित किया। राम सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के सचिव डॉ.डी पी सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये टैबलेट छात्रों के सीखने के अनुभव को आगे बढ़ाने और उनके शैक्षणिक विकास में योगदान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ग्रुप के प्राचार्य डॉ बी पी सिंह ने शिक्षा प्रणाली में प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को इन अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा मुख्य अतिथि एवं अन्य सभी का इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आभार व्यक्त किया।। इस अवसर पर पोलीटेक्निक निदेशक इंजी. अनूप राठौड़, फामेर्सी निदेशक प्रो. शिल्पा श्री वास्तव, रजत प्रताप, आदित्य दुबे, दिव्यांशी अग्रवाल, अंजली गुप्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिव्यांशी अग्रवाल द्वारा किया गया।

## मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारा सभी हैं टैक्स से बाहर

- धार्मिक स्थल परिसर में बने व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर लगेगा टैक्स

**शिकोहाबाद**। नगरपालिका क्षेत्र में मंदिर, मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारा पर कोई टैक्स नहीं है। सभी धार्मिक स्थल टैक्स से बाहर हैं। लेकिन जिन धार्मिक स्थल परिसर में व्यापारिक गतिविधियां चल रही हैं उन प्रतिष्ठानों पर टैक्स लगेगा। लेकिन कुछ लोग सोशल मीडिया पर गलत जानकारी डाल कर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। शनिवार को नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी सुरेंद्र प्रताप सिंह और चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता ने एक पत्रकार वार्ता कर इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पालिका क्षेत्र में कोई भी धार्मिक स्थल है, उस पर कोई टैक्स नहीं लगाया जा रहा है। लेकिन धार्मिक स्थल परिसर में अगर कोई व्यापारिक गतिविधि हो रही है तो उस पर टैक्स लगेगा। जिन धार्मिक स्थल परिसर में दुकानें हैं, उन्हें किराये पर उठाया गया है और उनसे लोग धन अर्जित कर रहे हैं तो टैक्स लगाया जायेगा। चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता ने कहा कि अगर नगर पालिका को कोई भी व्यक्ति गलत टैक्स दे देता है तो संबंधित व्यक्ति नगर पालिका आकर उसका समाधान करा सकता है। अगर नगर पालिका में कोई उनसे इस संबंध में कुछ कहता है तो वह उनसे सीधे मिल कर अपनी समस्या बता सकते हैं। उनकी समस्या का समाधान कराया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट डाल कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बांके बिहारी मंदिर पर 21000 हजार का टैक्स लगाया गया है। इस तरह की एक पोस्ट सोशल मीडिया पर अपलोड है। इस पर उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में बनी दुकानों पर टैक्स लगाया गया है ना कि मंदिर पर।

# 70 शिकायतों में 8 का मौके पर किया निस्तारण



**फिरोजाबाद**। जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने सिरसागंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायों को न केवल सुना, अपितु कुछ समस्याओं का तत्काल समाधान प्रस्तुत किया। साथ ही कुछ समस्याओं के समाधान हेतु राजस्व और पुलिस अधिकारियों की टीम बनाकर मौके पर भेजकर उनका समाधान भी प्रस्तुत किया। इस दौरान राजस्व संबंधी कानून व्यवस्था संबंधी पूर्ति संबंधित, बेसिक शिक्षा संबंधी, पंचायती राज संबंधित ग्राम विकास संबंधित समस्याएं आई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एक ऐसा फरियादी बुजुर्ग भी आया जो 10 साल से अपनी भूमि पर पट्टा न होने पर परेशान था। जिलाधिकारी ने उस बुजुर्ग की समस्या को न केवल सुना अपितु संबंधित लेखपाल और तहसीलदार को निर्देशित करते हुए मौके पर भेजकर सभी स्थितियों का पता लगाने का निर्देश भी दिया। इसी दौरान एक अन्य फरियादी जिसका नाम आकिल पुत्र इब्राहिम, सराय भरथरा का निवासी था। उसकी जमीन पर कुछ दबंग कब्जा करना चाहते थे। जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सामने रोते हुए अपनी फरियाद सुनाई। जिस पर जिलाधिकारी ने तुरंत एस0ओ0 सिरसागंज को निर्देशित किया की तत्काल जांच कर अभिलम्ब विधिक कार्यवाही करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 70 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें जिलाधिकारी ने मौके पर ही 8 शिकायतों का निस्तारण कराया और बाकी बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को एक सप्ताह में पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराने के निर्देश दिए। इसी दौरान जिलाधिकारी के समक्ष रेवेन्यू बार एसोसिएशन सिरसागंज ने जिलाधिकारी से मांग की, कि तहसील सिरसागंज बने 8 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, लेकिन अभी तक उपनिबंधक कार्यालय तहसील सिरसागंज स्थापित नहीं किया गया है, जिससे तहसील सिरसागंज की जनता को बैनामा आदि की रजिस्ट्री हेतु शिकोहाबाद जाना पड़ता है, जिससे जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपनिबंधक कार्यालय तहसील परिसर सिरसागंज में स्थापित किया जाए, दूसरी उनकी मांग थी कि सिरसागंज में तहसीलदार की नियुक्ति न होने के कारण धारा 67 के वादों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है, जिससे काफी पत्रावलियां विचाराधीन पड़ी हुई हैं। तहसीलदार सिरसागंज की नियुक्ति यथा शीघ्र की जाए, जिलाधिकारी ने उनकी समस्त मांगों का यथा शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। इस तरह जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने जन शिकायतों का निस्तारण कर जनता को न केवल प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा किया अपितु प्रशासन की लोक कल्याणकारी स्वरूप को भी अभिव्यक्त किया।

## आयुष्मान कार्ड से अस्पताल में भर्ती दिखाकर निकाल रहे पैसा

**आगरा**। दोस्तों एक बार आपको हम याद दिला दें कि सरकार द्वारा गरीब लोगों के लिए आयुष्मान कार्डकी सुविधा दी गई है। जिस किसी भी समयअस्पताल में जाकर निशुल्क के इलाज करा सकते हैं। परंतु उसे सुविधा का लाभ गरीब नहीं उठा पा रहे सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उस कार्ड से पैसा निकाल रहे हैं। आगरा के तमाम स्वास्थ्य केंद्रऐसे हैं। जहां पर अगर दवा लेने कोई व्यक्ति जाता है और उसके पास आयुष्मान कार्ड है अस्पताल में मौजूद डॉक्टर कर्मचारी आयुष्मान कार्ड लेकरउसे व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती दिखाते हैं। जो दवा लेने आया है। तिरछी नजर के साथ बै खोफ सच लिख रहा हूं बाहर की दवा मगांने के नाम परआयुष्मान कार्डधड़क से अंगूठा लगवाते हैं और ?2300 किस्त के रूप में काट लेते हैंऐसा नहीं है की पहली बार में ही ?2300 काटे जाते होउसके बाद भी एक दो रकम कट सकती हैं. गरीब लोगों को जब जानकारी होती है जब पैसा काटने का संदेश उनके मोबाइल पर आता है जिन-जिन लोगों के पैसे काटे गए हैं उनका कहना है कि वह जिला अधिकारी से जाकर शिकायत करेंगेआखिरकारसरकार की तरफ से चलाई जा रही योजनाका लाभ गरीबों को मिलना चाहिए या फिरबिना किसी बीमार व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती दिखाकर उसके खाते से पैसे निकाले जायें।

संक्षेप

## एनआईए ने कई राज्यों में मारा छापा

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के खिलाफ जांच के तहत शनिवार को देश के कई राज्यों में 22 स्थानों पर तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, असम और दिल्ली में तलाशी अभियान जारी है।

## स्पाइसजेट अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने स्पाइसजेट के प्रबंध निदेशक और चार अन्य अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह प्राथमिकी कथित तौर पर भविष्य निधि (पीएफ) खाते में कर्मचारियों के हिस्से की 12 प्रतिशत राशि जमा न करने के लिए दर्ज की गई है। अधिकारियों ने बताया कि जमा न की गई राशि 65 करोड़ रुपये है। ईओडब्ल्यू के एक अधिकारी ने बताया कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की शिकायत पर 16 सितंबर को आईपीसी की धारा 409 (लोक सेवक, या बैंकर, व्यापारी या एजेंट द्वारा आपराधिक विश्वासघात) और 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और जांच जारी है। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने हालांकि एक बयान में कहा, यह मामला कंपनी के योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये फंड जुटाने से पहले दायर किया गया था और एयरलाइन ने तब से सभी लंबित वेतन और जीएसटी बकाया का भुगतान कर दिया है। उन्होंने बताया कि दस महीने का पीएफ बकाया जमा कर दिया गया है और शेष बकाया चुकाने की प्रक्रिया जारी है।

## सुरदा तांबा खदान में परिचालन शुरू

नयी दिल्ली। झारखंड में सुरदा तांबा खदान में परिचालन एक बार फिर चालू हो गया है, जबकि राज्य में केंदाडीह और राखा तांबा खदानें इस साल फिर शुरू हो सकती हैं। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। खदान मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत आने वाली कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के पास इन खदानों का स्वामित्व है। कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि सुरदा खदान में परिचालन दोबारा शुरू होना देश को तांबे के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार ने कहा कि सुरदा खदान चालू होने से बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा, स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा तथा हर साल लगभग 100 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा।

## आरईसी ने 90,955 करोड़ रुपये का बांटा कर्ज

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी ने चालू वित्त वर्ष (2024-25) की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान 20.10 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 90,955 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसमें से 11,297 करोड़ रुपये के हरित ऋण वितरित किए गए हैं। आरईसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में उसने 13.71 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 47,303 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए हैं। इसमें से नवीकरणीय ऊर्जा ऋण 37.35 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 5,946 करोड़ रुपये के वितरित किए गए हैं।

## एमईआईएल ने महाराष्ट्र में शुरू किये पांच सौर संयंत्रों

नयी दिल्ली। बुनियादी ढांचा कंपनी एमईआईएल ने महाराष्ट्र में 19 मेगावाट की संयुक्त क्षमता वाले पांच सौर संयंत्रों का परिचालन शुरू किया है। मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) ने शनिवार को बयान में कहा कि इन संयंत्रों का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। बयान के अनुसार, एमईआईएल ने प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के तहत महाराष्ट्र भर में 19 मेगावाट की कुल क्षमता वाले पांच सौर ऊर्जा संयंत्रों का परिचालन शुरू किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सौर संयंत्रों का उद्घाटन किया और राष्ट्र को समर्पित किया।

# भाजपा विधायक के पैरों पर गिरे आप मंत्री

### बस मार्शल की बहाली को लेकर किया प्रदर्शन, मुख्यमंत्री आतिशी ने एलजी को सौंपा कैबिनेट नोट

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों के साथ शनिवार को उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से मुलाकात की और बसों में मार्शल बहाल करने के लिए एक कैबिनेट नोट सौंपा। हालांकि, कुछ देर बाद ही सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और विपक्षी दल के बीच उस वक्त इस मुद्दे पर सहमति टूटती नजर आई जब आप नेताओं ने भाजपा पर विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

एक नाटकीय घटनाक्रम में दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता के पैरों पर गिर गए और उनसे अनुरोध किया कि वे आप नेताओं के साथ उपराज्यपाल के आवास पर चलें और बसों में मार्शल की बहाली पर सक्सेना की मंजूरी लें, जबकि मुख्यमंत्री अपनी कार छोड़कर भाजपा नेता की कार में बैठ गईं। दोनों दलों के विधायकों के सक्सेना के आवास पर पहुंचने के बाद आप नेताओं ने भाजपा विधायकों पर आरोप लगाया कि इन्होंने उपराज्यपाल से कैबिनेट नोट पर हस्ताक्षर करने की बात नहीं की। उन्होंने इस मुद्दे पर उपराज्यपाल के आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जिन्हें बाद में पुलिस ने हिरासत में ले लिया। राज निवास के बाहर जब विरोध प्रदर्शन हो रहा था तब आतिशी उपराज्यपाल के आधिकारिक आवास के भीतर थीं। आतिशी ने उपराज्यपाल से मुलाकात के बाद आरोप लगाया कि भाजपा ने बस मार्शल के साथ विश्वासघात किया है। उन्होंने कहा सबसे पहले, भाजपा विधायक उपराज्यपाल से मिलने को तैयार नहीं थे, परंतु हम किसी तरह उन्हें अपने साथ लाने में कामयाब रहे। लेकिन यहां आने के बाद भी उन्होंने उपराज्यपाल से एक बार भी कैबिनेट नोट पर हस्ताक्षर करने के लिए नहीं कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भाजपा द्वारा किया गया विश्वासघात है और अब बस मार्शल को बहाल करने की जिम्मेदारी उन पर है। पुलिस ने उपराज्यपाल आवास के बाहर प्रदर्शन कर रहे आप के मंत्रियों और विधायकों को यह कहते हुए हिरासत में ले लिया कि उनके पास इसके लिए कोई अनुमति नहीं थी।

# सॉवरेन बॉन्डधारकों के साथ श्रीलंका ने किया समझौता

एजेंसी

कोलंबो। श्रीलंका सरकार ने अपने सॉवरेन बांडधारकों के साथ ऋण पुनर्गठन समझौता किया है, जो उसके आर्थिक सुधार और सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

श्रीलंका के वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को बयान में कहा कि 19 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय सॉवरेन बांड (आईएसबी) के अपने अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय धारकों के प्रतिनिधियों के साथ सैद्धांतिक समझौते (एआईपी) के बाद, श्रीलंकाई अधिकारियों ने अब देश की आधिकारिक ऋणदाता समिति (ओसीसी) और आईएमएफ (अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष) के साथ अपना परामर्श पूरा कर लिया है। राजकोषीय विभाग के बयान में कहा गया है कि ओसीसी ने पुष्टि की है कि एआईपी की शर्तें व्यवहार की तुलनात्मकता (सीओटी) सिद्धांत का अनुपालन करती हैं और आईएमएफ ने भी पुष्टि की है कि समझौते की शर्तें आईएमएफ समर्थित कार्यक्रम को पूरा करती हैं। इससे पहले राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के नेतृत्व वाली नई नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) सरकार ने आईएमएफ प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई वार्ता के दौरान समझौते को स्वीकार करने पर अपनी सहमति दी थी। बयान के अनुसार, 21 सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव और 25 सितंबर को नई सरकार के गठन के बाद, श्रीलंकाई अधिकारियों ने ऋण पुनर्गठन योजना के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। नए प्रशासन ने कार्यक्रम के ऋण लक्ष्यों और एआईपी शर्तों का समर्थन किया है, जिसमें सहमत शर्तों के अनुसार आईएसबी के पुनर्गठन में तेजी लाने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# पिता की आंखों के सामने बेटे को उठा ले गया तेंदुआ

जिला संवाददाता

लखीमपुर। वन रेंज शारदा नगर के गंगाबेहड़ गांव के पास पिता के साथ साइकिल से घर जा रहे किशोर को जंगली जानवर खींच ले गया। इससे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना के काफी देर बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कांबिंग के दौरान खेत में बच्चे का अधखाया शव मिला। कोतवाली सदर के गांव गंगाबेहड़ निवासी मुनव्वर शनिवार की देर शाम अपने 12 वर्षीय पुत्र साजेब उर्फ छोटू के साथ खम्भार खेड़ा चीनी मिल से बोरी में राख भरकर साइकिल से घर जा रहा था। परिजन के मुताबिक मुनव्वर साइकिल चला रहे थे। बेटा साजेब पीछे से साइकिल में धक्का लगा रहा था। बताया जा रहा कि गांव से चंद दूरी पर गन्ने से तेंदुआ निकला और किशोर को दबोचकर गन्ने के खेत में उठा ले गया। मुनव्वर के शोर मचाने पर तमाम ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना वन विभाग व पुलिस को दी गई। करीब दो घंटे बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। गुस्साए ग्रामीणों ने गन्ने के खेतो में ट्रैक्टर व बाइकों की रोशनी कर बच्चे की तलाश शुरू कर दी।

> ❍ बेटा दे रहा था साइकिल को धक्का, झटके से आयी मौत

# जल्द निकलेगा रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान : जयशंकर

एजेंसी



नयी दिल्ली, पांच अक्टूबर (भाषा) विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस और यूक्रेन के शीर्ष नेताओं के साथ बैठकें संघर्ष में शामिल दोनों देशों के बीच संवाद प्रक्रिया की शुरूआत है।

असमिया समाचार चैनल प्रतिदिन टाइम द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव 2024 के एक परिचर्चा सत्र में, जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व के उन गिने-चुने नेताओं में से एक हैं, जिनमें उन दोनों नेताओं (रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के वोलोदिमीर जेलेंस्की) से बात करने की क्षमता है, जो उन पर विश्वास करते हैं। रूस-यूक्रेन संघर्ष में, मध्यस्थता में भारत की भूमिका के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, हम क्या करने का प्रयास कर रहे हैं? आपको अनिवार्य रूप से मध्यस्थता करने की आवश्यकता नहीं है, कभी-कभी आपको संवाद करना होता है। हम असल में, एक साथ दो देशों से बात कर रहे हैं, जिनके बीच संघर्ष जारी है। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ कम से कम तीन बैठकें की हैं और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक बैठक की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने भी सितंबर में पुतिन से मुलाकात की थी और उन्हें जेलेंस्की के साथ प्रधानमंत्री मोदी की बातचीत के बारे में जानकारी दी थी। जयशंकर ने कहा स्पष्ट रूप से वह बातचीत इस बात पर केंद्रित थी कि संघर्ष क्यों हो रहा है। एनएसए डोभाल का रूस जाना जरूरी था, ताकि रूसियों को पता चले कि प्रधानमंत्री (मोदी) ने जेलेंस्की से क्या बात की। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष तीसरे वर्ष में प्रवेश कर चुका है और दुनिया भर में इससे काफी जनहानि और गंभीर आर्थिक परिणाम हुए हैं। विदेश मंत्री ने कहा आप इस संघर्ष को देख सकते हैं और कह सकते हैं कि हममें से कोई भी इसके बारे में कुछ नहीं कर सकता है, और कह सकते हैं कि यह जब समाप्त होगा तब समाप्त हो जाएगा। या आप कह सकते हैं कि मैं उन कुछ देशों में से एक हूं, जैसा कि हमारे मामले में है, उन कुछ प्रधानमंत्रियों में से एक हूं जो वहां बोलने की क्षमता रखता है तथा दोनों पक्ष उन पर भरोसा करते हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि यह एक संवाद प्रक्रिया की शुरुआत है। यह कहां तक पहुंचेगी, मैं अभी उस बिंदु पर नहीं पहुंचा हूं। जयशंकर ने कहा कि विश्व के नेता भारत द्वारा किए जा रहे प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा लोग आज बहुत खुश हैं। वे कहते हैं कि आपके (भारत के) पास प्रधानमंत्री मोदी जैसा व्यक्ति है जो दोनों देशों (रूस और यूक्रेन) की राजधानियों में जाने और उस तरह का संवाद करने की क्षमता रखते हैं।

# नक्सलवाद को जड़ खत्म करने का संकल्प

### अमित शाह करेंगे मुख्यमंत्रियों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को नक्सल प्रभावित आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यहां होने वाली बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री भाग लेंगे। इसमें कहा गया कि नरेन्द्र मोदी सरकार की रणनीति से वर्ष 2010 के मुकाबले 2023 में हिंसा में 72 प्रतिशत और मृत्यु में 86 प्रतिशत कमी आई है और आज वामपंथी उग्रवाद अपनी अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने में राज्यों का सहयोग कर रहे केन्द्रीय मंत्रालयों के पांच मंत्री भई बैठक में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में भाग लेंगे। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार, मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध है। केन्द्र सरकार वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित सभी राज्यों को इस समस्या से निपटने में हरसंभव सहायता दे रही है। शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ इस तरह की पिछली समीक्षा बैठक की अध्यक्षता छह अक्टूबर, 2023 को की थी।

# भूटान को फिनटेक सहायता और बढ़ायेगा भारत : निर्मला



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत भूटान को फिनटेक सहायता बढ़ाएगा, क्योंकि पड़ोसी देश में यूपीआई और रुपे कार्ड लोकप्रिय हो रहे हैं। सीतारमण ने यहां अपने भूटानी समकक्ष ल्योनपो लेके दोरजी के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान भूटान के राजा, शाही परिवार के सदस्यों और भूटान के लोगों को शुभकामनाएं दीं। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट किया कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने विकास और समृद्धि के लिए स्थायी साझेदारी तथा साझा प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में भूटान के समर्थन को स्वीकार किया। वित्त मंत्रालय ने कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भूटान में भीम यूपीआई और रुपे कार्ड की व्यापक स्वीकृति का जिक्र किया तथा भारत और भूटान के बीच फिनटेक संपर्क को अधिक मजबूत करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।

# इंडिगो की प्रणाली में व्यवधान, यात्री परेशान

एजेंसी




मुंबई। घरेलू एयरलाइन इंडिगो की प्रणाली में शनिवार को सात घंटे तक व्यवधान रहने के कारण इसके हजारों यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ा। हवाई अड्डे पर यात्रियों को लंबी कतारों में प्रतीक्षा करनी पड़ी तथा चेक-इन और सामान जमा कराने और लेने में भी काफी देर लगी। यात्रियों ने हवाई अड्डे पर जमा भीड़ और हाथ से लिखे गये बोर्डिंग पासों की तस्वीरें साझा कीं।

एयरलाइन ने कहा कि शाम छह बजे के कुछ समय बाद हवाई अड्डा प्रणाली काम करने लगी है तथा इसे सामान्य स्थिति में आने में कुछ समय लग सकता है। देश में प्रति दिन 2000 से अधिक उड़ानें परिचालित करने वाली इस सबसे बड़ी एयरलाइन की प्रणाली की गति सुबह मंद पड़ने लगी। सूत्रों ने बताया कि प्रणाली मंद पड़ने की सूचना मुंबई हवाई अड्डे पर पूर्वाह्न करीब सवा ग्यारह बजे दी गयी। इससे पहले एयरलाइन ने यह भी कहा कि इससे चेक-इन में देरी हो सकती है और वह जल्द से जल्द सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए काम कर रही है। इंडिगो ने दिन में सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया था, हम इस समय अपने पूरे नेटवर्क में अस्थायी रूप से प्रणाली व्यवधान का सामना कर रहे हैं, जिससे हमारी वेबसाइट और बुकिंग प्रभावित हो रही है। इसके चलते ग्राहकों को प्रतीक्षा समय में वृद्धि का सामना करना पड़ सकता है और चेक-इन में समय लग सकता है।

## पेज एक का शेष

### ट्रेन को पटरी

ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि इस शिकायत का संज्ञान लेकर जांच शुरू की गई तो पता कि घटनास्थल के नजदीक रेलवे का लोहे के सरिया आदि सामान रखने का स्थान है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि यहां से सत्यम यादव (32) नामक व्यक्ति लोहे के सरिया चोरी कर अन्य जगहों पर बेचता है। एसपी ने बताया कि जखौरा पुलिस ने छापा मारकर शनिवार को सत्यम यादव को उसके घर से गिरफ्तार कर किया। उन्होंने कहा कि उसके घर से चोरी किया गया लोहे का सरिया आदि सामान भी बरामद किया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान सत्यम ने पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार की रात वह सरिया चोरी कर रेलवे पटरी से जा रहा था, तभी अचानक पाताल एक्सप्रेस आ गई और वह हड़बड़ाहट में रेलवे लाइन पर सरिया फेंककर भाग गया। गौरतलब है कि देलवारा रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात ट्रेन संख्या-12624 (पाताल एक्सप्रेस) के इंजन में लोहे का सरिया फंसने से चिंगारी निकलने लगी थीं, गेटमैन की सूचना पर लोको पायलट ने ट्रेन रोक दी थी, जिससे बड़ा ट्रेन हादसा टल गया था।

### हरियाणा में

जा सकती हैं। इस सर्वे में पीडीपी को पांच से सात तथा अन्य को आठ से 16 सीट मिलने का अनुमान लगाया गया है। दैनिक भास्कर के सर्वेक्षण में संभावना जताई गई है कि जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन को 35 से 40 और भाजपा को 20-25 सीट मिल सकती हैं। इसमें पीडीपी को चार से सात और अन्य को 12-16 सीट मिलने का अनुमान है। अधिकतर एग्जिट पोल में संभावना जतायी गयी है कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों में कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन को बढ़त मिलेगी लेकिन भाजपा को केंद्र शासित प्रदेश में सरकार बनाने की उम्मीद है। वहीं नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने एग्जिट पोल को टाइम पास बताया, भले ही नतीजे उनकी पार्टी के पक्ष में हों। उमर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं चकित हूं कि टीवी चैनल एग्जिट पोल को लेकर परेशान हैं, खासकर हाल के आम चुनावों में नाकामी के बाद। मैं टीवी चैनलों, सोशल मीडिया, व्हाट्सएप आदि पर होने वाले सभी शोरगुल को नजरअंदाज कर रहा हूं, क्योंकि केवल आठ अक्टूबर के आंकड़े ही मायने रखेंगे। बाकी सब बस टाइम पास है। ज्यादातर एग्जिट पोल में कहा गया है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर सकती है। एग्जिट पोल के नतीजों पर प्रतिक्रिया देते हुए जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि उनकी पार्टी ने पूरी ताकत से विधानसभा चुनाव लड़ा। उन्होंने कहा, ''हमें पूरा भरोसा है कि आठ अक्टूबर की मतगणना के बाद भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। रैना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा समेत भाजपा नेतृत्व ने पार्टी के लिए प्रचार किया और लोगों से जबरदस्त समर्थन मिला। उन्होंने कहा, ''भाजपा आठ अक्टूबर को विजयी होगी और सरकार बनाने की दिशा में काम करना शुरू करेगी। हमने अपने बल पर चुनाव लड़ा। हमारा लक्ष्य लोगों के आशीर्वाद से चुनाव जीतना है और हम शानदार जीत हासिल करेंगे। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा ने कहा कि कांग्रेस-नेकां गठबंधन केंद्रशासित प्रदेश में अगली सरकार बनाने के लिए आरामदायक स्थिति में है। कर्रा ने कहा यह चुनाव मुख्य रूप से भाजपा को सत्ता से दूर रखने, भूमि और नौकरी की गारंटी के साथ राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए था। मैं (कांग्रेस-नेकां) गठबंधन को सरकार बनाने के लिए आरामदायक स्थिति में देख रहा हूं। उन्होंने कहा लोगों ने अपनी वास्तविक शिकायतों के निवारण के लिए मतदान किया क्योंकि पिछले 10 वर्ष में राजभवन और सिविल सचिवालय दोनों में सत्ता के शीर्ष पदों पर बैठे लोगों ने राजाओं की तरह काम किया और लोगों को बहुत तकलीफ हुई। भाजपा को लोगों को यह बताने की जरूरत है कि उन्होंने पिछले 10 वर्ष में क्या किया है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने कहा कि एग्जिट पोल भरोसेमंद नहीं हैं और सरकार गठन के बारे में बात करना अभी जल्दबाजी होगी।

### हरियाणा चुनाव

सोनीपत 33.64 और यमुनानगर में 42.08 प्रतिशत मतदान हुआ। कुरुक्षेत्र के लाडवा से चुनाव लड़ रहे सैनी ने अंबाला जिले के नारायणगढ़ स्थित अपने पैतृक गांव मिर्जा में वोट डाला। सैनी ने कहा हरियाणा की जनता का साफ इरादा है, भाजपा तीसरी बार बड़े जनादेश के साथ सरकार बनाने जा रही है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एम. एल. खट्टर ने करनाल में अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि मनु भाकर ने अपने माता-पिता के साथ झज्जर जिले के गोरिया गांव में मतदान किया। कांग्रेस के दिग्गज नेता हुड्डा, कुमारी शैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया और कहा कि उनकी पार्टी अगली सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस आला कमान अगले मुख्यमंत्री पर फैसला करेगा। पेरिस ओलंपिक की पदक विजेता मनु भाकर ने खासकर युवाओं समेत सभी लोगों से घरों से निकलने और मतदान करने की अपील की। उनके पिता राम किशन भाकर ने बताया कि 22 वर्षीय मनु ने पहली बार वोट डाला।

### अमेठी कांड के

क्षेत्र में सरकारी स्कूल के शिक्षक सुनील कुमार (35), उनकी पत्नी पूनम (32) और दंपति की दो बेटियों दृष्टि और सुनी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### अमेठी में चार

और काले रंग की एक एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। इस बीच, अमेठी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने कहा कि आरोपी वर्मा को तिलोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल ले जाया गया। सीएमओ ने कहा, उसके दाहिने पैर में गोली लगी है और वह खतरे से बाहर है। अमेठी के जिला अस्पताल में तैनात चिकित्सक डॉ. शुभम पांडे ने बताया कि वर्मा (27) को पुलिस सुबह करीब 5:30 से 5:45 बजे के बीच लेकर आई थी। उसके दाहिने पैर में जख्म है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनूप कुमार सिंह के अनुसार, यह घटना कथित तौर पर अवैध संबंधों के कारण हुई। एसपी ने बताया कि वर्मा के कथित तौर पर पिछले 18 महीने से शिक्षक की पत्नी के साथ संबंध थे। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपी ने परिवार की हत्या करने के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी, लेकिन गोली नहीं चल सकी। अधिकारी के अनुसार, वर्मा ने जुर्म कबूल कर लिया है। सिंह ने बताया कि वर्मा ने पिस्तौल से 10 गोलियां चलाईं। वर्मा द्वारा सोशल मीडिया पर पांच लोगों की मौत संबंधी पोस्ट डालने के बारे में पूछे जाने पर एसपी ने कहा, उसने एक परिवार के चार लोगों की हत्या करने के बाद खुद को गोली मारने का इरादा किया था। वही पांचवां व्यक्ति था, लेकिन उसका आत्महत्या का प्रयास विफल हो गया।

पुलिस को पता चला है कि पूनम ने 18 अगस्त को रायबरेली में वर्मा के खिलाफ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अधिनियम, 1989 के तहत उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने शिकायत में कहा था, अगर मुझे या मेरे परिवार को कुछ होता है तो वर्मा इसका जिम्मेदार होगा। एसपी ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, चंदन वर्मा रायबरेली जिले का निवासी है। ऐसा प्रतीत होता है कि वह पीड़िता के घर पहुंचा और किसी बात से नाराज हो गया, जिसके बाद उसने परिवार के सदस्यों पर गोली चलानी शुरू कर दी जिससे सभी की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की, जबकि विपक्ष ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। इस बीच, शनिवार को पुलिस हिरासत में अदालत ले जाते समय आरोपी चंदन वर्मा ने पत्रकारों से कहा, ''मेरा पूनम से कोई संबंध नहीं था''। पुलिस जब चंदन वर्मा को जिला अस्पताल से लेकर रायबरेली की अदालत जा रही थी, तो पत्रकारों ने उससे कई सवाल पूछे। पत्रकारों ने जब वर्मा से पूछा कि पूनम से उसका कब से रिश्ता है, तो उसने कहा, ''पूनम से मेरा कोई रिश्ता नहीं था''। यह पूछे जाने पर कि उसे पिस्तौल कहां से मिली, वर्मा ने अपनी ओर से सवाल किया'' कौन सी पिस्तौल?'' जब उससे पूछा गया कि उसने बच्चों को क्यों मारा, तो उसने कहा'' यह गलती से हो गया। पत्रकारों ने जब उससे पूछा कि क्या उसे इस घटना पर अफसोस है, तो उसने हां में सिर हिला दिया। रायबरेली में पूनम के भाई भानू ने कहा कि चंदन ने चार की हत्या कर दी और पांचवां नाम मेरा है। वह धमकी देता था कि पांचों को मार दूंगा।

### कांग्रेस को

और संवारता आया है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई के समय, ब्रिटिश सरकार ने इस पूरे समुदाय को ही अपराधी घोषित कर दिया था। मोदी ने आरोप लगाया, बाद में, कांग्रेस की नीतियों ने इस समाज को मुख्यधारा से काटकर रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों की सरकारों ने किसानों को बदहाल और गरीब बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस सरकारों ने किसानों और सिंचाई योजनाओं के लिए आवंटित धन के इस्तेमाल में भ्रष्टाचार किया। मोदी ने कृषि कर्ज माफी के झूठे आश्वासन संबंधी कांग्रेस के दुष्प्रचार के प्रति लोगों से सावधान रहने को कहा। उन्होंने कहा तेलंगाना में लोग अभी भी ऋण माफी का इंतजार कर रहे हैं। कर्नाटक में (मौजूदा) कांग्रेस सरकार ने (पूर्ववर्ती) भाजपा शासन द्वारा शुरू की गई सिंचाई योजनाओं को बंद कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में, देश को आर्थिक प्रगति की ओर ले जाने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सहायता के अलावा वित्तीय सहायता के रूप में दोहरा लाभ दे रही है। उन्होंने कहा कि जब महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार सत्ता में थी, तो उसने पोहरादेवी तीर्थस्थल उन्नयन के काम को धीमा कर दिया था, जिसे देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री रहने के दौरान शुरू किया गया था। लेकिन अब यह 700 करोड़ रुपये की लागत से पूरा हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया, यहां (महाराष्ट्र में) जब तक महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार थी, उसके दो ही एजेंडे थे, पहला- किसानों से जुड़ी परियोजनाओं को ठप्प करना। दूसरा- इन परियोजनाओं के पैसे में भ्रष्टाचार करनाउहम केंद्र से महाराष्ट्र के किसानों के लिए पैसा भेजते थे, लेकिन एमवीए सरकार उसका बंदरबांट कर लेती थी। उन्होंने पोहरादेवी में बंजारा विरासत संग्रहालय का निर्माण पूरा होने पर प्रसन्नता जताई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह संग्रहालय देश की महान बंजारा संस्कृति, उसकी विरासत और प्राचीन परंपरा से नयी पीढ़ियों को परिचित कराएगा।

### रक्षा उद्योग में

बाद, पत्रकारों से बात करते हुए कामत ने कहा कि भारत ने 2028 तक 50,000 करोड़ रुपये और 2035 तक एक लाख करोड़ रुपये का निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा है।

### वीएसएचओआरएडीएस

हैं। सिंह ने कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकियों से लैस यह नयी मिसाइल हवाई खतरों के खिलाफ सशस्त्र बलों को तकनीकी रूप से और दक्ष बनाएगी। वीएसएचओआरएडीएस व्यक्ति द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने में सक्षम वायु रक्षा प्रणाली है जिसे अनुसंधान केंद्र इमारत (आरसीआई) द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योग भागीदारों के सहयोग से स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि मिसाइल में लघु प्रतिक्रिया नियंत्रण प्रणाली (आरसीएस) और एकीकृत




## संक्षेप

### भारत ने अंडर 18 महिला वर्ग में रजत पदक जीता

नयी दिल्ली। युवा तीरंदाज वैष्णवी पवार के शानदार प्रदर्शन से भारत ने चीनी ताइपे में चल रही 2024 एशियाई युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप में रिकर्व अंडर-18 महिला वर्ग में रजत पदक हासिल किया। वैष्णवी ने प्रत्येक राउंड में तीन सदस्यीय भारतीय टीम के लिए पहला शॉट लिया। उनके अच्छे प्रदर्शन से भारतीय टीम सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया को शूट ऑफ में हराने में सफल रही। भारतीय टीम में प्रांजल थोलिया और जन्नत भी शामिल थीं। चीनी ताइपे के खिलाफ फाइनल में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय वह 2-4 इससे पीछे चल रहा था लेकिन इसके बाद उसने अच्छा खेल दिखाकर मुकाबला को शूट ऑफ तक खींच दिया। चीनी ताइपे की टीम ने शूट ऑफ में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता। वैष्णवी ने मुकाबले के बाद कहा, सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की टीम को हराना बड़ी उपलब्धि है। एशियाई युवा तीरंदाजी चैंपियनशिप में रजत जीतना हमारी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। इससे मुझे भविष्य में और अच्छा प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।

### गोवा ने तमिलनाडु को केरल ने हिमाचल प्रदेश को हराया

पल्लक्कड़ (केरल)। गोवा ने शनिवार को यहां 29वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के शुरूआती दिन 2023 चैम्पियन और पिछले सत्र के सेमीफाइनल में पहुंची तमिलनाडु को I-0 सेहराकर उलटफेर किया। ग्रुप ए के इस मुकाबले में गोवा के लिए सुष्मिता जाधव ने 20वें मिनट में यह गोल दागा। एक अन्य मैच में केरल ने हिमाचल प्रदेश को 5-0 से हराकर अपना अभियान शानदार तरीके से शुरू किया। मेजबान टीम के लिए मनासा के ने 39वें मिनट में, अहाना वेंगट ने 45 वें मिनट में, कप्तान मालविका पी ने 64वें मिनट में, डिफेंडर लक्ष्मीप्रिया ने 69वें और शिलजी शाजी ने 90 वें मिनट में गोल किये।

### शंघाई मास्टर्स : सिनर और अल्काराज पहले दौर में जीते

शंघाई। कार्लोस अल्काराज और शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी यानिक सिनर ने शनिवार को यहां शंघाई मास्टर्स में अपने शुरूआती मैच में आसान जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। दूसरी रैंकिंग पर काबिज अल्काराज ने चाइना ओपन फाइनल में इटली के सिनर को हराकर बुधवार को साल का चौथा खिताब जीता था। दोनों खिलाड़ियों ने अपने शुरूआती मुकाबले में थकान का कोई संकेत नहीं दिया। अल्काराज ने पहले दौर में चीन के 19 वर्षीय शांग जुनचेंग को 6-2, 6-2 से पराजित किया और अब वह तीसरे दौर में चीन के एक और खिलाड़ी वु यिबिंग से भिड़ेंगे। डोपिंग मामले से जूझ रहे सिनर ने जापान के टारो डेनियल पर 6-I, 6-4 की आसान जीत से अपने करियर की 250वीं जीत दर्ज की। पिछले महीने अमेरिकी ओपन जीतकर साल का दूसरा मेजर खिताब जीतने वाले 23 वर्षीय सिनर अब अर्जेंटीना के टोमस मार्टिन एचेवेरी से भिड़ेंगे। चेक गणराज्य के 65वीं रैंकिंग के खिलाड़ी याकुब मेनसिक ने छठी रैंकिंग के आंद्रे रूबलेव पर 6-7 (7), 6-4, 6-3 से उलटफेर भरी जीत दर्ज की।

### गॉफ चीन ओपन के फाइनल में पहुंची

बीजिंग। अमेरिका की कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए शनिवार को पाउला बडोसा को 4-6, 6-4, 6-2 से हराकर चीन ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। यह लगातार तीसरा मैच है जब गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद दमदार वापसी कर मैच को अपने नाम किया। डब्ल्यूटीए-1000 स्तर के इस टूर्नामेंट के फाइनल में छठी रैंकिंग वाली गॉफ के सामने रविवार को फाइनल में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन या चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा की चुनौती होगी। यह 20 साल की खिलाड़ी 19वी रैंकिंग पर काबिज बडोसा के खिलाफ शुरुआती सेट को गंवाने के बाद दूसरे सेट में I-3 से पिछड़ रही थी। उन्होंने हालांकि इसके बाद शानदार वापसी कर मुकाबले को अपने नाम किया।

# विभिन्न मैचों में खिलाड़ियों ने चखा जीत का स्वाद

## योनेक्स सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता यूपी स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2024 का दूसरा दिन







योनेक्स सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता यूपी स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2024 में साट लगाते खिलाड़ी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योनेक्स सनराईज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता यूपी स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2024 के दूसरे दिन शनिवार को प्रतियोगिता के क्वार्टर और सेमी फाइनल में कई खिलाड़ियों ने जीत का स्वाद चखा।

क्वार्टर फाइनल के मैच में पुरुष एकल में नीर नेहवाल, नोएडा ने शिवम कुमार मिश्रा, बस्ती को 21-15, 21-17 से हराया। वहीं, सिद्धार्थ मिश्रा लखनऊ ने आकाश सिंह वाराणसी को 21-09, 21-19 से हराया। महिला एकल में स्नेहा सिंह, लखनऊ में नित्या शुक्ला, झांसी को 21-19, 21-07 से हराया।

पुरुष युगल में अर्चित सिन्हा और शिवम वर्मा की जोड़ी ने नमन गांधी एवं प्रीत सचदेवा को 21-12, 21-10 से मात दी। पुरुष एकल के सेमी फाइनल्स के मैच में सिद्धार्थ मिश्रा, लखनऊ ने आयुष राज गुप्ता को 21-14, 21-09 से हराया।

महिला एकल में यूपी पुलिस की सिमरन ने स्नेहा सिंह, लखनऊ को 21-11, 18-21, 21-15 से हराया। पुरुष युगल पहले सेमी फाइनल मैच में अतुल कुमार एवं प्रदीप कुमार, सहारनपुर की जोड़ी ने अर्चित सिन्हा, उन्नाव एवं शिवम वर्मा, लखीमपुर को 22-20, 16-21, 21-13 से हराया। पुरुष युगल दूसरे सेमी फाइनल मैच में राजन यादव, यूपी पुलिस, आरूष श्रीवास्तव, आजमगढ़ की जोड़ी ने आयुष अग्रवाल, आगरा और तुषार गगनेजा महाराजगंज की जोड़ी को 22-20, 14-21, 21-12 से मात दी।

प्रतियोगिता के फाइनल मैंच कल 06 अक्टूबर 2024 को दोपहर 2 बजे से खेले जायेंगे। पुरस्कार वितरण एवं मेडल समारोह का शाम 4:45 बजे होगा।

# दिव्यांशी को दूसरा स्वर्ण पदक भारत ने किया क्लीन स्वीप



लीमा (पेरू)। भारतीय पिस्टल निशानेबाज दिव्यांशी ने यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में पहला स्थान हासिल करके अपना दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। भारत ने इस स्पर्धा में तीनों पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। भारत के युवा निशानेबाजों ने शुक्रवार को दो स्वर्ण सहित पांच और पदक अपनी झोली में डाले, जिससे उसके कुल पदकों की संख्या 21 हो गई है और वह तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारत ने अभी तक 13 स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य पदक जीते हैं। नॉर्वे 10 पदक (चार स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य) के साथ दूसरे जबकि चीन तीन स्वर्ण और एक रजत पदक लेकर तीसरे स्थान पर है। दिव्यांशी ने 600 में से 564 अंक के साथ इस स्पर्धा में दबदबा बनाया और टीम की अपनी साथी परीशा गुप्ता को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 559 अंक हासिल कर रजत पदक जीता। मानवी जैन ने 557 अंक बनाकर कांस्य पदक जीता जिससे भारत ने इस स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया।

# दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड से वनडे शृंखला जीती

एजेंसी



अबू धाबी। युवा बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स के करियर के पहले शतक और गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आयरलैंड को 174 रन से करारी शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। आयरलैंड ने इससे पहले टी20 श्रृंखला बराबर की थी लेकिन वनडे में उसकी एक नहीं चली।

अपना छठा वनडे मैच खेल रहे 24 वर्षीय स्टब्स ने 81 गेंद पर नाबाद 112 रन बनाए जिसमें आठ चौके और तीन छक्के शामिल हैं। उनकी इस शानदार पारी से दक्षिण अफ्रीका में पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 343 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में आयरलैंड की टीम 30.3 ओवर में 169 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से 11वें नंबर के बल्लेबाज क्रेग यंग ने सर्वाधिक 29 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से मध्यम गति के गेंदबाज लिज़ाद विलियम्स सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 36 रन देखकर तीन विकेट हासिल किये। दक्षिण अफ्रीका के प्रत्येक गेंदबाज ने कम से कम एक विकेट जरूर लिया। दक्षिण अफ्रीका की पारी का आकर्षण स्टब्स का शानदार शतक रहा लेकिन उसके अन्य बल्लेबाजों ने भी उपयोगी योगदान दिया। कप्तान तेम्बा बावुमा ने बाईं कोहनी में चोट लगने के कारण रिटायर्ड हर्ट होने से पहले 35 रन बनाए।

वह इसके बाद मैदान पर नहीं उतरे और उनकी जगह रासी वान डेर डुसेन ने टीम की कमान संभाली। वान डेर डुसेन के 35 और रयान रिकेल्टन के 40 रन की मदद से दक्षिण अफ्रीका अच्छी स्थिति में पहुंच गया। इसके बाद स्टब्स ने जिम्मेदारी संभाली। उन्हें काइल वेरिन (67) और वियान मुल्डर (43) का अच्छा साथ मिला। दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को पहला मैच 139 रन से जीता था। श्रृंखला का तीसरा और अंतिम मैच सोमवार को खेला जाएगा।

# टी-20 विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को छह विकेट से हराया

एजेंसी




शारजाह। गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां मुश्किल हालात से उबरते हुए महिला टी20 विश्व कप अभियान के अपने पहले मैच में श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया। आस्ट्रेलिया ने तेज गेंदबाज मेगान शट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका को सात विकेट पर 93 रन ही बनाने दिये। जीत के लिए इस 94 रन के मामूली लक्ष्य के सामने आस्ट्रेलिया का स्कोर पावरप्ले के अंत में तीन विकेट पर 35 रन हो गया था।

कप्तान एलिसा हीली (04), जॉर्जिया वेयरहम (03) और एलिस पेरी (17) के विकेट जल्दी गिर गए। लेकिन बेथ मूनी (नाबाद 43) और एशले गार्डनर (12) के बीच 43 रन की साझेदारी की बदौलत आस्ट्रेलिया ने 34 गेंद रहते जीत दर्ज की। टीम ने 14.2 ओवर में चार विकेट पर 94 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका को काफी संघर्ष करना पड़ा जिसमें उसके लिए नीलक्षिका सिल्वा नाबाद 29 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। पूरी टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 93 रन ही बना सकी। श्रीलंका की पूरी पारी में सिर्फ चार चौके लगे। मेगान ने 12 रन देकर तीन विकेट झटके और दक्षिण अफ्रीका की शबनम इस्माइल के टी20 विश्व कप के सभी चरणों में 43 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी भी की। श्रीलंकाई टीम सातवें ओवर में तीन विकेट पर 25 रन बनाकर जूझ रही थी और 10 ओवर बाद उसका स्कोर तीन विकेट पर 43 रन था। दिलचस्प बात यह है कि आस्ट्रेलियाई टीम ने 13 अतिरिक्त गेंदें भी फेंकी, जिसमें पांच नो-बॉल शामिल थीं। यह टूर्नामेंट में श्रीलंका की दूसरी हार है। इससे पहले गुरुवार को उसे पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था।

**टीम संयोजन की खामियां दूर करके पाकिस्तान से भिड़ना होगा भारत को**

दुबई। पहले मैच में न्यूजीलैंड से करारी हार से आहत भारत को अगर महिला टी20 विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में टीम संयोजन की अपनी खामियों को दूर करना होगा।

भारतीय टीम को शुक्रवार को अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 58 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे उसकी सेमीफाइनल में जगह बनाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है और इससे उसके लिए आगे के सभी मैच बेहद महत्वपूर्ण बन गए हैं। भारत का नेट रन रेट अच्छा नहीं है और उसके लिए अब पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैचों में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेल के तीनों विभाग में खराब प्रदर्शन किया। उसके पास अब समय नहीं है और उसे जल्द से जल्द अपनी कमजोरियों को दूर करना होगा।

यह काम इतना आसान नहीं है क्योंकि उसका सामना अब पाकिस्तान से है जिसने पहले मैच में श्रीलंका को हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले भारत को टीम संयोजन में सुधार करना होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ अरुंधति रेड्डी के रूप में एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को शामिल करने के लिए भारत को अपने बल्लेबाजी क्रम में बदलाव करना पड़ा।

### निहाल ने अलास्का नाइट्स को ग्लोबल शतरंज लीग में बढ़त दिलाई

लंदन। भारत के प्रतिभाशाली खिलाड़ी निहाल सरीन के शानदार प्रदर्शन की मदद से पीबीजी अलास्का नाइट्स ने दूसरे दिन के खेल के बाद ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में एकल बढ़त हासिल की। दूसरे दिन के खेल में कुछ उलटफेर भी देखने को मिले जिनमें अलीरेजा फिरोजा की विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन पर जीत भी शामिल है। अलास्का नाइट्स ने अपने सभी तीन मैच जीते और नौ मैच प्वाइंट हासिल करके शीर्ष स्थान पर पहुंचा। दूसरी तरफ गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स ने प्रतियोगिता के दूसरे सत्र में अभी तक अपना खाता नहीं खोला है और वह अंतिम स्थान पर है। अलास्का नाइट्स ने शुक्रवार को अपने पहले मुकाबले में अमेरिकन गैम्बिट्स पर 14-2 से और उसके बाद मुंबा मास्टर्स पर 8-5 से जीत हासिल की। मुंबा मास्टर्स के खिलाफ मुकाबला बेहद रोमांचक स्थिति में पहुंच गया था लेकिन सरीन ने रौनक साधवानी को हराकर अलास्का नाइट्स को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। अंक तालिका में उसके बाद मुंबा मास्टर्स, त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स, अल्पाइन एसजी पाइपर्स और अमेरिकन गैम्बिट्स का नंबर आता है। इन सभी के तीन-तीन मैच प्वाइंट हैं। पूर्व विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली गैंजेस ग्रैंडमास्टर्स को अभी तक अपने दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा है।

# मुंबई ने 27 साल बाद जीता 15वां ईरानी कप



एजेंसी

लखनऊ । तनुष कोटियान के नाबाद शतक की बदौलत मुंबई ने शनिवार को यहां पांचवें और अंतिम दिन ड्रॉ रहे मैच में शेष भारत पर पहली पारी की बढ़त के आधार पर अपना

**कोटियान का शतक**

15वां ईरानी कप जीत लिया। मुंबई ने अपना पिछला ईरानी कप 27 साल पहले 1997-98 सत्र के दौरान जीता था और तब से घरेलू क्रिकेट की यह ताकतवर टीम आठ और फाइनल में पहुंची लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। मुंबई का आखिरी फाइनल 2015-16 सत्र में रहा था। मुंबई ने अंतिम दिन छह विकेट पर 153 रन से आगे खेलना शुरू किया और दूसरी पारी आठ विकेट पर 329 रन बनाकर घोषित की। इस तरह मुंबई की कुल बढ़त 450 रन की हो गई। पहली पारी में 64 रन बनाने वाले कोटियान ने 20 रन से आगे खेलना शुरू किया और 150 गेंद में 114 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल है। एक सत्र से भी कम समय में 451 रन के लक्ष्य का पीछा करना नामुमकिन था जिससे शेष भारत के कप्तान ज तुराज गायकवाड़ ने ड्रॉ के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी अजिंक्य रहाणे से हाथ मिलाया। इस तरह गत रणजी ट्रॉफी चैंपियन मुंबई ने मैच जीत लिया। कोटियान ने सरफराज खान (07) और शार्दुल ठाकुर (02) के जल्दी आउट होने के बाद शानदार परिपक्वता दिखाई, उन्हें 10वें नंबर के खिलाड़ी मोहित अवस्थी से अच्छा सहयोग भी मिला। इस समय मुंबई का स्कोर सात विकेट पर 171 रन था। अवस्थी 93 गेंद में चार चौके और एक छक्के से 51 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह कोटियान और अवस्थी ने नौवें विकेट के लिए 158 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। ऑफ स्पिनर सारांश जैन ने 121 रन देकर छह विकेट झटके, हालांकि उनके प्रयास से नतीजे में बस विलंब हुआ। मुंबई के कप्तान रहाणे ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 27 साल के बाद ट्राफी जीतना शानदार अहसास है। यह लाल मिट्टी का विकेट था। तनुष कोटियान ने पिछले सत्र और इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। सरफराज खान को मुंबई की पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कहा, मैं प्रक्रिया का अच्छी तरह अनुकरण करता हूं और इस टूर्नामेंट में अभ्यास के साथ आया था। आप अलग मैदानों में खेलकर अनुभवी होते हो। आपको जानकारी मिलती है कि विभिन्न पिचों पर किस तरह खेला जाये। सरफराज ने कहा, मैंने टेस्ट टीम के साथ रहकर काफी कुछ सीखा और मैं अपने खेल के हर पहलू में सुधार कर सकता हूं। मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अंजिक्य नायक ने जीत के लिए टीम की प्रशंसा करते हुए कहा, मुंबई की टीम को ईरानी कप जीतने के लिए बधाई। एक बार फिर मुंबई ने संयम और दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया।




# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लोगो का अनावरण

एजेंसी



पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को यहां महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी-2024 के लिए लोगो (प्रतीक चिन्ह) और शुभंकर का अनावरण किया जिसका आयोजन 11 से 20 नवंबर तक राजगीर में किया जाएगा। गुड़िया नाम का शुभंकर बिहार के राज्य पक्षी गौरैया से प्रेरित है। हॉकी इंडिया और बिहार सरकार संयुक्त रूप से महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का आयोजन कर रहे हैं जो नये राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल ने हाल ही में इसके लिए हॉकी इंडिया को 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

इस चैंपियनशिप में भारत, चीन, थाईलैंड, मलेशिया, दक्षिण कोरिया और जापान सहित छह देश भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि गुड़िया के हाथ में हॉकी स्टिक हॉकी प्रतियोगिता का प्रतीक है और हाथ में गोलकीपर का दस्ताना तथा रक्षात्मक मुद्रा सतर्कता के रणनीतिक गुणों को दर्शाती है। बयान के अनुसार, पूरी टीम के लिए पास में रखी गई गेंद खेल भावना के साथ मिलकर खेलने की जरूरत को दर्शाती है। यह प्रतियोगिता महिला हॉकी खिलाड़ियों के लिए है इसलिए बिहार सरकार की महिला सशक्तिकरण के प्रति प्राथमिकता और प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए गुड़िया शुभंकर को प्रतीक के रूप में चुना गया है। इसमें कहा गया, इस प्रतियोगिता के लोगो का डिजाइन गौरवशाली बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्रगति का प्रतीक है। लोगो में बोधि वृक्ष और हॉकी स्टिक को रखा गया है।

बोधि वृक्ष ज्ञान, शक्ति, सद्भाव, सहिष्णुता और विकास का प्रतीक है जो लोगों को बिहार के समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक इतिहास से जोड़ता है। हॉकी स्टिक भारत के राष्ट्रीय खेल हॉकी का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा, बहुत खुशी की बात है कि महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 का आयोजन राजगीर में किया जा रहा है। राजगीर में एक भव्य खेल स्टेडियम बनाया गया है। मैं भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं और दूसरे देशों से आने वाली खिलाड़ियों का स्वागत करता हूं। उन्होंने अधिकारियों को बाहर से आने वाले लोगों को हरसंभव सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, सभी मेहमानों की अच्छी मेजबानी की जानी चाहिए ताकि उन्हें बिहार में अच्छा अनुभव हो। इस अवसर पर बिहार के खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, उप कप्तान नवनीत कौर, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरन और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह मौजूद थे।

# अर्बन नक्सल की भाषा बोल रहे राहुल

## केवल सुशासन के लिए पहचानी जाने वाली सरकार ही हरियाणा का विकास कर सकती हैः अमित शाह

एजेंसी

नाहन (हिमाचलप्रदेश)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस सत्ता की भूखी पार्टी है, जिसके कोई संस्कार नहीं है और पार्टी नेता राहुल गांधी अर्बन नक्सल की भाषा बोल रहे हैं।

नड्डा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। नड्डा ने हिमाचल प्रदेश में सिरमौर के जिला मुख्यालय नाहन में भाजपा के नवनिर्मित कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल चुनाव लड़ने और देश पर शासन करने वाली राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि एक वैचारिक प्रतिष्ठान है, जिसके पास देश के लिए एक दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा को इतनी ऊंचाई पर ले जाने के लिए पांच पीढ़ियों ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के



वैचारिक उत्थान की जानकारी लेने के लिए कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और राजदूत दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश की आजादी की लड़ाई के लिए अस्तित्व में आई थी और आजादी के बाद महात्मा गांधी ने कांग्रेस को भंग करने का सुझाव दिया था लेकिन पार्टी के सत्ता के लालची नेताओं ने अपने स्वार्थी उद्देश्यों को पूरा करने के लिए इसे एक राजनीतिक पार्टी के रूप में बरकरार रखा। नड्डा ने कहा, इसलिए आज कांग्रेस के पास देश को आगे ले जाने के लिए कोई विचारधारा नहीं है, यह संस्कृतिविहीन पार्टी है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस सत्ता की भूखी पार्टी है, जिसके पास कोई संस्कार नहीं है और पार्टी नेता राहुल गांधी अर्बन नक्सल और देश को बांटने वालों की भाषा बोल रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। नड्डा ने कहा कि भाई-बहन की जोड़ी (राहुल गांधी और प्रियंका गांधी) देश की विकास दर को ध्यान में रखे बिना मुद्रास्फीति के बारे में झूठा शोर मचाती है। उन्होंने कहा कि भारत की विकास दर 6.8 प्रतिशत है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। नड्डा ने पिछले 10 वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश द्वारा की गई प्रगति का ब्यौरा देते हुए कहा कि भारत इस्पात उत्पादन में दूसरे नंबर पर, ऑटोमोबाइल विनिर्माण में तीसरे नंबर पर और पिछले दशक में भारतीय अर्थव्यवस्था 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झूठे चुनावी वादे कर राज्य के लोगों को धोखा दिया और अपने वादे पूरे नहीं किये।

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि हरियाणा में समृद्धि केवल वही सरकार ला सकती है जिसका सुशासन का इतिहास रहा हो। शाह ने कहा कि हरियाणा के लोगों का वोट राज्य को भ्रष्ट और चालबाज लोगों के शासन से मुक्त रखेगा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं अपने सभी बहनों और भाइयों से आग्रह करता हूं कि वे विकास की गति को बनाए रखने और राज्य को एक जिले से बाहर निकालकर, हरियाणा के गांव-गांव तक पहुंचाने वाली सरकार को चुनने के लिए वोट अवश्य करें। उन्होंने कहा, झूठे वादों वाली नहीं, बल्कि विकास और सुशासन के ट्रैक रिकॉर्ड वाली सरकार ही हरियाणा का कल्याण कर सकती है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार सुबह सात बजे मतदान शुरू हो गया। इस चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुडा, कांग्रेस प्रत्याशी विनेश फोगाट, जननायक जनता पार्टी के दुष्यंत चौटाला और 1027 अन्य उम्मीदवारों की राजनीतिक किस्मत का फैसला होगा।

# मीडिया को राष्ट्रविरोधी बयानों पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मीडिया से राष्ट्र-विरोधी बयानों और गलत सूचनाओं के खिलाफ स्पष्ट रुख अपनाने का आग्रह किया है। उन्होंने इस बात पर दुख जताया कि अल्पकालिक प्रभाव वाली घटनाएं अक्सर सुर्खियां बटोरती हैं। उन्होंने निहित उद्देश्य के लिए दूसरों के व्यवहार या भावनाओं को प्रभावित करने वाली खबरों के कुछ उदाहरणों पर भी दुख व्यक्त किया।



उन्होंने कहा, कल्पना कीजिए कि एक अखबार में उपराष्ट्रपति द्वारा फर्जी तस्वीरें पोस्ट करने की खबर छपी है। जब इस ओर ध्यान आकृष्ट किया जाता है, तो अखबार माफी मांगता है। लेकिन मैं जानता हूं कि मैं अपनी मर्जी नहीं थोप सकता, मैं सरकारी अधिकारों का दुरूपयोग नहीं कर सकता। उपराष्ट्रपति ने कहा, उन्हें महसूस होता है कि देश में हाथ थामने और परामर्श देने की आदत विकसित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हम अपनी मां या संस्थाओं को नुकसान नहीं पहुंचा सकते। हमें उनका पोषण करना होगा। लोकतंत्र का पोषण तब होता है जब मीडिया सहित इसकी सभी संस्थाएं बेहतर प्रदर्शन करती हैं। धनखड़ ने कहा कि मीडिया नीति निर्माताओं और जनता के बीच पुल का काम करता है। उन्होंने कहा कि इसे पक्षपातपूर्ण हितों के साथ काम नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे आम आदमी और राष्ट्र के हितों को नुकसान पहुंचता है।

यहां प्रतिदिन मीडिया नेटवर्क के एक कार्यक्रम में धनखड़ ने सुझाव दिया कि संपादकीय स्थान सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होना चाहिए और आश्चर्य व्यक्त किया कि यह गायब क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा कि संपादकीय का ध्यान लोगों को संवेदनशील बनाने पर होना चाहिए। धनखड़ ने राष्ट्रविरोधी और फर्जी बयानों को बेअसर करने के लिए, मशीन लर्निंग जैसी तकनीक के इस्तेमाल का भी सुझाव दिया। उन्होंने मीडिया से राष्ट्र-विरोधी बयानों, गलत सूचनाओं और भ्रामक जानकारियों के खिलाफ स्पष्ट रुख अपनाने का आग्रह किया।

## संक्षेप

### कोविड का नया स्वरूप एक्सईसी आस्ट्रेलिया में भी पाया गया

गोल्ड कोस्ट (आस्ट्रेलिया)। कोविड-19 के पहली बार सामने आने के बाद से लगभग पांच वर्षों में, यदि आप उसके नये स्वरूपों की संख्या का हिसाब नहीं रख पाए हैं, तो चिंता करने की कोई बात नहीं है। इनमें से कुछ स्वरूपों का दूसरों की तुलना में अधिक प्रभाव पड़ा है, लेकिन विषाणुविज्ञानियों ने हजारों का दस्तावेजीकरण किया है। चर्चा में रहे नवीनतम स्परूप को एक्सईसी के नाम से जाना जा रहा है। यह ओमिक्रॉन का उप-स्वरूप मुख्य रूप से उत्तरी गोलार्ध में पाया गया है, लेकिन अब इसे ऑस्ट्रेलिया में भी पाया गया है। तो एक्सईसी के बारे में आप क्या जानते हैं? क्या कोविड अब भी खतरा पैदा कर सकता है? लोग अब कोविड की कम जांच करा रहे हैं। विषाणु का पता लगाने का उत्साह कम होता जा रहा है। फिर भी, ऑस्ट्रेलिया अब भी कोविड से संबद्ध डेटा एकत्र कर रहा है। हालांकि, मामलों की संख्या, दर्ज की गई संख्या लगभग 275,000) से कहीं अधिक होने की संभावना है, लेकिन अब भी हम इस बारे में कुछ अनुमान लगा सकते हैं कि कब हमें कोविड महामारी की बड़ी लहर देखने को मिल सकती है। ऑस्ट्रेलिया में, पिछली बार, जून 2024 में कोविड का चरम देखने को मिला था। तब से मामलों में गिरावट आ रही है।

# विरुपति के लड्डूओं की गुणवत्ता में हुआ सुधार : मुख्यमंत्री नायडू

एजेंसी

तिरुपति (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि तिरुमला की पहाड़ियों पर स्थित भगवान वेंकटेश्वर मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं ने लड्डू प्रसादम की गुणवत्ता पर संतोष जताया है। तिरुमला की पहाड़ियों पर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) द्वारा स्थापित वकुलामठ केंद्रीकृत रसोईघर का उद्घाटन करने के बाद नायडू ने मीडिया कर्मियों से कहा कि लड्डू प्रसादम बनाने के लिए प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित करने के अलावा, अगर जरूरत पड़ी तो टीटीडी तिरुमला में पूरी प्रक्रिया पर सुझाव लेने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) तिरुपति से भी परामर्श ले सकता है। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब हाल ही में उन्होंने और टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी ने पिछली युवजन श्रमिक रायथू (वाईएसआर) कांग्रेस सरकार के दौरान लड्डू प्रसादम बनाने में मिलावटी घी का इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाया था। हालांकि, पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने इस आरोप को खारिज कर दिया था।

# आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाना जरूरी : राहुल

एजेंसी

कोल्हापुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि संविधान की रक्षा के लिए आरक्षण पर मौजूदा 50 प्रतिशत की सीमा को हटाना जरूरी है। राहुल ने यहां संविधान सम्मान सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस और इंडिया

❍ जातिगत जनगणना का कानून पास हो

गठबंधन यह सुनिश्चित करेंगे कि आरक्षण की इस 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने के लिए कानून पारित हो। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि लोकसभा और राज्यसभा में जातिगत जनगणना पर कानून पारित हो और कोई भी ताकत



इसे रोक नहीं सकेगी। संविधान की रक्षा के लिए 50 प्रतिशत की सीमा हटाना आवश्यक है।

राहुल गांधी ने कहा कि जब उनकी पार्टी जातिगत जनगणना की बात करती है, तो वह इसमें दो और पहलू जोड़ना चाहती है- पहला, प्रत्येक समुदाय की आबादी की पहचान करना और दूसरा, भारत की वित्तीय प्रणाली पर उनका कितना नियंत्रण है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना से विभिन्न समुदायों की जनसंख्या पर आंकड़े जुटाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी के लिए अवसरों के दरवाजे बंद किए जा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि भारत का बजट 90 शीर्ष आईएएस अधिकारी तय करते हैं, और देश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय कुल जनसंख्या का कम से कम 50 प्रतिशत है, लेकिन इन 90 अधिकारियों में से केवल तीन ओबीसी हैं। राहुल गांधी ने कहा कि देश में दलितों और आदिवासियों की संख्या क्रमशः 15 प्रतिशत और आठ प्रतिशत है।

# ईरान पर हमला करने की इजराइल के पास वाजिब वजह

मेलबर्न। इजराइली हवाई हमलों में हमास और हिजबुल्ला नेताओं के मारे जाने के जवाब में ईरान ने जब इस सप्ताह इजराइल पर 180 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइल दागीं तो कुछ लोग तेहरान की इस जोरदार प्रतिक्रिया को देखकर दंग रह गये। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने तुरंत एक निश्चित समय पर कठोर जवाबी कार्वाई की घोषणा की। उन्होंने कहा कि देर रात जब उनके सुरक्षा मंत्रिमंडल ने एक बैठक की तो उसमें तय हुआ कि जो कोई भी हम पर हमला करेगा, हम उस पर हमला करेंगे। बाइडन प्रशासन ने ईरान की आक्रामकता की कड़ी निंदा करते हुए इजराइल की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। व्हाइट हाउस ने कहा कि ईरान को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे हालांकि राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान के परमाणु केंद्रों पर हमले नहीं करने का आग्रह किया।

❍ युद्ध की कगार पर पश्चिमी एशिया

इसलिए यह देखना जरूरी हो जाता है कि इजराइल की जवाबी कार्वाई कैसी हो सकती है और क्या ईरान व इजरायल के बीच युद्ध की शुरुआत हो सकती है या फिर अमेरिका अपने वादे के अनुरूप इजराइल के लिए युद्ध में शामिल हो सकता है?

# इजराइल ने लेबनान पर हमले किये तेज

एजेंसी

तेल अवीव। इजराइल ने शनिवार को लेबनान पर हमलों में तेजी लाते हुए बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर 12 हवाई हमले किए। उसने पहली बार उत्तरी लेबनान में एक फलस्तीनी शरणार्थी शिविर को भी निशाना बनाया।

फलस्तीनी चरमपंथी समूह ने एक बयान में कहा कि उत्तरी शहर त्रिपोली के पास बेदावी शरणार्थी शिविर पर हुए हमले में हमास के सैन्य प्रकोष्ठ के एक अधिकारी, उनकी पत्नी और दो बेटियों की मौत हो गई। पिछले साल अक्टूबर में इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से इजराइल ने लेबनान में हमास के कई अधिकारियों की जान ले ली है।



इसके अलावा उसने हिजबुल्ला के शीर्ष नेतृत्व का लगभग सफाया कर दिया है। लेबनान की आधिकारिक समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी के अनुसार, इजराइली हवाई हमलों में कम से कम छह लोग मारे गए हैं। इस बीच इजराइली सेना ने कहा कि विशेष बल दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाते हुए लक्षित ज़मीनी हमले कर रहे हैं।

उसने कहा कि विशेष बल मिसाइलों, लॉन्चपैड, वॉचटावर और हथियार भंडारण केंद्रों को नष्ट कर रहे हैं। इजराइली सेना के अनुसार उसके सैनिकों ने एक सुरंग को भी नष्ट कर दिया है जिसका इस्तेमाल हिजबुल्ला इजराइल की सीमा तक पहुंचने के लिए करता था। इजराइल के हमले मे हिजबुल्ला के लड़ाकों और नागरिकों सहित लगभग।,400 लेबनानी नागरिक मारे गए हैं और लगभग 12 लाख लोगों को अपने घरों को छोड़ कर दूर जाना पड़ा है।

# पाक में आतंकी हमले में छह सैनिकों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में सेना के एक उच्च अधिकारी सहित छह सैनिक मारे गए। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना की मीडिया इकाई इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि मुठभेड़ अफगानिस्तान सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान जिले के स्पीनवाम इलाके में चार-पांच अक्टूबर की दरमियानी रात को हुई, जिसमें छह खवारिज भी मारे गए हैं। बयान के मुताबिक, दोनों ओर से हुई भीषण गोलीबारी में अभियान का नेतृत्व कर रहे लेफ्टिनेंट कर्नल 43 वर्षीय मुहम्मद अली शौकत और पांच अन्य सैनिक मारे गए।

# अमेरिका ने यमन के हूती विद्रोहियों पर किये हवाई हमले

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी की सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर शुक्रवार को हमला कर उनकी हथियार प्रणालियों, अड्डों और अन्य उपकरणों को निशाना बनाया। अमेरिकी अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि की। यमन के हूती विद्रोहियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है। अधिकारियों के अनुसार, हूती विद्रोहियों के पांच स्थानों पर स्थित विभिन्न ठिकानों पर सैन्य विमानों और युद्धपोतों के जरिए बमबारी की गई। इससे पहले की खबरों में कहा गया था कि हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हवाई हमलों में ब्रिटेन भी शामिल था। लेकिन बाद में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इन हमलों में ब्रिटेन शामिल नहीं था। हूती मीडिया में जारी खबरों में बताया गया कि प्रमुख बंदरगाह शहर होदेदा के हवाई अड्डे तथा हूती नियंत्रण वाले सैन्य अड्डे कथीब पर सात हमले किए गए। इसमें बताया गया कि यमन की राजधानी सना के सेयाना क्षेत्र में चार तथा धमार प्रांत में दो हमले किए



गए। हूती मीडिया कार्यालय ने बताया कि सना के दक्षिण-पूर्व में बायदा प्रांत में भी तीन हवाई हमले किए गए। अमेरिकी की सेना ने ऐसे समय में ये हमले किए हैं जब कुछ ही दिन पहले हूती विद्रोहियों ने यमन में एक अमेरिकी सैन्य ड्रोन को मार गिराने के बाद इजराइल में सैन्य अभियान तेज करने की धमकी दी थी।

## इंटरटेनमेंट...

# 'तनु वेड्स मनु-3' में ट्रिपल रोल कर सकती हैं कंगना

**मुंबई।** कंगना रनोट और आर माधवन की फिल्म 'तनु वेड्स मनु' और 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' को लोगों ने खूब पसंद किया था। फैंस को इस फिल्म के तीसरे पार्ट का काफी बेसब्री से इंतजार है। अब खबर है कि डायरेक्टर आनंद एल राय ने राइटर हिमांशु शर्मा के साथ मिलकर फिल्म की स्क्रिप्ट को पूरा कर लिया है।



खास बात यह है कि फिल्म में इस बार कंगना रनोट ट्रिपल रोल में नजर आ सकती हैं। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, 'फिल्म के पहले और दूसरे पार्ट के एंड से 'तनु वेड्स मनु 3' की शुरूआत होगी। लोगों को इस बार फिल्म में रोमांस और ड्रामा के साथ-साथ ह्यूमर भी भरपूर देखने को मिलेगा। इसके अलावा मेकर्स ने जो कहानी लिखी है उसमें पहले और दूसरे पार्ट का सही मतलब समझाया जाएगा। खबरों की मानें तो इस फिल्म में कंगना रनोट ट्रिपल रोल में नजर आ सकती हैं। एक बार फिर आर माधवन संग इनकी जोड़ी बनती दिखेगी। अगर ऐसा हुआ तो ये कंगना के करियर की ऐसी पहली फिल्म होगी जिसमें वो ट्रिपल रोल में दिखेंगी। जबकि 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' में कंगना डबल रोल में नजर आई थीं। कहा जा रहा है कि 'तनु वेड्स मनु 3' की शूटिंग 2025 के मिड से शुरू हो सकती है। जबकि इसे 2026 में रिलीज करने की प्लानिंग है।

साल 2022 में एक इंटरव्यू के दौरान आर माधवन ने 'तनु वेड्स मनु' की अगली फिल्म का हिस्सा बनने से इनकार किया था। एक्टर का कहना था कि इस फिल्म को लेकर उन्हें जो करना था वह कर चुके हैं और अब फिर से मनु बनना नहीं चाहते। बता दें, आनंद एल राय के निर्देशन में बनी फिल्म 'तनु वेड्स मनु' साल 2011 में रिलीज हुई थी। चार साल बाद यानी 2015 में फिल्म का दूसरा पार्ट आया था, जिसका नाम 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' था। ये दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।

# 'बिग बॉस 18' का हाउस अजंता-एलोरा से प्रेरित

**मुंबई।** टेलीविजन का सबसे बड़ा रियलिटी शो 'बिग बॉस' अपने 18वें सीजन के साथ लौट रहा है। इस बार भी बॉलीवुड एक्टर सलमान खान शो को होस्ट करेंगे। पिछली बार की तरह, इसकी शूटिंग मुंबई के फिल्म सिटी में होगी। इसे आर्ट और बॉलीवुड डायरेक्टर ओमंग कुमार और उनकी पत्नी वनिता ओमंग कुमार ने तैयार किया है। शो के सेट को 'टाइम का तांडव' की थीम के अनुसार डिजाइन किया गया है। 'टाइम का तांडव' की थीमः अतीत, वर्तमान और भविष्य इस साल की थीम अतीत, वर्तमान और भविष्य के इर्द-गिर्द घूमेगी। हमने एक खास गुफा थीम चुनी है। जब हमने इस पर सोचा, तो हमें लगा कि हम कितने साल पीछे जा सकते हैं। क्या हम हजारों साल पीछे जा सकते हैं? पुरानी दीवारों पर जो चित्रकारी होती थी, वही



हमें प्रेरित करती है। इस गुफा थीम के जरिए हम चाहते थे कि कंटेस्टेंट एक अद्भुत जर्नी पर निकलें, जहां इतिहास की गूंज सुनाई दे। गुफा की कला और संस्कृति का मेल हमने अजंता और एलोरा की कला को ध्यान में रखते हुए एक ऐसा घर बनाने का सोचा है, जो गुफा की तरह दिखे।

# डीजे एलन वॉकर के कांसर्ट में पहुंचीं आलिया भट्ट

**मुंबई।** एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'जिगरा' के प्रमोशन में बिजी हैं। इसी बीच शुक्रवार को एक्ट्रेस बेंगलुरु में हुए इंटरनेशनल सेलेब्रिटी डीजे एलन वॉकर के कॉन्सर्ट पर पहुंचीं।

कॉन्सर्ट में आलिया की एंट्री वहां मौजूद सभी फैंस के लिए एक सरप्राइज की तरह थी। इस मौके पर आलिया ने एलन के साथ स्टेज पर परफॉर्म भी किया। स्टेज पर डीजे एलन वॉकर के साथ फैंस को फ्लाइंग किस देतीं आलिया। इस दौरान आलिया ने स्टेज पर अपनी अपकमिंग फिल्म का गाना 'चल कुड़िये' भी गाया। फिल्म 'जिगरा' के प्रमोशन में



जुटी हैं आलिया आलिया और एलन के कई वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इवेंट में आलिया ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'जिगरा' का प्रमोशन भी किया। आलिया ने अपने इंस्टा अकाउंट पर एलन के साथ यह फोटो शेयर किया।

# ज्वेलरी ब्रांड के नवरात्रि सेलिब्रेशन में एक्ट्रेसेस का जलवा

**मुंबई।** देशभर में नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। एक ज्वेलरी ब्रांड के नवरात्रि सेलिब्रेशन में हिस्सा लेने के लिए कई एक्ट्रेसेस निकल चुकी हैं। कटरीना कैफ, शिल्पा शेट्टी, कृति सेनन और श्रद्धा कपूर सहित कई एक्ट्रेसेस को कलीना एयरपोर्ट पर देखा गया। मुंबई में एक गरबा इवेंट में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' की टीम भी पहुंची। जहां गरबा क्वीन फाल्गुनी पाठक भी मौजूद थीं। इस दौरान विक्रांत मैसी और राशि खन्ना अपनी अपकमिंग फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' का प्रमोशन करते नजर आए। 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा ने लीड रोल में हैं, जो रंजन चंदेल द्वारा डायरेक्टेड और शोभा







कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन द्वारा प्रोड्यूस है। फिल्म 15 नवंबर 2024 को रिलीज होने जा रही है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com